जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें


# जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

www.jagruktimes.co.in


▶ वर्ष 21 ▶ अंक-276 ▶ मुंबई, रविवार, 4 मई 2025 ▶ मुंबई ▶ पृष्ठ 12 ▶ मूल्य ₹4




केकेआर पर भी बाहर होने का खतरा
पेज 11










# आतंकियों पर करेंगे निर्णायक कार्रवाई

## अंगोला के राष्ट्रपति से मिलने के बाद बोले पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम आतंकवादी हमले के दोषियों और उनके समर्थकों को कड़ा सबक सिखाने के लिए शनिवार को एक बार फिर दृढ़ और निर्णायक कार्रवाई का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री ने भारत की यात्रा पर आये अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ लौरेंको के साथ यहां वार्ता के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, "हम आतंकवादियों और उनका समर्थन करने वालों के खिलाफ दृढ़ तथा निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।" उन्होंने सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में समर्थन के लिए अंगोला के राष्ट्रपति को धन्यवाद दिया। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार ने पहलगाम आतंकवादी हमले के अपराधियों और समर्थकों को सजा दिलाने का दृढ संकल्प व्यक्त किया है। भारत अंगोला के सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण के लिए 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रक्षा ऋण देगा। साथ ही स्वास्थ्य सेवा, हीरा प्रसंस्करण, उर्वरक और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्रों में आपसी सहयोग को मजबूत करने का निर्णय लिया है।

### आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा

पीएम मोदी ने कहा कि हम एकमत हैं कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। पहलगाम में आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के प्रति राष्ट्रपति लौरेंको और अंगोला की संवेदनाओं के लिए मैंने उनका आभार व्यक्त किया है।

### 15 को ही पहलगाम पहुंच गए थे आतंकवादी

एनआईए के जांच में खुलासा हुआ है कि हाशिम मूसा, तल्हा भाई पाकिस्तानी आतंकी, 15 अप्रैल को ही पहलगाम पहुंच गए थे। इस हमले को अंजाम देने में 15 ओजीडब्लयु (ओवर ग्राऊंड वर्कर) ने मदद की थी। साथ ही जांच में ये भी सामने आया है कि आतंकवादियों के टारगेट पर पहलगाम के अलावा तीन और स्थान भी थे।

### 100 जगह रेड, 3000 से पूछताछ

एनआईए के महानिदेशक सदानंद दाते श्रीनगर से दिल्ली लौट सकते हैं और पहलगाम आतंकी हमले पर प्रारंभिक रिपोर्ट गृह मंत्रालय को सौंपेंगे। इस हमले को लेकर केंद्र सरकार बेहद गंभीर है और जांच एजेंसियों को सभी पहलुओं की गहन पड़ताल के निर्देश दिए गए हैं। एनआईए और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अब तक 90 ओजीडब्ल्यू के खिलाफ यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया है।

### मोदी से मिले सीएम उमर अब्दुल्ला

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान, पिछले हफ्ते पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के आवास पर दोनों नेताओं के बीच यह बैठक करीब आधे घंटे चली।

गोवा में 'श्री लैराई जात्रा' के दौरान भगदड़

# 7 की मौत 30 लोग घायल



**पणजी।** गोवा के शिरगांव में आयोजित श्री लैराई 'जात्रा' के दौरान शुक्रवार (02 मई, 2025) की रात को एक दर्दनाक हादसा हुआ। यहां लैराई मंदिर में भगदड़ मचने से 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा तब हुआ जब भारी भीड़ के बीच अचानक अफरातफरी फैल गई, जिससे लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। चश्मदीदों ने बताया कि भगदड़ के दौरान हालात बेहद डरावने हो गए थे और लोग एक-दूसरे पर गिरते-पड़ते बाहर निकलने की कोशिश कर रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और आपातकालीन सेवाएं मौके पर पहुंचीं और तुरंत राहत व बचाव कार्य शुरू किया गया।



गोवा के शिरगांव में हुई भगदड़ की दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बारे में जानकर दुख हुआ, जिसमें कई लोगों की जान चली गई। मैं परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती हूं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।
**- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू**

गोवा के शिरगांव में भगदड़ के कारण हुई मौतों से दुखी हूं। अपने प्रियजन को खोने वालों के प्रति संवेदना। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की सहायता कर रहा है। **- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी**

### भगदड़ के पीछे की वजह

- अधिकारियों ने अभी तक भगदड़ के पीछे की वजह की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है, लेकिन शुरुआती रिपोर्टों के मुताबिक, भीड़ ज्यादा होने और उचित व्यवस्था नहीं होने की वजह से यह हादसा हुआ।

### मंदिर में तैनात थे 1000 पुलिसकर्मी

- यात्रा के लिए करीब 1000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद था। भीड़ की गतिविधियों पर हवाई निगरानी के लिए ड्रोन भी लगाए गए थे। इससे पहले शुक्रवार को मुख्यमंत्री सावंत, उनकी पत्नी सुलक्षणा, राज्यसभा सांसद सदानंद शेट तनावड़े और विधायक प्रेमेंद्र शेट और कार्लोस फरेरा ने यात्रा का दौरा किया था।

मथुरा में भीषण हादसा

# टेंपो से टकराई थार, चार की मौत

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा से दर्दनाक हादसे की खबर सामने आ रही है। शनिवार को मथुरा जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा थाना जैत क्षेत्र के रामताल नगला रोड पर कृष्णा कुटीर के समीप हुआ, जहां एक तेज रफ्तार थार कार ने सवारी टेंपो को टक्कर मार दी। इसके बाद सड़क पर घायल पड़े लोगों को पीछे से आ रहे डंपर ने कुचल दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची। ट्रक को कब्जे में लेकर पुलिस ने घायलों को अस्पताल रेफर किया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, थार की टक्कर इतनी भीषण थी कि टेंपो के परखच्चे उड़ गए और सवारियां इधर-उधर सड़क पर जा गिरीं।



### जीप, बस, बाइक की टक्कर में 6 की मौत, 8 घायल

**साबरकांठा।** जिले से एक भीषण सड़क हादसे की खबर सामने आई है। यहां जीप, बस, बाइक की टक्कर में 6 लोगों की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार साबरकांठा में एक जीप, राज्य परिवहन की बस और एक दोपहिया वाहन की भिड़ंत हो गई। इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई जबकि 8 लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

# पाक की भारत को गीदड़ भभकी

## सिंधु नदी पर डैम बनाया तो कर देंगे नष्ट

**इस्लामाबाद।** भारत सरकार की ओर से सिंधु नदी का एक भी बूंद पाकिस्तान भेजने के लिए मना किया गया है, जिससे पड़ोसी देश बौखला गया है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने गीदड़ भभकी देते हुए कहा है कि यदि भारत सिंधु नदी का पानी रोकने के लिए डैम बनाता है तो उस पर पाकिस्तान हमला करके नष्ट कर देगा। एक इंटरव्यू में पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने कहा पाकिस्तान को दिए जाने वाले सिंधु के पानी को रोकना आक्रामकता माना जाएगा। जब मंत्री से पूछा गया कि अगर भारत सिंधु बेसिन पर डैम बनाने की तैयारी करता है तो पाकिस्तान का रिएक्शन क्या होगा, इस पर पाकिस्तानी मंत्री ने कहा कि यह पाकिस्तान के खिलाफ आक्रामकता होगी। हमला सिर्फ तोपों और गोलियों से ही नहीं होता, पानी को रोकना या मोड़ना भी पाकिस्तान पर हमला ही है।



# नाकाम हो गए दहशत फैलाने वाले : फारूक अब्दुल्ला



**कश्मीर।** नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला शनिवार को पहलगाम पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि आतंकी घटना के बाद पर्यटकों का यहां आना दिल खुश कर देने वाली बात है, जो लोग इनके अंदर दहशत फैलाना चाहते थे वो नाकाम हो गए। यह सबसे बड़ा संदेश यह है कि पर्यटक डरे हुए नहीं हैं। जो लोग डर फैलाना चाहते थे वो हार गए हैं। आतंकवादी हार गए हैं।

- **पर्यटकों की बढ़ती संख्या इस बात का सबूत**

# मेजर ने किया इमरान खान का रेप!

**इस्लामाबाद।** सोशल मीडिया में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को लेकर एक खबर वायरल हो रही है। इसमें दावा किया जा रहा है कि जेल में उनका यौन शोषण किया गया। कुछ सोशल मीडिया हैंडल्स के द्वारा पाकिस्तानी न्यूज वेबसाइट डॉन की एक खबर को साझा किया जा रहा है। कुछ हैंडल्स ने मेडिकल रिपोर्ट भी शेयर किया है। एक एक्स हैंडल ने लिखा है, "इमरान खान के साथ पाकिस्तानी सेना के मेजर ने बलात्कार किया है। पाकिस्तान के कैदियों में पुरुषों के खिलाफ यौन हिंसा काफी आम है। वे ऐसा व्यक्ति के गौरव और गरिमा को छीनने के लिए करते हैं।" वैसे इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। हम भी इन दावों की पुष्टि नहीं करता है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मार्च महीने में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के स्वास्थ्य के बारे में रिपोर्ट आने के बाद पाकिस्तानी डॉक्टरों की एक टीम ने उनका मेडिकल चेक-अप करने के लिए अदियाला जेल का दौरा किया था। डॉन ने बताया था कि चेकअप 30 मिनट तक चला।



### सोशल साइट्स पर मेडिकल रिपोर्ट वायरल






## न्यूज BRIEF

### स्वॉर्ड, लॉन्चर व नाइट विजन खरीदेगा भारत

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के साथ युद्ध जैसे हालात बनने के बाद भारतीय सेना ने 85वी स्वॉर्ड मिसाइल खरीदने का फैसला किया है। इसके साथ 48 लॉन्चर और नाइट विजन साइट भी खरीदे जाएंगे। वी स्वॉर्ड मिसाइल बिना किसी धमाके के अपने लक्ष्य को भेदने में सक्षम रहती है। आम लोगों के बीच छिपे आतंकियों को मारने के लिए इसका उपयोग किया जाता है।

### संजौली मस्जिद अवैध

**शिमला।** राजधानी शिमला के संजौली में बनी मस्जिद पूरी तरह अवैध है और मस्जिद की सभी चार इमारतें तोड़ी जाएंगी। शिमला नगर निगम की कमिश्नर कोर्ट ने अंतिम फैसला सुनाते हुए पूरी मस्जिद को अवैध माना और सभी मंजिलों को तोड़ने का निर्देश दिया है। संजौली की मस्जिद को कोर्ट ने 'गैरकानूनी ढांचा' बताया। 15 साल से चले आ रहे विवाद पर कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि वक्फ बोर्ड का ज़मीन पर कोई हक नहीं है।

### रायपुर में कार ने तीन युवतियों को रौंदा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में तेज रफ्तार कार ने शुक्रवार को मॉर्निंग वॉक करने निकली तीन युवतियों को रौंद डाला। जिसमे एक युवती की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक तेज़ रफ़्तार कार की टक्कर से प्रिया साहू का सिर फट गया। घटना में रिया बंजारे और ललिता साहू भी घायल हुई हैं। तीनों को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते मे ही प्रिया साहू की मौत हो गई।

# हिंदू एक्टिविस्ट के आठ हत्यारोपी गिरफ्तार



**बेंगलुरु।** पुलिस ने हिंदू कार्यकर्ता सुहास शेट्टी की हत्या के मामले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सभी आरोपी 'सफवान' गैंग से जुड़े हैं। मोहम्मद फाजिल की 2022 की हत्या के मुख्य आरोपी सुहास की एक मई की रात को बाजपे के किन्निकंबला में अज्ञात हमलावरों के एक समूह ने हत्या कर दी थी। इस मामले में मुख्य आरोपी अब्दुल सफवान, फाजिल के भाई आदिल, नियाज़, मुजम्मिल, कलंदर शाफी, रिज़वान, रणजीत और नागराज को गिरफ्तार किया गया है। सुहास और उसके दोस्तों ने साल भर पहले साफवान पर भी जानलेवा हमला किया था।

- **'सफवान' गैंग से जुड़े हैं सभी आरोपी**

### क्या थी हत्या की वजह?

सूत्रों ने बताया कि फाजिल के भाई आदिल ने हमलावरों को शेट्टी की हत्या के लिए कथित तौर पर पैसे दिए थे। 2022 का मोहम्मद फाजिल हत्याकांड, हिंदू कार्यकर्ता प्रवीण नेट्टारू हत्या का बदला लेने के लिए किया गया हत्याकांड था, इसमें सुहास मुख्य आरोपी था।

# अति-आधुनिक साइबर शील्ड होंगी सरकारी वेबसाइट्स

**जयपुर।** प्रदेश की सरकारी वेबसाइट्स पर बढ़ते साइबर हमलों को रोकने के लिए आज आईटी मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने भारत के सर्वश्रेष्ठ साइबर वारियर्स और डिपार्टमेंट ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के अधिकारियों के साथ अहम बैठक की। बैठक में मंत्री राठौड़ ने कहा कि सरकारी वेबसाइट्स को हैकिंग से बचाने के लिए एक फुल प्रूफ प्लान तैयार किया जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि डीओआईटी अब स्किल अपग्रेडेशन पर फोकस करेगा और कर्मचारियों को हाई-लेवल टेक्नोलॉजी ट्रेनिंग प्रदान करेगा। राज्य में अत्याधुनिक साइबर शील्ड बनाने की योजना पर काम शुरू हो गया है, जो सरकारी वेबसाइट्स की सुरक्षा के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन की जाएगी। यह शील्ड न केवल वर्तमान तकनीकी खतरों को निष्प्रभावी करेगी बल्कि भविष्य के साइबर खतरों के लिए भी तैयार रहेगी।



# आरबीआई की डिप्टी गवर्नर बनीं डॉ. पूनम

**मुंबई।** डॉ. पूनम गुप्ता ने आरबीआई के डिप्टी गवर्नर का पदभार संभाल लिया है। उन्हें 02 अप्रैल, 2025 को उन्हें पदभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, के लिए डिप्टी गवर्नर के पद पर नियुक्त किया है। डिप्टी गवर्नर के रूप में, डॉ. गुप्ता मौद्रिक नीति विभाग, वित्तीय बाजार परिचालन विभाग, आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग, वित्तीय स्थिरता विभाग, अंतर्राष्ट्रीय विभाग, सांख्यिकी और सूचना प्रबंधन विभाग, कॉर्पोरेट रणनीति और बजट विभाग और संचार विभाग का कार्यभार संभालेंगी।



# पहलगाम हमले के बाद नहीं टूटा हौसला

**जम्मू।** मां वैष्णो देवी की यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं का जोश पूरी तरह से हाई है और श्रद्धालु बेखौफ होकर अपनी मां वैष्णो देवी की यात्रा कर रहे हैं। पहलगाम में निर्दोष लोगों पर हुए आतंकी हमले के बावजूद भी मां वैष्णो देवी की यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं के हौसले पूरी तरह से बने हुए हैं। शनिवार को भी दिनभर श्रद्धालु अपना पंजीकरण करवा कर परिवार के साथ लगातार भवन की ओर रवाना होते रहे।

**वैष्णो देवी की यात्रा को लेकर भक्तों में जोश**

### सीसीटीवी कैमरों से हो रही निगरानी

- सीसीटीवी कैमरों से भी मां वैष्णो देवी की यात्रा पर लगातार निगाह रखी जा रही है। मां वैष्णो देवी की यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को सभी तरह की सुविधाएं लगातार उपलब्ध हो रही है इनमें हेलीकॉप्टर सेवा, बैटरी कार सेवा, रोपवे केबल कार सेवा के साथ ही घोड़ा, पिट्ठू तथा पालकी आदि की सेवाएं प्रमुख हैं। जिसका लाभ श्रद्धालु मां वैष्णो देवी की यात्रा के दौरान उठा रहे हैं।



केंद्र सरकार का बड़ा फैसला

# पाकिस्तानी झंडे लगे जहाजों की भारतीय बंदगाहों पर 'नो एंट्री'



### प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात या पारगमन प्रतिबंधित

- वाणिज्य मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, "पाकिस्तान में उत्पन्न या वहां से निर्यातित सभी वस्तुओं का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात या पारगमन, चाहे वे स्वतंत्र रूप से आयात योग्य हों या अन्यथा अनुमत हों, तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक प्रतिबंधित रहेगा।"

**नई दिल्ली।** पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय ने पाकिस्तानी झंडे वाले जहाजों के भारतीय बंदरगाहों में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके साथ ही भारतीय झंडे वाले जहाजों के पाकिस्तान के बंदरगाहों पर जाने पर रोक लगा दी है। ये प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से मर्चेंट शिपिंग अधिनियम, 1958 की धारा 411 के तहत भारतीय परिसंपत्तियों, कार्गो और बंदरगाह अवसंरचना की सुरक्षा के लिए लगाए गए हैं। मंत्रालय की तरफ से जारी आदेश में कहा गया, "अधिनियम का उद्देश्य राष्ट्रीय हितों की पूर्ति के लिए सर्वोत्तम तरीके से भारतीय व्यापारिक नौवहन के विकास को बढ़ावा देना और उसका कुशल रखरखाव सुनिश्चित करना है।" सुरक्षा को मजबूत करने और भारत के समुद्री हितों के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के प्रयासों के तहत यह आदेश अगली सूचना तक लागू रहेगा।

गैंगरेप मामले में सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

# एक ने रेप किया, फिर भी सभी को मिलेगी सजा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गैंगरेप के एक मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए कहा है कि यदि साझा इरादा (कॉमन इंटेंशन) सिद्ध हो जाता है, तो केवल एक व्यक्ति द्वारा बलात्कार का कृत्य करने पर भी सभी शामिल व्यक्तियों को गैंगरेप के लिए दोषी ठहराया जा सकता है। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने यह फैसला 1 मई को सुनाया। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, पीठ ने कहा, "यह स्पष्ट है कि आईपीसी की धारा 376(2)(g) के अंतर्गत सामूहिक बलात्कार के मामले में यदि सभी ने साझा मंशा के तहत कृत्य किया हो, तो एक आरोपी द्वारा किया गया कृत्य ही सभी को दंडित करने के लिए पर्याप्त है।" कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इस धारा के तहत, यदि एक से अधिक व्यक्तियों ने साझा इरादे के साथ अपराध में भाग लिया, तो यह साबित करने की आवश्यकता नहीं है कि प्रत्येक व्यक्ति ने बलात्कार का कृत्य किया। केवल एक व्यक्ति द्वारा किया गया बलात्कारी कृत्य सभी को दोषी ठहराने के लिए पर्याप्त है, बशर्ते साझा इरादा स्थापित हो। यह टिप्पणी मध्य प्रदेश में साल 2004 में एक महिला की किडनैपिंग और गैंगरेप के मामले में आरोपी की दोषसिद्धि को बरकरार रखते हुए की गई। आरोपी राजू ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट द्वारा उसकी सजा को बरकरार रखने के बाद सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की थी।



### क्या था मामला?

घटना जून 2004 की है, जब पीड़िता एक विवाह समारोह से लौट रही थी। तभी उसका अपहरण कर लिया गया और उसे कई स्थानों पर अवैध रूप से रखा गया। पीड़िता ने अपने बयान में बताया कि जलंधर कोल और अपीलकर्ता राजू नाम के दो लोगों ने उसके साथ बलात्कार किया। ट्रायल कोर्ट ने दोनों आरोपियों को गैंगरेप, अपहरण और अवैध बंदीकरण के आरोप में दोषी ठहराया। राजू को आजीवन कारावास और जलंधर कोल को 10 वर्ष की सजा सुनाई गई। हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा।

### सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा?

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एफआईआर में केवल जलंधर कोल द्वारा बलात्कार का उल्लेख होने के बावजूद, पीड़िता ने अपने बयान में स्पष्ट रूप से कहा है कि राजू ने भी बलात्कार किया था। भले ही यह मान लिया जाए कि राजू ने बलात्कार नहीं किया, तब भी वह दोषी होगा। कोर्ट ने कहा कि "ऐसे मामलों में यह आवश्यक नहीं कि प्रत्येक आरोपी द्वारा बलात्कार के पूर्ण कृत्य का स्पष्ट प्रमाण हो। यदि उन्होंने एकसाथ कार्य किया हो और पीड़िता के साथ दुष्कर्म की मंशा में सहभागी हों, तो सभी दोषी होंगे।"

# रेलमंत्री ने दिखाई जोधपुर एक्सप्रेस को हरी झंडी

▶▶ पुणे-जोधपुर एक्सप्रेस और एमजीआर चेन्नई सेंट्रल-जोधपुर (भगत की कोठी) तक जाएगी ट्रेन

▶▶ जीएम मध्य रेलवे धर्म वीर मीना ने गणमान्य व्यक्तियों का किया स्वागत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पुणे।** केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने तीन मई को पुणे (हडपसर)-जोधपुर एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एमजीआर चेन्नई सेंट्रल-जोधपुर (भगत की कोठी) एक्सप्रेस को पुणे रेलवे स्टेशन पर केंद्रीय सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल, सांसद श्रीमती मेधा कुलकर्णी और विधायक सुनील कांबले की गरिमामयी उपस्थिति में हरी झंडी दिखाई। गजेंद्र सिंह शेखावत, माननीय केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री, सुश्री वनिता सेठ, महापौर, जोधपुर, इस अवसर पर जोधपुर रेलवे स्टेशन पर माननीय सांसद राजेंद्र गहलोत, लुम्बाराम चौधरी, विधायक अतुल भंसाली, देवेंद्र जोशी उपस्थित थे। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कर्यक्रम में शामिल हुए। मध्य रेल के महाप्रबंधक धर्म वीर मीना ने गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया तथा नई रेल सेवाओं के बारे में जानकारी दी।



### नियमित रेल सेवाओं का विवरण

ट्रेन संख्या 20496 हडपसर-जोधपुर एक्सप्रेस छह मई से प्रतिदिन 19.15 बजे हडपसर से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 15:10 बजे जोधपुर पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 20495 जोधपुर-हडपसर एक्सप्रेस दिनांक 05.05.2025 से प्रतिदिन 22:00 बजे जोधपुर से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 17:10 बजे हडपसर पहुंचेगी। नियमित ट्रेन सेवा के लिए ठहराव: पुणे, चिंचवड़, लोनावला, कल्याण, वसई रोड, वापी, सूरत, वडोदरा, गेरतपुर, अहमदाबाद, महेसाणा, पालनपुर, अबू रोड, पिंडवाड़ा, जवाई बांध, फालना, रानी, मारवाड़ जंक्शन, पाली मारवाड़ और लूनी,

### नियमित ट्रेन के लिए संरचना

दो वातानुकूलित -2 टियर, तीन वातानुकूलित -3 टियर, दो वातानुकूलित-3 टियर इकॉनमी, 7 शयनयान श्रेणी, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी, 1 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड ब्रेक वैन और 1 जेनरेटर वैन।

### नई ट्रेन सेवाओं के लाभ

1. महाराष्ट्र/तमिलनाडु और राजस्थान के बीच सीधी यात्रा। 2. व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा मिलेगा, पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। 3. क्षेत्रों के बीच व्यापार और व्यवसायिक संपर्क को बढ़ावा मिलेगा। 4. यात्रियों, खासकर लंबी दूरी के यात्रियों के लिए समय और मेहनत की बचत होगी। 5. सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्रीय एकता को मजबूती एवं प्रोत्साहन मिलेगा

### उद्घाटन रन का विवरण

उद्घाटन ट्रेन संख्या 01401 हडपसर (पुणे)-जोधपुर एक्सप्रेस तीन मई को पुणे से 17:30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 14:00 बजे जोधपुर पहुंचेगी।



■ अश्विनी वैष्णव ने जुईनगर यार्ड का दौरा किया और नए सेंसर-आधारित संरक्षा प्रणालियों के परीक्षणों का निरीक्षण किया। जुईनगर यार्ड में सभी पॉइंट्स और सिग्नल्स पर पॉइंट पोजिशन डिटेक्शन सिस्टम और सिग्नल एस्पेक्ट फीडबैक सिस्टम दोनों को ट्रायल के आधार पर स्थापित किया गया है। इन परीक्षणों पर एक रिपोर्ट आगे के मूल्यांकन और अनुमोदन के लिए आरडीएसओ और रेलवे बोर्ड को प्रस्तुत की जाएगी।

---

एनएफआर ने हासिल की महत्वपूर्ण उपलब्धि

# साईरंग से आइजोल तक पहला ट्रायल सफल

▶▶ 17 जून के बाद उद्घाटन की संभावना

▶▶ रेलवे नेटवर्क से जुड़ा मिजोरम की राजधानी

**मालीगांव।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (पू. सी. रेलवे, एनएफआर) ने एक मई को मिजोरम में साईरंग, आइजोल तक पहली बार ट्रायल रन सफलतापूर्वक कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। यह पूर्वोत्तर राज्य में रेल कनेक्टिविटी बढ़ाने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है और मिजोरम को राष्ट्रीय रेलवे नेटवर्क से राजधानी कनेक्टिविटी को जोड़ने वाला चौथा पूर्वोत्तर राज्य बनाता है। यह ऐतिहासिक ट्रायल रन पू. सी. रेलवे के महाप्रबंधक (निर्माण) अरुण कुमार चौधरी तथा अन्य वरिष्ठ रेल अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। उनकी उपस्थिति ने इस उपलब्धि के महत्व तथा कठिन भू-भाग और लॉजिस्टिक चुनौतियों पर काबू पाने में पू. सी. रेलवे की टीम के समर्पण को उजागर किया है।




### भैरबी-साईरंग रेलवे परियोजना

साईरंग में सफल ट्रायल रन के बाद, चौधरी ने मिजोरम के राज्यपाल जनरल (डॉ.) विजय कुमार सिंह तथा मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा को भैरबी-साईरंग रेलवे परियोजना के क्षेत्र, प्रगति तथा रणनीतिक महत्व पर गहन जानकारी दी। चौधरी ने बताया कि परियोजना का निर्माण कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा जून के प्रारंभ में निरीक्षण किया जाएगा तथा भैरबी-साईरंग रेलवे लाइन का औपचारिक उद्घाटन 17 जून के बाद होने की संभावना है। बातचीत के दौरान उन्होंने निर्माण चरण के दौरान सफलतापूर्वक दूर की गई इंजीनयरिंग बाधाओं के बारे में भी विस्तार से बताया तथा इस परियोजना से क्षेत्र को मिलने वाले अपेक्षित आर्थिक और सामाजिक लाभों पर जोर दिया।

### परियोजना एक इंजीनयरी चमत्कार

51.38 किलोमीटर लंबी भैरबी-साईरंग नई लाइन रेलवे परियोजना भारतीय रेलवे का एक इंजीनयरी चमत्कार है। इस परियोजना में 48 सुरंगें, 55 बड़े पुल और 87 छोटे पुल शामिल हैं। इस परियोजना में सुरंगों की कुल लंबाई 12853 मीटर है। पुल संख्या 196 की ऊंचाई 104 मीटर है, जो कुतुबमीनार से 42 मीटर ऊंची है। इस परियोजना में पांच रोड ओवर ब्रिज और 6 रोड अंडर ब्रिज भी शामिल हैं। यह नई लाइन परियोजना चार सेक्शनों में विभाजित है,अर्थात भैरबी-हरतकी,हरतकी-कौनपुई, कौनपुई-मुआलखांग और मुआलखांग-साईरंग।

### परियोजना शीघ्र पूरी करने को प्रतिबद्ध

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे नई रेल परियोजना को शीघ्र पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे मिज़ोरम की कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय सुधार होगा। इस परियोजना का उद्देश्य स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देना, लघु उद्योगों को सहायता प्रदान करना और यात्रियों तथा माल के परिवहन लागत को कम करना है। यह मिज़ोरम की राजधानी से देश के बाकी हिस्सों के बीच यात्रा समय को कम करने के साथ ही देश भर में आवश्यक आपूर्ति और लंबी दूरी की यात्रा तक बेहतर पहुँच सुनिश्चित करेगा।

---

एनएफआर ने की आईआईटी गोवाहाटी से साझेदारी

# अभिनव पेंट तकनीक विकसित करने की कवायद

**मालीगांव।** रेलवे के बुनियादी ढांचे की एक महत्वपूर्ण प्रगति के क्रम में, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) गुवाहाटी के साथ साझेदारी की है, ताकि रेलवे पुलों पर काई जमने से रोकने के लिए एक अभिनव पेंट तकनीक विकसित किया जा सके। यह अत्याधुनिक समाधान विशेषकर भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र की आर्द्रता और भारी बारिश वाली जलवायु में लंबे समय से चली आ रही रखरखाव संबंधी समस्या का समाधान करेगा। इस निरंतर समस्या का स्थायी समाधान पाने के लिए एनएफआर के महाप्रबंधक चेतन कुमार श्रीवास्तव की सलाह पर प्रधान मुख्य अभियंता (पीसीई) संदीप शर्मा के नेतृत्व में एनएफआर की एक टीम ने डॉ. विमल कटियार के नेतृत्व में आईआईटी गुवाहाटी टीम के साथ मिलकर कार्य किया। साथ मिलकर, उनलोगों ने एक विशेष पेंट सिस्टम विकसित किया, जो इस क्षेत्र में आम तौर पर पुलों की सतहों पर जमने वाले काई और बायोफिल्म परतों को बनने से रोकने में कारगर है।

■ पुलों पर काई की समस्या से निपटने का करेंगे समाधान

ये जैविक वृद्धि न केवल पुलों के दृश्य स्वरूप को खराब करती हैं, बल्कि संक्षारक वातावरण को भी बढ़ावा देती हैं, जिससे महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की संरचना को धीरे-धीरे खतरा पैदा होता है। नव विकसित पेंट में उन्नत रासायनिक सूत्र शामिल हैं, जो सक्रिय रूप से संक्षारण रोकते हैं और काई एवं अन्य जीवों के विकास को रोकते हैं। इसमें एक कार्यात्मक कोटिंग है, जिसमें बाहरी लेमिनेशन सिस्टम है जो स्थायित्व और सुरक्षा को बढ़ाता है। इस नवाचार से रेलवे पुलों के जीवनकाल को बढ़ाते हुए रखरखाव लागत में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद है, जिससे ट्रेन परिचालन सुरक्षित और अधिक सुदृढ़ हो सकेगा।

# वसई में दो बांग्लादेशी गिरफ्तार

**वसई।** वसई में अवैध रूप से रह रहे दो बांग्लादेशी नागरिकों को नालासोपारा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार दो मई को नालासोपारा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर नीलेमोर गांव,यूनिक प्लाजा बिल्डिंग,नालासोपारा पश्चिम में रेड की थी। पुलिस ने बताया कि,आरोपी सोफिकुल शेख (34) और मुनीर शेख (44) भारत में प्रवेश के लिए आवश्यक दस्तावेजों के बिना अवैध रूप से भारत में रहते हुए पाया गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनके खिलाफ नालासोपारा पुलिस स्टेशन एफआईआर दर्ज किया गया है। मामले की जांच पुलिस उपनिरीक्षक हरिभाऊ भोसले कर रहे है।

# राज को उद्धव के साथ नहीं जाना चाहिए : योगेश कदम

▶▶ दोनों भाईयों के बीच सुलह के बाद आई टिप्पणी

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार में गृह राज्य मंत्री योगेश कदम ने शनिवार को खुद को महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) अध्यक्ष राज ठाकरे का बड़ा प्रशंसक बताया और कहा कि उनके जैसे व्यक्ति को उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) के साथ हाथ नहीं मिलाना चाहिए। योगेश कदम की यह टिप्पणी राजनीतिक रूप से अलग-थलग पड़े चचेरे भाई राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे के बीच संभावित सुलह की अटकलों के बीच आई है। कदम से दोनों ठाकरे के बीच संभावित सुलह के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने संवाददाताओं से कहा, "मैं (राज) ठाकरे का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं और बचपन से ही उनके भाषण सुनता आ रहा हूं। मैं आज भी सुनता हूं। मैं चाहता हूं कि राज ठाकरे जैसे व्यक्ति को उद्धव के साथ नहीं जाना चाहिए। लेकिन (उद्धव के साथ जाने का) फैसला उनका होगा।" ठाकरे के चचेरे भाइयों ने राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज कर दी है, बयानों से संकेत मिलता है कि वे 'मामूली मुद्दों' को नजरअंदाज कर सकते हैं और लगभग दो दशक के कटु अलगाव के बाद हाथ मिला सकते हैं। राज ठाकरे ने कहा है कि मराठी मानुष के हित में एकजुट होना मुश्किल नहीं है, वहीं उद्धव ने कहा कि वह छोटी-मोटी लड़ाइयां भी टालने को तैयार हैं, बशर्ते महाराष्ट्र के हितों के खिलाफ काम करने वालों को जगह न दी जाए। यह बात मनसे प्रमुख द्वारा हाल ही में उपमुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे की मेजबानी के संदर्भ में कही जा रही है।



---

# छात्रों ने स्टेडियम में जाकर लिया आईपीएल का मजा



**नवी मुंबई।** हमेशा नवाचारपूर्ण उपक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास पर ध्यान केंद्रित करने वाले नवी मुंबई मनपा के डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर नगर, रबाले स्थित पीएम राजर्षी छत्रपती शाहू महाराज विद्यालय ने एक विशेष उपक्रम के तहत विद्यालय क्रमांक 55 के 450 से अधिक विद्यार्थियों को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में जाकर आईपीएल मैच का अनुभव प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध कराया। 'क्राई' संस्था के सहयोग और पूर्व महापौर सुधाकर सोनवणे की पहल से विद्यार्थियों ने प्रत्यक्ष स्टेडियम में जाकर आईपीएल क्रिकेट मैच का आनंद लिया। इस उपक्रम में शिक्षा विभाग की उपआयुक्त संघरत्ना खिल्लारे तथा मुख्याध्यापिका स्नेहल विशे ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अधिकतर श्रमिक अभिभावकों के बच्चे के लिए यह पहली बार था, जब उन्होंने स्टेडियम में जाकर प्रत्यक्ष क्रिकेट मैच देखा। इसमें विशेष बात यह रही कि विद्यार्थियों ने मुंबई इंडियंस टीम की प्रमुख नीता अंबानी और विश्वप्रसिद्ध क्रिकेट कमेंटेटर हर्ष भोगले के साथ मिलकर यह मैच देखा।

नवी मुंबई मनपा का अभियान

# बेलापुर विभाग में अवैध झोपड़ियों पर कड़ी कार्रवाई

**नवी मुंबई।** आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के निर्देशानुसार तथा अतिरिक्त आयुक्त (2) डॉ. राहुल गेठे और उप आयुक्त (अतिक्रमण) भागवत डोईफोडे के मार्गदर्शन में अतिक्रमण विभाग द्वारा बेलापुर विभाग में बेघर झोपड़ियों को हटाने की कार्रवाई की गई। नवी मुंबई मनपा के कार्यक्षेत्र अंतर्गत नेरुल सेक्टर-25 स्थित मलनिस्सारण केंद्र (एसटीपी) के पीछे बनी अनधिकृत झोपड़ियों को स्वयं हटाया जाना आवश्यक था। ए विभाग, बेलापुर द्वारा ध्वस्तीकरण की कार्रवाई आयोजित की गई, जिसमें नेरुल सेक्टर-25 स्थित मलनिस्सारण केंद्र (एसटीपी) के पीछे बनी 25 अनधिकृत झोपड़ियों को निष्कासित किया गया। इसके अतिरिक्त, एल एंड टी ब्रिज के नीचे सेक्टर-42, सिवूड्स, नवी मुंबई क्षेत्र में स्थित बेघर लोगों को भी हटाया गया। इस कार्रवाई अभियान के दौरान बेलापुर विभाग के सहायक आयुक्त एवं विभाग अधिकारी डॉ. अमोल पालवे, ए विभाग बेलापुर के अधिकारी/कर्मचारी तथा अतिक्रमण विभाग के पुलिस बल तैनात थे।



# सीबीडी के टर्शियरी ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य पूरा करने के निर्देश



**नवी मुंबई।** केंद्र सरकार की अमृत 2.0 योजना के तहत सीबीडी बेलापुर सेक्टर-12 में 7.50 एमएलडी क्षमता वाले टर्शियरी ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। डॉ. कैलास शिंदे ने इस स्थल का दौरा कर निर्माण को गति देने और कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर शहर अभियंता शिरीष आरदवाड, अतिरिक्त शहर अभियंता अरविंद शिंदे एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। इस परियोजना से उत्पादित पुनर्प्रक्रियाकृत जल का उपयोग बेलापुर विभाग के उद्यानों, ट्री बेल्ट और सड़क के डिवाइडरों में किया जाएगा। इसके अलावा, सार्वजनिक हाउसिंग सोसायटियों में वाहनों की धुलाई, उद्यान, साज-सज्जा वाली जगहों और निर्माण कार्यों के लिए भी आवश्यकता अनुसार इस जल की आपूर्ति की जाएगी। इसके लिए बेलापुर विभाग में 23 किमी लंबी पाइपलाइन बिछाई जा रही है, जिसमें से 21 किमी का कार्य पूर्ण हो चुका है। आयुक्त ने निर्देश दिए कि 31 मई तक निर्माण पूर्ण कर ट्रायल रन शुरू किया जाए और 31 जुलाई तक प्रोजेक्ट पूर्ण कर लिया जाए।

■ नवी मुंबई मनपा आयुक्त ने दिए निर्देश

---

# मीरा रोड रेलवे स्टेशन के पास बड़ी साजिश नाकाम

**मीरा रोड।** महाराष्ट्र के मीरा रोड रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर तोड़फोड़ के एक संदिग्ध मामले में लकड़ी के बॉक्स पाए गए। मुंबई पुलिस के अधिकारियों ने इस बात की जानकारी दी है। अधिकारियों के अनुसार, ट्रैक निरीक्षण टीम को बुधवार रात करीब 9 बजे मीरा रोड और भयंदर रेलवे स्टेशनों के बीच मुंबई जाने वाले फास्ट ट्रैक पर दो बॉक्स मिले। एक अधिकारी ने बताया कि वसई सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 125(ए) (दूसरों की जान या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने वाला काम), 126(2) (गलत तरीके से रोकना), और 329(3) (आपराधिक अतिक्रमण और घर में घुसना) तथा भारतीय रेलवे अधिनियम की धारा 152 के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारी ने आगे कहा कि ये रेल यात्रियों की सुरक्षा को खतरे में डालने के इरादे से किया गया कृत्य है। मीरा रोड के स्टेशन मास्टर ने अपनी शिकायत में कहा कि अज्ञात व्यक्तियों ने ट्रेन को पटरी से उतारने या किसी अन्य तरह की बाधा पैदा करने के लिए ट्रैक पर लकड़ी के बॉक्स रखे थे, जिससे जान को खतरा हो सकता था। जीआरपी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह काम जानबूझकर की गई शरारत प्रतीत होती है। इसके जिम्मेदार लोगों की पहचान के लिए जांच चल रही है।



महाराष्ट्र राज्य स्थापना दिवस

# नवी मुंबई मनपा आयुक्त ने किया राष्ट्रध्वज वंदन

▶▶ स्वच्छता मित्र एवं स्वच्छता सखी का सम्मान

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई मनपा की ओर से महाराष्ट्र राज्य के 66वें स्थापना दिवस के अवसर पर मनपा मुख्यालय में मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के हस्ते राष्ट्रध्वज वंदन संपन्न हुआ। राष्ट्रध्वज को वंदन कर राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया और इसके पश्चात महाराष्ट्र राज्य गीत का ध्वनि प्रसारण किया गया। अतिरिक्त आयुक्त सुनील पवार, प्रशासन विभाग के उपआयुक्त शरद पवार, शहर अभियंता शिरीष आरदवाड तथा अन्य विभाग प्रमुख उपस्थित थे। सभी अधिकारी-कर्मचारीगण, अग्निशमन दल के जवान, अतिक्रमण विभाग के पुलिस अधिकारी-कर्मचारी तथा नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे ने महाराष्ट्र दिवस के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर सभी श्रमिकों को शुभकामनाएं दीं। श्रमिकों के प्रति प्रतिबद्धता निभाते हुए नवी मुंबई मनपा उनकी सुरक्षा की भी चिंता कर रही है और 'सुरक्षित स्वच्छता अभियान' चलाने पर बल दे रही है। मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में नवी मुंबई मनपा के विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले श्रमिकों को सम्मानित किया जाता है। इसी परंपरा के अंतर्गत, नवी मुंबई शहर की स्वच्छता रैंकिंग को लगातार ऊंचा बनाए रखने वाले 12 स्वच्छता कर्मियों को आयुक्त के शुभहस्ते सम्मानित किया गया। नवी मुंबई मनपा की प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले श्रमिकों के योगदान का सम्मान करना मजदूर दिवस के अवसर पर सार्थक है, ऐसा आयुक्त ने इस अवसर पर कहा। मनोहर पवार, पूजा पोरजी, रोहन म्हात्रे, निलेश सोनवणे, सागर सोनवणे, नमिता भिवे, अनिल कांबळे, संजय पाटील, विमल अहिरे, विशाल शिर्के, सरस्वती कानाले, बंटी राठौड़-इन स्वच्छता मित्र और स्वच्छतासखियों को इस अवसर पर सम्मानित किया गया। महाराष्ट्र दिवस के उपलक्ष्य में, 'आइकॉनिक वास्तु' के रूप में मानी जाने वाली नवी मुंबई मनपा की मुख्यालय इमारत को 30 अप्रैल से 2 मई तक विद्युत रोशनी से सजाया गया है, और मुख्यालय के सामने 'हुतात्मा चौक' की प्रतिकृति स्थापित की गई है।

# आबकारी विभाग का अधिकारी गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**विरार।** विरार में रिश्वतखोरी के मामले में ठाणे एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी)की टीम ने विरार के राज्य आबकारी विभाग के दुय्यम निरीक्षक और एक अन्य शख्स को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह कार्रवाई ठाणे एसपी शिवराज पाटील के आदेशानुसार डीवाईएसपी प्रगति अडसुरे के नेतृत्व ठाणे एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने की है। जानकारी के अनुसार,शिकायतकर्ता की ड्रिंक एंड डिम नामक बीयर की दुकान है और उक्त बीयर की दुकान चलाने के लिए लोकसेविका दुय्यम निरीक्षक श्वेता नाइक,राज्य आबकारी,विरार ने शिकायतकर्ता से 2000 रुपए प्रति माह, पांच महीने के लिए कुल 10,000 रुपए और रोजगार अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए 1000 रुपए, कुल 11,000 रुपए की रिश्वत की मांग की थी। दुकानदार ने 28 अप्रैल को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, ठाणे कार्यालय में लिखित शिकायत दर्ज कराई। 30 अप्रैल को की गई सत्यापन कार्रवाई में,लोकसेविका श्वेता नाइक, दुय्यम निरीक्षक, राज्य आबकारी विभाग,विरार ने शिकायतकर्ता से 11,000 रुपये की रिश्वत की मांग की लेकिन 10,000 रुपए पर सहमत हुए। दो मई को लोकसेविका श्वेता लक्ष्मण नाईक,दुय्यम निरीक्षक,राज्य आबकारी,विरार ने निजी व्यक्ति तनिष अजीत पाटिल से रिश्वत लेने आए तो तनिष पाटिल को 10,000 रुपये की रिश्वत लेते एसीबी ने रंगे हाथों पकड़ लिया और लोक सेवक श्वेता नाइक, दुय्यम निरीक्षक, राज्य आबकारी विभाग,विरार को हिरासत में ले लिया गया है। इस मामले में विभाग ने विरार पुलिस स्टेशन में अपराध पंजीकरण करवाया है।

---

**कटिहार मंडल में विभिन्न स्टेशनों में सीसीटीवी कैमरों का प्रतिस्थापन**

**ई-निविदा सूचना सं. KIR-N-2025-K-03; दिनांक: 01-05-2025।** निम्नलिखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:-** कटिहार मंडल के न्यू जलपाईगुड़ी, सिलीगुड़ी जं., किशनगंज और कटिहार स्टेशनों में सीसीटीवी कैमरों का प्रतिस्थापन। निविदा मूल्य: ₹4,14,23,401.14। धरोहर राशि: ₹3,57,100.00। **ई-निविदाएं** 23-05-2025 को 15:00 बजे **बंद होंगी** और 23-05-2025 को 15.30 बजे **खुलेंगी**। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा कागजात के साथ संपूर्ण सूचना वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर 23-05-2025 को 15:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगी।

डीआरएम (एसएंडटी), कटिहार

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पश्चिम रेलवे अहमदाबाद मंडल

# एनडीआरएफ के सहयोग से मॉक ड्रिल सफल

▶▶ आरओएच डिपो वटवा में किया गया था आयोजन


▶▶ मॉक ड्रिल में 350 अधिकारी व कर्मचारी रहे शामिल

**अहमदाबाद।** पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद मंडल पर तीन मई को वटवा यार्ड स्थित आरओएच डिपो में रेलवे द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) के सहयोग से एक संयुक्त मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। इस अभ्यास में एनडीआरएफ, एएडीआरएफ, फायर सर्विस, मेडिकल टीम एवं रेलवे के यांत्रिक, यातायात, चिकित्सा, दूरसंचार, संरक्षा, आरपीएफ तथा विद्युत विभागों के लगभग 350 अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए। इसके अतिरिक्त एनडीआरएफ के 27 जवानों तथा नागरिक सुरक्षा संगठन के 30 स्वयंसेवकों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही एनडीआरएफ कंट्रोल रूम द्वारा कार्रवाई करते हुए असिस्टेंट कमांडेंट अपनी टीम के 27 जवानों के साथ त्वरित रूप से दुर्घटनास्थल पर पहुंचे। रेलवे की मेडिकल राहत टीम ने पाँच टीमें और तीन एंबुलेंस के साथ मौके पर पहुंचकर राहत कार्य आरंभ किया। साथ ही ईएमआरआई-108 सेवा की दो एंबुलेंस भी तैनात की गईं। संयुक्त प्रयासों से कुल 18 काल्पनिक पीड़ितों (13 पुरुष एवं 5 महिलाएं) को कोच काटकर सुरक्षित बाहर निकाला गया। प्राथमिक उपचार के बाद 10 घायलों को सिविल अस्पताल तथा 2 को एल.जी. अस्पताल भेजा गया। पीड़ितों को कोच की खिड़की एवं छत काटकर निकालने की प्रक्रिया एनडीआरएफऔर रेलवे द्वारा संयुक्त रूप से संपन्न की गई। वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी ने इस प्रकार की मॉक ड्रिल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वास्तविक दुर्घटना की स्थिति में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया के लिए ऐसे अभ्यास अत्यंत आवश्यक हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (समन्वय), मुख्य चिकित्सा अधिकारी, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी, कोचिंग डिपो अधिकारी, सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### महाराष्ट्र महोत्सव पर बोले अजित पवार

# वह दिन जरूर आएगा जब सीएम बनूंगा

**मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार का सीएम न बन पाने का दर्द आज छलक पड़ा। उन्होंने कहा कि मुझे भी लगता है कि मैं भी सीएम बनूं लेकिन बात नहीं बन पाती है लेकिन कभी ना कभी तो वो दिन आएगा। उन्होंने महाराष्ट्र महोत्सव के दौरान ये बात कही। अजित पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस की ओर से मुंबई के वर्ली स्थित जाम्बोरी मैदान में महाराष्ट्र महोत्सव का आयोजन किया गया है। यह आयोजन एक मई से शुरू हुआ है और यह चार मई तक चलेगा। इस महोत्सव के दौरान विविध क्षेत्र में काम करने वाले गणमान्य लोगों को सम्मानित किया जा रहा है।



#### होनी चाहिए महिला मुख्यमंत्री

एक वरिष्ठ महिला पत्रकार ने जब यह कहा कि आने वाले समय में महाराष्ट्र की मुख्यमंत्री महिला होनी चहिए। इस पर अजित पवार ने कहा–'हम सभी को ऐसा लगता है कि महिला मुख्यमंत्री होनी चाहिए। लेकिन उसके लिए संयोग भी होना जरूरी है।

#### जावेद अख्तर सम्मानित

इस समारोह के दौरान एक मई को गीतकार , पटकथा लेखक जावेद अख्तर को सम्मानित किया गया था। दो मई को भी मराठी कलाकारों , और पत्रकारों के सथ ही खेल जगत से जुड़ी महिलाओं को सम्मानित किया।

#### चार दशक का राजनीतिक कॅरियर

अजित पवार का राजनीतिक करियर चार दशकों से ज्यादा का रहा है। इस दौरान उन्होंने महाराष्ट्र की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका जन्म 22 जुलाई 1959 को अहमदनगर जिले के देवलाली प्रवरा में हुआ।

#### जाम्बोरी मैदान में महोत्सव का आज आखिरी दिन

#### छह बार संभाला डिप्टी सीएम का पद

1991 में अजित पवार पहली बार बारामती से लोकसभा सांसद चुने गए, लेकिन बाद में अपने चाचा शरद पवार के लिए सीट छोड़ दी। पवार 1995 से 2024 तक वे बारामती विधानसभा क्षेत्र से लगातार सात बार विधायक चुने गए। अजित पवार रिकॉर्ड छह बार महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री रहे, जिनमें पृथ्वीराज चव्हान, देवेंद्र फडणवीस, उद्धव ठाकरे, और एकनाथ शिंदे की सरकारें शामिल हैं।

## भिवंडी में चार की मौत

#### फंदे से लटकी मिले मां और तीन बेटियों के शव

**भिवंडी।** भिवंडी शहर में शनिवार को 30 वर्षीय एक महिला और उसकी तीन नाबालिग बेटियों के शव उनके घर में फंदे से लटके पाए गए। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी मच गई। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि मृतक महिला का पति जब रात की डयूटी करके सुबह के समय घर लौटा तो उसने महिला और उसकी तीन बेटियों (जिनकी उम्र क्रमशः 13, 11 और 8 साल थी) के शवों को पंखे से बंधे फंदों से लटका देखा। पुलिस ने दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। हम इस बात की जांच कर रहे हैं कि यह आत्महत्या का मामला है या इसकी वजह कुछ और है। महिला और उसकी बेटियों ने एक साथ आत्महत्या की या महिला ने फंदे से खुद लटकने से पहले लड़कियों को मार डाला था।

### मुंबई में आठवां राष्ट्रीय कम्युनिटी रेडियो सम्मेलन आयोजित

# समाज के हर वर्ग को मंच देने का कार्य करेगा कम्युनिटी रेडियो : एल. मुरुगन

#### ‘वेव्ज़ 2025’ वैश्विक सम्मेलन जियो कन्वेंशन सेंटर में

**मुंबई।** समाज के कोने-कोने तक पहुँचने के लिए कम्युनिटी रेडियो एक अत्यंत महत्वपूर्ण माध्यम है। देशभर के कम्युनिटी रेडियो को इस माध्यम से समाज के हर वर्ग को एक मंच देने का कार्य करना चाहिए, ऐसा आवाहन सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन ने किया। मुंबई में चल रहे 'वेव्ज़ 2025' वैश्विक सम्मेलन के अवसर पर आठवां राष्ट्रीय कम्युनिटी रेडियो सम्मेलन आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर मुरुगन ने मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू, सह-सचिव पृथुल कुमार, और भारतीय जनसंचार संस्थान की महानिदेशक डॉ. अनुपमा भटनागर भी उपस्थित थे। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कम्युनिटी रेडियो स्टेशनों को इनोवेटिव कम्युनिकेशन, स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देना, और सस्टेनेबिलिटी मॉडल जैसे विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।



मुरुगन ने कहा कि कम्युनिटी रेडियो के कार्यक्रमों में स्थानीय समाज की भावनाएं, उनकी संस्कृति, कला, साहित्य, खानपान आदि की झलक देखने को मिलती है। चूंकि यह सम्मेलन वेव्ज़ 2025 की पृष्ठभूमि में आयोजित किया गया है, इसलिए इसे एक विशेष आयाम प्राप्त हुआ है। उन्होंने संतोष व्यक्त किया कि कम्युनिटी रेडियो के माध्यम से सूचना और मनोरंजन के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण, सांस्कृतिक संवर्धन, और ग्रामीण विकास जैसे कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में अधिक से अधिक तकनीक का उपयोग कर अधिक व्यापक समुदाय तक पहुँचने का प्रयास कम्युनिटी रेडियो द्वारा किया जाना चाहिए। मुख्य उद्घाटन समारोह के बाद दिनभर कम्युनिटी रेडियो से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा सत्रों का आयोजन किया गया। इन सत्रों में कम्युनिटी रेडियो के आर्थिक विकास और उनके सशक्तिकरण पर चर्चा की गई। इन चर्चाओं में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञों और विभिन्न कम्युनिटी रेडियो स्टेशनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## मासमा पदाधिकारियों से लोढ़ा ने की मुलाकात




**मुंबई।** मासमा कार्यालय में व्यापारियों की कलंबोली की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा करने के लिए महाराष्ट्र सरकार में कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने मासमा पदाधिकारी व भूतपूर्व अध्यक्ष सहित उपस्थित व्यापरियों से मुलाकात की। कलंबोली में हो रही चोरियों से परेशान व्यापरियों को राहत देने के लिए उन्होंने नवी मुंबई के पुलिस आयुक्त से तुरंत फोन पर बात की व उन्हें मासमा के प्रतिनिधि मंडल को आज ही आयुक्त से मीटिंग करवा दी व सहयोग हेतु निवेदन किया। इस मीटिंग में मंगल जी लोढ़ा ने मासमा के व्यापरियों के लिए मार्केट हेतु शासन से प्लॉट मिलने बाबत जल्द ही सबंधित विभाग से मीटिंग करने का आश्वासन दिया व व्यापरियों की जीएसटी सबंधित समस्याओं के लिए सात मई के बाद महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार से मीटिंग भी तय की है।

# देश के मुसलमान मोदी के साथ : राशिद अनवर

**राकेश विश्वकर्मा / जागरूक टाइम्स**

**भायंदर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद समाजसेवी राशिद अनवर ने कहा कि उनकी अंतर आत्मा बेगुनाहों के मौत पर रो रही है।


अयूब हुसैन मीर


हाजी मिर्जा निजाम बेग


राशिद अनवर

#### पाक को सबक सिखाने का समय आ गया

अब आतंकवाद की जड़ को उखाड़ फेंकने का समय आ गया है। कब तक हमारे देश के नागरिक आतंकी घटना का शिकार होते रहेंगे। देश के मुसलमान मस्जिदों में नापाक पाकिस्तान की निंदा कर रहे है और सभी देश के साथ है। राशिद अनवर ने कहा कि हमने कई हमलों का दर्द झेला है अब पाकिस्तान की बारी है। भाजपा से जुड़े हाजी मिर्जा निजाम बेग ने कहा कि धर्म पूछकर मारना साबित करता है कि पाकिस्तान आतंकियों का रहनुमा है। इस पर अब मोदी सरकार रहम ना करे। देश की आर्मी अब इनको नर्क भेजने का काम करे। बेग ने कहा कि मासूमों की मौत अब बदला देश की जनता मांग रही है पूरा देश प्रधानमंत्री के साथ खड़ा है। अब आर पार की लड़ाई का वक्त आ गया है। समाजसेवी अयूब हुसैन मीर ने आतंकियों को उनके घर में घुसकर मारने की बात कही और कहा कि जिस प्रकार अमेरिका ने ओसामा बिन लादेन को पाकिस्तान में घुसकर मारा उसी तरह भारत को भी पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों और उनके रहनुमाओं को जहन्नुम पहुंचाने का काम करना चाहिए। पहलगाम का हमला देश पर हमला है और अब पाकिस्तान को सबक सिखाने का समय आ गया है।

### एमएमआरडीए की 159वीं प्राधिकरण बैठक

# इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम : सीएम

#### उत्तन–विरार सी लिंक बदलते इलाके की नई पहचान

**भायंदर।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के दूरदर्शी नेतृत्व उपमुख्यमंत्री एवं एमएमआरडीए अध्यक्ष एकनाथ शिंदे की सक्रिय अध्यक्षता और महानगर आयुक्त डॉ. संजय मुखर्जी की अगवाई में, मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) परिवर्तनकारी उत्तन-विरार सी लिंक (यूवीएसएल) के फेज-1 के कार्यान्वयन को तेज़ी से आगे बढ़ा रहा है।



क्षेत्र की आर्थिक संभावनाओं को खोलने, आवाजाही को सुगम बनाने और जीवन स्तर को बेहतर करने पर ज़ोर देते हुए यह प्रोजेक्ट उत्तर मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में बहुपरिणामी बदलाव लाने की दिशा में अहम कदम है। उपमुख्यमंत्री एवं एमएमआरडीए अध्यक्ष एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में हुई 159वीं प्राधिकरण बैठक में व्यापक समीक्षा के बाद यूवीएसएल के संशोधित फेज-1 प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। यह प्रोजेक्ट पहले महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम (एमएसआरडीसी) के तहत वर्सोवा-विरार सी लिंक (वीवीएसएल) के रूप में प्रस्तावित था।

लेकिन अक्टूबर 2022 में हुई 153वीं प्राधिकरण बैठक में इसे एमएमआरडीए को सौंप दिया गया। इसके बाद फरवरी 2024 में परियोजना को दो क्रियान्वयन योग्य फेज में विभाजित किया गया फेज-1 (उत्तन से विरार), जिसे तुरंत लागू करने की मंजूरी दी गई, और फेज-2 (विरार से पालघर), जिसकी फिलहाल व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार की जा रही है। वर्सोवा से उत्तन तक का हिस्सा मुंबई महानगरपालिका की उत्तर सागरी किनारा मार्ग परियोजना से ओवरलैप होने के कारण मौजूदा दायरे से बाहर कर दिया गया है।

### डिजिटल पत्रकारिता का सब्सक्रिप्शन

# गुणवत्ता और विशिष्ट पाठकों पर केंद्रित होगा भविष्य

#### विज्ञापन के सहारे टिकने वाला पारंपरिक मॉडल अब पर्याप्त नहीं

**मुंबई।** डिजिटल पत्रकारिता का भविष्य सदस्यता (सब्सक्रिप्शन), उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री और लक्षित विशिष्ट पाठक वर्ग पर आधारित होगा। केवल विज्ञापन के सहारे टिकने वाला पारंपरिक मॉडल अब पर्याप्त नहीं है। विश्वसनीयता, पारदर्शिता और आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के लिए मीडिया संस्थानों को अब नई रणनीतियों की आवश्यकता है, ऐसा विचार वरिष्ठ पत्रकारों और संपादकों ने पैनल चर्चा में व्यक्त किया। यह चर्चा जिओ वर्ल्ड सेंटर में आयोजित वैश्विक दृश्य-श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन 2025 के अंतर्गत “इवैल्युवेशन ऑफ डीजिटल न्यूज : स्टेइंग रेलिवेंट इन द एज ऑफ इनफॉर्मेशन ओवरलोड ” विषय पर आयोजित की गई थी। डिजिटल युग में वितरण प्रणाली अब कुछ चुनिंदा तकनीकी कंपनियों के हाथों में केंद्रित हो गई है, जो उपयोगकर्ता तक कैसे पहुँचना है और क्या दिखाना है, यह उनके डेटा और एल्गोरिद्म के आधार पर नियंत्रित करती हैं।



इसलिए पारंपरिक मीडिया संस्थानों की भूमिका और अस्तित्व को नए संदर्भ में समझने की आवश्यकता है। हालांकि डिजिटल मीडिया ने पत्रकारिता में क्रांति लाई है, लेकिन इसके साथ कई गंभीर चुनौतियाँ भी खड़ी हुई हैं। बातमी पहुंचाने की पारंपरिक प्रणाली अब पिछड़ रही है। पहले मीडिया संस्थानों के पास सामग्री से लेकर वितरण तक सब कुछ नियंत्रित होता था। अब सर्च इंजन, सोशल मीडिया और एआई आधारित प्लेटफॉर्म्स उपयोगकर्ता का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं और एल्गोरिद्म के ज़रिए निर्णय ले रहे हैं।

## निर्मल कपूर पंचतत्व में विलीन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुबई।** अनिल कपूर, संजय कपूर और बोनी कपूर की मां निर्मल कपूर (90) का दो मई (शुक्रवार) को कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को सुबह करीब 11:30 बजे विले पार्ले के श्मशान घाट पर हुआ। अनिल, अर्जुन कपूर, संजय कपूर, शनाया कपूर, महीप कपूर, बोनी कपूर और जहान कपूर सहित कपूर परिवार के सदस्य और सिनेमा जगत की कई मशहूर हस्तियां निर्मल कपूर को अंतिम श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचे हैं। उनकी आखिरी विदाई में पोते-पोतियां सोनम कपूर, अर्जुन कपूर, रिया कपूर, अंशुला कपूर, शनाया कपूर और जहान कपूर भी विदाई देते हुए भावुक नजर आए। जाह्नवी कपूर अपनी बहन खुशी कपूर और बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया के साथ दादी को अंतिम विदाई देने पहुंचीं। अंतिम संस्कार के लिए शनाया कपूर भी पहुंचीं। परिवार के अलावा कई बॉलीवुड सितारे भी अंतिम संस्कार में नजर आए। अनुपम खेर भी निर्मल कपूर को अंतिम श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचे हैं। निर्मल दिवंगत फिल्म निर्माता सुरिंदर कपूर की पत्नी


अनिल, संजय और बोनी कपूर की मां थीं निर्मल कपूर

और चार बच्चों बोनी, अनिल, संजय और रीना कपूर मारवाह की मां थीं। वह अर्जुन कपूर, सोनम कपूर, रिया कपूर, हर्षवर्धन कपूर, जाह्नवी कपूर, अंशुला कपूर, खुशी कपूर और मोहित मारवाह जैसी मशहूर हस्तियों की दादी भी थीं। बता दें कि पिछले साल निर्मल कपूर ने अपने जीवन के 90 वर्ष पूरे किए थे। दादी निर्मल कपूर के

## भविष्य में डिजिटल परिवर्तन का मुख्य घटक बनेगा गेमिंग

**मुंबई।** गेमिंग, जो लंबे समय से मनोरंजन का एक साधन रहा है, अब केवल मनोरंजन नहीं बल्कि डिजिटल परिवर्तन के मुख्य घटक के रूप में पहचाना जा रहा है। यह विषय वेव्स 2025 सम्मेलन में आयोजित वेव्स-X सत्र में विशेषज्ञों द्वारा व्यक्त किया गया। इस सत्र का नाम था “बिलियन डॉलर बेट्स पावर्ड बाई लुमिकाईः निवेशकों का दृष्टिकोण- गेमिंग का अगला मोर्चा”, और यह जिओ वर्ल्ड सेंटर में आयोजित किया गया था। इस सत्र में गेमिंग क्षेत्र के प्रमुख विशेषज्ञ दीपेन पारिख, ओथमान अलहोकैल, और शिवानंद पारे ने भाग लिया। गेमिंग अब केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह दुनिया के सबसे प्रभावशाली कंटेंट रूपों में से एक बन चुका है। भारत में भी गेमिंग उद्योग तेजी से विकसित हो रहा है, और वर्तमान में भारत में 500 मिलियन से अधिक मोबाइल गेमर्स हैं। मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचे के कारण गेमिंग में निवेश के लिए बड़ी संभावनाएं हैं। भारत गेमिंग उद्योग के लिए एक अद्वितीय अवसर प्रस्तुत करता है। उच्च क्षमता वाले स्टार्टअप्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग, ये सभी तत्व उत्कृष्ट गेम डेवलपमेंट के लिए सहायक साबित हो रहे हैं। स्थानीय बाजार की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए गेम्स वैश्विक स्तर पर भी लोकप्रिय हो सकते हैं।



## मुंबई से 60 बांग्लादेशी गिरफ्तार

**मुंबई।** पहलगाम में आतंकी हमले के बाद से ही देश में छिपे अवैध पाकिस्तानियों और बांग्लादेश के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। अब पुलिस ने मुंबई से 60 से ज्यादा बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। मुंबई पुलिस को अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के स्पष्ट निर्देश मिले हैं, जिसके तहत यह विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस ने अवैध घुसपैठियों की तलाश के लिए विशेष टीमों का गठन किया है। हर टीम को एक निश्चित क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई है। इसके बाद से ही लगातार बांग्लादेशियों पर कार्रवाई की जा रही है। भिवंडी के कोनगांव और नारपोली पुलिस ने 6 दिन में कुल 11 बांग्लादेशी नागरिकों की गिरफ्तारी की गई है जो अवैध रूप से रह रहे थे। इनमे याकूब मजहर मियां शेख (52) ,मोहम्मद शामूल मोहम्मद शफी खान और प्यारू शफीक शेख (36) शामिल है जो भिवंडी में नाम और पहचान बदलकर रह रहे थे।



#### वाशी में सब्जी मार्केट में डेरा जमाए थे बांग्लादेशी

नवी मुंबई के वाशी इलाके में एशिया के सबसे बड़े सब्जी और फल बाजार में नवी मुंबई पुलिस ने शुक्रवार को छापेमारी कर 50 से ज्यादा बांग्लादेशियों को हिरासत में लिया है। इनके दस्तावेजों की जांच की जा रही है। इसके साथ ही एक्सपोर्ट और इंपोर्ट होने वाले फलों की बॉक्स भी जांच किया, ड्रग्स तस्करी का शक के बिनाह पर कई लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। अब तक पुलिस ने 15 लोगों से अलग–अलग पूछताछ की है। पिछले कई दिनों से पुलिस की तरफ से धरपकड़ जारी है। अधिकारियों की माने तो आने वाले दिनों ऐसी कई और कार्रवाई देखने को मिल सकती हैं।

### पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी ने की मांग

## छोटी दुकानों को कमर्शियल श्रेणी में न रखें

#### वन मंत्री गणेश नाईक को लिखा पत्र

**बोरीवली।** संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान, केतकीपाड़ा में सौ-ड़ेढ़ सौ फुट की छोटी-छोटी दुकानों में घरेलू उपयोग में आने वाला सामान बेचा जाता है, लेकिन इन्हें कमर्शियल (व्यावसायिक) गतिविधि के नाम पर और उस श्रेणी में रखकर कोर्ट के आदेश की अवहेलना करके वन विभाग द्वारा यहां बड़े पैमाने पर तोड़क कार्रवाई करने की तैयारी की जा रही है।



संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान के वन अधिकारियों द्वारा माननीय न्यायालय के मूल आदेश को दरकिनार कर और दिशाभूलपूर्ण रखते हुए केतकीपाड़ा के इन गरीब लोगों को नोटिस देकर कथित रूप से डराया जा रहा है। इस मामले को संज्ञान में लेते हुए उत्तर मुंबई के पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी ने महाराष्ट्र राज्य के वन मंत्री गणेश नाईक को पत्र लिखकर इस मामले में हस्तक्षेप करने और केतकीपाड़ा के असहाय नागरिकों को न्याय दिलाने की मांग करते हुए पत्र में लिखा है कि वन मंत्री अपने कार्यालय में जल्द से जल्द एक संयुक्त बैठक का आयोजन करके इस गंभीर विषय पर उचित निर्णय लें ताकि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना न हो और केतकीपाड़ा के नागरिकों पर अन्याय भी न हो।

# बयान से मुकर गए गवाह

#### हत्या के पांच आरोपी अदालत से रिहा

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक अदालत ने हत्या के पांच आरोपियों को सबूतों के अभाव में रिहा करने का आदेश दिया। पांचों आरोपियों पर साल 2014 में एक युवक की हत्या का आरोप था। कल्याण सेशन कोर्ट की अतिरिक्त जज मंगला ए मोते ने गवाहों के बयान से मुकरने के बाद आरोपियों को रिहा करने का फैसला सुनाया।



अदालत ने वसंत गुलाब उबाले (51 वर्षीय), पीयूष रमेश जगताप (40 वर्षीय), संदीप मगन पंडित (45 वर्षीय) अक्षय रमेश जगताप (33 वर्षीय) और प्रवीण सुरेश चिकाने (40 वर्षीय) पर आईपीसी की धारा 302 (हत्या), 307 (हत्या की कोशिश) और अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। मामले की सुनवाई के दौरान एक आरोपी की मौत हो चुकी है। घटना 9 सितंबर 2014 को हुई थी, जब लोगों के एक समूह ने लाठी-डंडों और लोहे की छड़ के साथ तीन लोगों पर हमला कर दिया था। पिटाई से एक पीड़ित सचिन रोंगेट की मौत हो गई थी और दो अन्य लोग घायल हो गए थे।

पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया और साल 2016 में आधिकारिक रूप से आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए गए। मार्च 2025 में मुकदमे की सुनवाई पूरी हुई। जज ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपों को साबित नहीं कर सका और गवाह भी अपने बयान से मुकर गए।

जज ने कहा कि 'ऐसा लगता है कि मुकदमे की सुनवाई के दौरान ही दोनों पक्षों में समझौता हो गया है।

आरोपियों के खिलाफ कोई भी ऐसा सबूत पेश नहीं किया गया है, जिससे उनका अपराध साबित हो। ऐसे में उन्हें रिहा किया जाता है।'


## 21 को धरना देंगे ऑटो चालक

**मुंबई।** मुंबई वासियों को ट्रैफिक से निजात दिलाने के लिए महाराष्ट्र कैबिनेट ने ओला, उबर, रैपिडो जैसी राइड-हेलिंग सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए ई-बाइक टैक्सियों को मंजूरी दी है। सरकार के इसी फैसले से ऑटो ड्राइवर नाराज हैं। महाराष्ट्र ऑटो रिक्शा चालक-मालिक संघ संयुक्त कार्रवाई समिति ने ई-बाइक टैक्सी सेवाओं को मंजूरी देने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले के विरोध में 21 मई को राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है। राज्य भर में सभी क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों (आरटीओ) के सामने प्रदर्शन होने वाले हैं।



# वेस्टर्न एक्सप्रेस-वे पर ट्रक-बाइक की टक्कर

**मुंबई।** मुंबई के गोरेगांव पूर्व, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर काम पर जा रहे 53 वर्षीय एक सुरक्षा गार्ड को ट्रक ने टक्कर मारी, जिसके चलते वो बुरी तरह घायल हो गया। उसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान अशोक डांगे के रूप में हुई है। अशोक डांगे अपनी मोटरसाइकिल से काम के लिए मलाड जा रहे थे, तभी एक डंपर ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इससे वह वह सड़क पर गिर गए और बुरी तरह चोटिल हो गए। मुंबई के आरे पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने बताया कि डांगे जोगेश्वरी ईस्ट में एक कंपनी में रात में सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करते थे। दिन में छोटा सा व्यवसाय चलाते थे। वह नियमित रूप से मॉल से सामान खरीदते थे और घर ले जाते थे। अशोक डांगे रोजाना की तरह घर से निकले। देर रात करीब 1:30 बजे डांगे के बेटे को पुलिस की ओर से फोन किया गया और एक्सीडेंट की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि उनके पिता को जोगेश्वरी ट्रॉमा केयर सेंटर ले जाया गया है। खबर मिलते ही डांगे का परिवार अस्पताल पहुंचा। आरे पुलिस अधिकारी ने जानकारी दी कि पुलिस ने बीएनएस की संबंधित धाराओं 106(1) और 281 के तहत मामला दर्ज किया है। डंपर ट्रक चालक की पहचान 29 वर्षीय शेषराव चौहान के रूप में हुई है, जो नायगांव का रहने वाला है। आरे पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ट्रक चालक को नोटिस जारी किया गया है और आगे की जांच जारी है।


चालक की मौत

# जैसलमेर में अंधड़ से भारी नुकसान

## 20 गांव और 100 ढाणियों की लाइट गुल

**जैसलमेर।** जैसलमेर में गुरुवार की शाम आए अधंड़ ने तबाही मचाई। तेज आंधी से कई गांव-ढाणियों में लाइट चली गई। जबकि वितरण एवं प्रसारण निगमों को भी बड़ा नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार, अधंड से जोधपुर डिस्कॉम के 33 और 11केवी के कुल 577 पोल गिर चुके हैं। 10 ट्रांसफार्मर टावर भी धराशायी हो गए। तूफान की चपेट में आने से डिस्कॉम का भोजका पॉवर हाउस में लगा एक पॉवर ट्रांसफार्मर भी गिर गया, जिसकी लागत करीब 53 लाख रुपए है। अंधड़ में जोधपुर डिस्कॉम वितरण विभाग को करीब एक करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।



### चांधन-मोहनगढ़ में 132 केवी के चार बड़े टॉवर गिरे

जोधपुर विद्युत वितरण निगम के प्रसारण निगम के चांधन-मोहनगढ़ 132केवी लाइन के चार टॉवर धराशायी हुए हैं। जिससे मोहनगढ़ सब डिवीजन की बिजली सप्लाई पूरी तरह से बंद हो गई है। मोहनगढ़ सब डिवीजन के अंतर्गत आने वाले 20 से अधिक गांवों व 100 से अधिक ढाणियों व मुरबों की बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बंद हो चुकी है।

### प्रसारण निगम के कुल 15 टॉवर गिरे

प्रसारण निगम के एसई जीएल जैन ने बताया कि 50 से 60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चली आंधी-तूफान में प्रसारण निगम के कुल 15 टॉवर गिर चुके हैं और बिजली की लाइनें भी टूटी है।

### डिस्कॉम के 33 केवी के 27 पोल गिरे

बिजली निगम के एसई भैराराम चौधरी ने बताया कि तूफान की चपेट में आने से जोधपुर डिस्कॉम वितरण निगम को एक करोड़ रुपए का नुकसान हुआ हैं। डिस्कॉम के 33 केवी के 27 पोल गिरे है। वहीं 11 केवी के 550 पोल धराशायी हुए है। इसके अलावा भोजका पॉवर हाउस का पॉवर ट्रांसफार्मर व अन्य छोटे बड़े 10 ट्रांसफार्मर गिरे हैं। डिस्कॉम की टीम मौके पर जुट चुकी है। डिस्कॉम टीमों द्वारा प्रयास किया जा रहा है कि जल्द से जल्द पोल खड़े कर बिजली आपूर्ति सुचारु की जा सके।

## जोधपुर : पानी प्रदूषित होने से मरी मछलियां

**दुर्गंध से परेशान स्थानीय लोगों ने जताया आक्रोश**

**जोधपुर।** शहर के चांदपोल के बाहर विधाशाला किला रोड़ पर स्थित जालेची झालरा के अंदर शनिवार सुबह बहुत सारी मछली मरी हुई पाई गई। इससे दुर्गंध फैलने पर स्थानीय निवासियों ने आक्रोश जताया। सभी मोहल्लेवासियों ने इकट्ठे होकर



इसका विरोध जताया। उन्होंने बताया कि जालेची का पानी पीने के योग्य हैं। कॉलोनीवासी यहां मछलियों को आटा डालने के लिए आने वाले लोगों को मना करते हैं लेकिन फिर भी लोग नहीं मानते हैं। इससे पानी प्रदूषित हो गया। प्रदूषण के कारण मछलियां मर गई। लोगों का कहना है कि झालरा में नया पानी आता रहेगा तो पानी साफ रहेगा, सभी के पीने की योग्य रहेगा। उन्होंने जिला कलक्टर, मत्स्य विभाग एवं जलदाय विभाग से स्थायी समाधान की मांग की ।

# जैसलमेर : चने से भरा ट्रक पलटा

**दो महीने से जर्जर थी पुलिया, नहीं जागे अधिकारी**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर के मोहनगढ़ नहरी क्षेत्र में किसानों के चने की फसल ले जा रहा ट्रक जेजेडब्ल्यू की 16 आरडी के पुलिए पर पलट गया। जिससे ट्रक के ड्राइवर रउफ खान व हैल्पर यासीन खान घायल हो गए। ट्रक के पलटने से उसमें भरा चना भी नहर में गिर गया। गौरतलब है कि यह पुलिया पिछले लंबे समय से जर्जर थी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना सार्वजनिक निर्माण विभाग व नहरी विभाग को दी थी। दोनों विभाग पुल की जिम्मेदारी नहीं ले रहे। गनीमत रही कि नहर में पानी नहीं था अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। ग्रामीणों ने ट्रक और उससे गिरे चने को नहर से बाहर निकालने में मदद की। ग्रामीणों द्वारा पिछले दिनों पुलिए की जर्जर अवस्था को देखते हुए दोनों तरफ पत्थर व बबूल की झाड़ियां रखकर आवागमन रोक दिया गया था। बार-बार इसको लेकर चेताया था, मगर किसी ने भी इस तरफ ध्यान ही नहीं दिया। लेकिन शुक्रवार शाम आई तेज आंधी के कारण बबूल की झाड़ियां उड़ गई। जिसके बाद मोहनगढ़ से चने की फसल लेकर जोधपुर जा रहा ट्रक इस जर्जर पुलिए के ऊपर चढ़ने से वो दरक गया। जिससे ट्रक पलटकर माइनर में गिर गया।



### जर्जर पुलिया बना हादसे का कारण

किसान नेता साभान खान ने बताया कि जेजेडब्ल्यू की 16 आरडी पर पिछले लंबे समय से पुलिया जर्जर था। ग्रामीणों व किसानों ने इसकी सूचना पीडब्ल्यूडी व नहरी विभाग को दी। दोनों विभागों द्वारा इसे अपना काम नहीं बताते हुए कोई कार्रवाई नहीं की। नहरी विभाग द्वारा इसे सार्वजनिक निर्माण विभाग व पीडब्ल्यूडी द्वारा इसे नहरी विभाग का बताते हुए पल्ला झाड़ लिया गया। जिस पर ग्रामीणों ने दुर्घटना से बचाव के लिए दोनों तरफ बबूल की झाड़ियां रख दीं।

### मोहनगढ़ से जोधपुर जा रहा था ट्रक

ट्रक में करीब 450 कट्टे चने के भरे थे। किसानों की चने की फसल को मोहनगढ़ से जोधपुर ले जाया जा रहा था। लेकिन दुर्घटनाग्रस्त होने से जहां ट्रक को नुकसान हो गया है। वहीं किसानों की फसल भी नहर में गिर गई है। हालांकि नहर में पानी ज्यादा नहीं होने से कम फसल को ही नुकसान पहुंचा है। लेकिन ट्रक के ड्राइवर रउफ खान व हैल्पर यासीन खान घायल हो गया। लेकिन एक बारगी किसानों को इस दुर्घटना ने परेशानी में डाल दिया है।

# आत्महत्या मामले में परिजनों का प्रदर्शन

**जोधपुर।** जोधपुर में माता का थान थाना इलाके में युवती के सुसाइड मामले को लेकर परिजनों और समाज के लोगों ने भदवासिया इलाके में



प्रदर्शन किया। उन्होंने इस मामले में पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही। परिजनों का कहना है कि युवती कि 30 अप्रैल को उन्होंने थाने में रिपोर्ट दी थी, लेकिन पुलिस ने समय रहते कार्रवाई नहीं की। युवती के साथ पूर्व में भी आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की थी और सुसाइड के लिए उकसाया गया। उन पर समझौते का दबाव बनाया जा रहा है। परिजनों ने शुक्रवार शाम को माता का थान थाने पर प्रदर्शन किया था। युवती के परिजनों ने थाने में दी रिपोर्ट में बताया कि आरोपी शंकर लाल और उसके बेटे उनके परिवार के लोगों को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पहले भी आरोपियों ने उनकी बेटी के साथ मारपीट और गाली-गलौज की थी। अब आरोपी पार्षद के जरिए समझौता का दबाव बना रहे हैं।

# स्कूल से चुराए 10 कंप्यूटर बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले की बिजराड़ पुलिस ने ऑपरेशन खुलासा के तहत स्कूल में हुई चोरी का खुलासा करते हुए एक चोर को गिरफ्तार किया है। चोर ने डेढ़ माह पहले चोरी की वारदात की थी। वहीं उसके कब्जे से 10 कंप्यूटर मय सामान बरामद किया है। फिलहाल पुलिस टीम आरोपी से अन्य चोरी की वारदातों को लेकर पूछताछ कर रही है। साथ ही उसके साथी की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार हायर सेकेंडरी स्कूल बिंढाणियों की ढाणी के प्रिंसिपल ने 15 मार्च को पुलिस थाना बिजराड़ में रिपोर्ट दी थी। जिसमें बताया कि रात के समय में स्कूल के कंप्यूटर रूम में लगे 10 कंप्यूटर व अन्य सामान चुरा कर ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट पर बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की गई। बिजराड़ थानाधिकारी मगाराम ने बताया कि घटना स्थल का मौका मुआयना करने के बाद थाना स्तर पर टीम बनाई गई। टीम ने सूचना व तकनीकी सहयोग से अज्ञात चोर की तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने कुछ संदिग्धों पर निगरानी रखी गई। इस दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध केशव कुमार पुत्र प्रतापाराम निवासी बीढाणियों की ढाणी बीजराड़ को डिटेन कर गहनता से पूछताछ की गई। उसने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर चोरी की वारदात करना स्वीकार किया। इस पर पुलिस ने केशव कुमार को गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर चुराए 10 कंप्यूटर मय सामान को बरामद कर लिया। आरोपी पूछताछ की जा रही है। पूरी कार्रवाई में कॉन्स्टेबल रतनाराम व बाबूलाल की विशेष भूमिका रही है।



■ पुलिस ने 45 दिन बाद किया खुलासा

# जोधपुर शहर में छह को नहीं होगी जलापूर्ति

**जोधपुर।** गर्मी के मौसम को देखते हुए जल भंडारण और जोधपुर शहर के फिल्टर प्लांट, पंप हाउस एवं पाइप लाइनों के रखरखाव एवं सफाई का र्य किया जाएगा। इससे छह मई को जोधपुर शहर के समस्त फिल्टर हाउस से सभी क्षेत्रों में जलापूर्ति बंद रहेगी। जलदाय विभाग की ओर से अधीक्षण अभियंता राजेन्द्र मेहता ने बताया कि झालामण्ड एवं तख्तसागर फिल्टर हाउस से जुड़े क्षेत्रों जैसे सरस्वती नगर, कुड़ी भगतासनी हाउसिंग बोर्ड के विभिन्न सेक्टर एवं पाल बाईपास, शिल्पग्राम के आसपास के क्षेत्रों में छह मई को सुबह 10 बजे तक जलापूर्ति सामान्य रूप से की जाएगी।



# पांच घंटों में तीन आरोपी गिरफ्तार

**बाड़मेर।** बाड़मेर कोतवाली पुलिस ने ऑपरेशन खुलासा के तहत कार्रवाई करते हुए पांच घंटों में लूट की वारदात का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों का बापर्दा गिरफ्तार किया है। शनिवार दोपहर के समय दिनदहाड़े महिला के गले से मंगलसूत्र लूट कर बदमाश बाइक पर भाग गए थे। एएसपी जसारमा बोस ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर करीब तीन बजे मीना पत्नी संपतराज जैन का मंगलसूत्र लूट कर ले जाने के मामले में पुलिस ने अलग-अलग टीमें बनाई। टीमों ने कड़ी मशक्कत के बाद जसु (24) पुत्र सावताराम निवासी रेलवे कुआं नंबर तीन बाड़मेर, स्वरूप दान (25) पुत्र भगवान दान इंद्रा नगर बाड़मेर, देवू खान (23) पुत्र भूरा खान निवासी विशाला बाड़मेर ग्रामीण को गिरफ्तार किया है। फिलहाल इनसे पूछताछ की जा रही है। यह तीनों आपस में दोस्त है। पुलिस ने बताया कि जसु के खिलाफ कोतवाली में चोरी सहित अन्य दो मामले दर्ज है। स्वरूपदान के एससी-एसटी मारपीट का एक मामला दर्ज है। यह आरोपी मौज मस्ती के चोरी व लूट की वारदात को अंजाम देते थे। पीड़ित महिला मीना देवी ने बताया कि मेरी सास का हाल ही निधन हो गया था। सामाजिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने देवरानी के साथ जैन धर्मशाला गए थे। वहां से दोनों घर लौट रहे थे। रास्ते में तीन नकाबपोश युवकों ने पहले हमारा पीछा किया। इसके बाद सुनसान गली देख एक नकाबपोश युवक गली में हमारे पीछे आ गया। मैंने गले में दो तोले का मंगलसूत्र पहना था। उसने झपट्टा मारा और मंगलसूत्र लूटकर भाग गया।

■ मौज मस्ती के लिए करते लूट-चोरी



### सीसीटीवी में दिखे तीन युवक

बाइक पर नकाबपोश तीन युवकों ने पहले दोनों महिलाओं का पीछा किया। जब सकड़ी गली से महिलाएं घर की ओर जाने लगी। दो युवक बाइक पर बैठे रहे एक युवक उन महिलाओं के पीछे गया। महिला के गले में पहना दो तोले का मंगलसूत्र लूट कर चलती बाइक के पीछे बैठकर भाग गए।

# बाड़मेर : 12 साल में सबसे ज्यादा गर्मी

**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले में इन दिनों आंधी का दौर चल रहा है। इससे गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज हुई है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 43.4 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं शनिवार को न्यूनतम तापमान 30.8 डिग्री से गिरकर 28 डिग्री पहुंची। इधर आंधी से डिस्कॉम को शिव में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। मौसम विभाग ने आगामी दो-तीन दिन तक आंधी और बारिश की संभावना जताई है। दरअसल, मई माह की शुरुआत से आंधी का दौर शुरू हो गया। इससे गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। गुरुवार रात को आई आंधी से जन-जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। गुरुवार की शाम को आए तेज अंधड़ ने तबाही मचाई। बीती रात आए तेज अंधड़ ने डिस्कॉम के पूरे बिजली तंत्र को बिगाड़ दिया है। जिसके कारण डिस्कॉम वितरण और प्रसारण विभागों को काफी नुकसान उठाना पड़ा। बाड़मेर में आई तेज आंधी के कारण डिस्कॉम के नौ ट्रांसफार्मर खराब हो गए। इसके साथ ही 11 केवी के 169 और एलटी के 89 बिजली के पोल गिर गए। गुरुवार रात में आए तूफान ने बाड़मेर जिले के शिव और भियाड़ इलाके में सबसे अधिक नुकसान हुआ है। शनिवार को सुबह से रुक-रुक हवाओं का दौर चल रहा है। वहीं तेज धूप भी खिली है। दो दिन तक चली आंधी से तापमान में गिरावट आई। लू का असर कम हुआ लेकिन उमस ने लोगों के हाल बेहाल कर दिया है। आसमान में हल्के बादलों की भी आवाजाही हो रही है। इस बार बाड़मेर में अधिकतम तापमान 46.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यह अप्रैल में किसी भी जिले का सबसे ज्यादा तापमान रहा। ये 30 अप्रैल को दर्ज हुआ। बाड़मेर में 2014 के बाद इतना तापमान इस साल दर्ज हुआ है। पिछले 12 सालों का रिकॉर्ड देखें तो बाड़मेर में पांच बार ऐसा रहा, जब अप्रैल के महीने में पारा 45 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर दर्ज हुआ। सात सीजन ऐसे रहे, जब पारा 45 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ।



■ तीन डिग्री तापमान गिरकर पहुंचा 43.4 डिग्री
■ तीन दिन बारिश-आंधी की संभावना

## व्यापार जगत

# एसबीआई लेकर आया 'हर घर लखपति स्कीम'

■ इसमें हर महीने 593 जमा करने पर मिलेंगे एक लाख

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक यानी एसबीआई एक खास रिकरिंग डिपॉजिट स्कीम 'हर घर लखपति' चला रहा है। इस स्कीम के तहत आप हर महीने छोटी-छोटी रकम जमा करके एक लाख या इससे ज्यादा रुपए इंतजाम कर सकते हैं। इसमें सामान्य नागरिकों को अधिकतम 6.75% और वरिष्ठ नागरिकों (सीनियर सिटीजन) को अधिकतम 7.25% सालाना ब्याज दिया जा रहा है।




### कौन कर सकता इसमें निवेश

कोई भी भारतीय नागरिक इस स्कीम में निवेश कर सकता है। व्यक्ति इसमें अकेले या जॉइंट अकाउंट खोल सकते हैं। वहीं माता-पिता (अभिभावक) अपने बच्चे (10 साल से अधिक उम्र का और सही से हस्ताक्षर करने में सक्षम) के साथ खाता खोल सकते हैं।

### सबसे पहले समझें आरडी क्या है?

रिकरिंग डिपॉजिट या आरडी बड़ी बचत में आपकी मदद कर सकती है। आप इसका इस्तेमाल गुल्लक की तरह कर सकते हैं। मतलब आप इसमें हर महीने सैलरी आने पर एक निश्चित रकम डालते रहें और इसके मैच्योर होने पर आपके हाथ में बड़ी रकम होगी। हर घर लखपति का मैच्योरिटी पीरियड आमतौर पर तीन साल से 10 साल तक रहता है। यानी आप तीन साल से 10 साल तक के लिए निवेश कर सकते हैं।

### फॉर्म 15H-15G करें जमा

अगर आपकी आरडी से सालाना ब्याज आय 40 हजार रुपए (सीनियर सिटीजन के मामले में 50 हजार रुपए) से अधिक है, लेकिन आपकी कुल सालाना आय (ब्याज आय मिलाकर) उस सीमा तक नहीं है, जहां उस पर टैक्स लगे तो बैंक टीडीएस नहीं कटता है। इसके लिए सीनियर सिटीजन को बैंक में फॉर्म 15H और अन्य लोगों को फॉर्म 15G जमा करना होता है। फॉर्म 15G या फॉर्म 15H खुद से की गई घोषणा वाला फॉर्म है।

# सोने-चांदी में गिरावट

**सोना 1,677 गिरकर 93,954 पर आया**
**चांदी 3,559 कम होकर 94,125 किलो बिक रही**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार पिछले शनिवार यानी 26 अप्रैल को सोना 95,631 रुपए पर था, जो अब (तीन मई) को 93,954 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 1,677 रुपए कम हुई है। वहीं, चांदी की बात करें तो ये पिछले शनिवार को 97,684 रुपए पर थी, जो अब 94,125 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है। इस तरह इस हफ्ते इसकी कीमत 3,559 रुपए कम हुई है। सोना की कीमत बीते 11 दिनों में अपने ऑल टाइम हाई से 5,146 रुपए कम हो चुकी है। वहीं चांदी की की बात करें तो इसकी कीमत 6,809 रुपए कम हो चुकी है। सोने ने 22 अप्रैल को 99,100 का और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था।



### चार महानगरों में सोने की कीमत

- **दिल्ली**: 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 87,800 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 95,660 रुपए है।
- **मुंबई**: 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 87,550 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 95,510 रुपए है।
- **कोलकाता**: 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 87,550 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 95,510 रुपए है।
- **चेन्नई**: 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 87,550 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 95,510 रुपए है।

## आप का राशिफल 4 मई

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। शुभांक-1-3-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-3-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु तोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-6-8-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-2-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। यात्रा का योग हैं। शुभांक-2-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। शुभांक-2-5-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। समय का सदुपयोग करें। साधन और भोग-विलास के प्रचुर अवसर होंगे। शुभांक-2-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा। धन वृद्धि होगी। शुभांक-4-6-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-5-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। शुभांक-4-6-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

# अमूल के बाद पराग ने भी बढ़ाए दूध के दाम

**नई दिल्ली।** अमूल और मदर डेयरी के बाद अब उत्तर प्रदेश की दुग्ध आपूर्ति संस्था लखनऊ दुग्ध संघ (पराग) ने भी दूध की कीमतें बढ़ा दी हैं। यह नई दरें तीन मई से लागू हो गई हैं। कंपनी ने लागत में बढ़ोतरी को इसका कारण बताया है। अब फुल क्रीम दूध का एक लीटर पैक 68 रुपए से बढ़ाकर 69 रुपए कर दिया गया है, जबकि आधा लीटर का पैक 34 रुपए से बढ़ाकर 35 रुपए में मिल रहा है। इससे पहले अमूल, मदर डेयरी और वेरका ब्रांड ने भी देशभर में दूध के दाम में दो रुपए लीटर तक की बढ़ोतरी की थी। मदर डेयरी और वेरका ब्रांड ने 30 अप्रैल और अमूल ने एक मई से कीमतें बढ़ाई थीं। मदर डेयरी के अनुसार, पिछले कुछ महीनों में लागत चार से पांच रुपए प्रति लीटर बढ़ गई है। लागत में ये उछाल मुख्य रूप से गर्मियों की शुरुआत होने के अलावा लू की स्थिति के कारण भी आई है।



■ एक रुपए महंगा मिलेगा फुल क्रीम और टोन्ड दूध

# 6.75% ब्याज पर दो लाख लोन, मुफ्त बिजली

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** बीते साल नरेंद्र मोदी सरकार ने पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना की शुरुआत की थी। इस योजना के तहत सरकार सोलर इंस्टॉलेशन पर 60% तक सब्सिडी देती है। स्कीम के तहत लाभार्थियों को 300 यूनिट तक बिजली बिल्कुल मुफ्त मिलती है। आइए योजना के बारे में विस्तार से जान लेते हैं। इच्छुक घर राष्ट्रीय पोर्टल के माध्यम से सब्सिडी के लिए आवेदन कर सकते हैं, जहां वे छत पर सोलर एनर्जी प्लांट स्थापित करने के लिए उपयुक्त विक्रेता का चयन भी कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट करें। इसके बाद रजिस्ट्रेशन के लिए पर्सनल डिटेल जरूरी होगा। वहीं, कंज्यूमर नंबर और मोबाइल नंबर के जरिए लॉगिन करना अनिवार्य है। इसके अगले स्टेप में रूफटॉप सोलर के लिए अप्लाई करना होगा। यह ऑनलाइन आवेदन होगा। आवेदन के बाद डिस्कॉम के अप्रूवल का इंतजार करना होगा। इसके बाद रजिस्टर्ड वेंडर से प्लांट इंस्टॉल करना होगा। इंस्टॉलेशन होने के बाद प्लांट डिटेल सब्मिट करना होगा और नेट मीटर के लिए अप्लाई जरूरी होगा। नेट मीटर इंस्टॉलेशन और डिस्कॉम की जांच के बाद पोर्टल से कमिशनिंग सर्टिफिकेट लेना पड़ेगा। इसके अगले स्टेप में बैंक डिटेल और कैंसल चेक सब्मिट करना होगा। इस प्रक्रिया के 30 दिन में सब्सिडी बैंक अकाउंट में आ जाएगा। योजना के तहत 12 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक लोन दे रहे हैं। लाभार्थियों को 6.75% की रियायती ब्याज दर पर दो लाख रुपए तक लोन मिलता है। यह लोन बिना किसी जमानत के दिया जाता है। इससे रूफटॉप सौर इंस्टॉलेशन आसान होता है। ऋण आवेदन प्रक्रिया भी पूरी तरह से स्वचालित और ऑनलाइन है। लाभार्थियों को तीन किलोवाट तक के रूफटॉप सोलर सिस्टम के लिए 78000 तक की सब्सिडी मिलती है, जिससे इंस्टॉलेशन लागत काफी कम हो जाती है।



■ बड़े काम की मोदी सरकार की स्कीम

# मई में भारी बारिश की चेतावनी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ से गर्मी का असर कम हो गया है। इस बीच मौसम विभाग ने मई महीने में अति भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार आगामी एक सप्ताह के दौरान बैक टू बैक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से प्रदेश के कई भागों में मेघगर्जन, तेज आंधी, आकाशीय बिजली, वज्रपात के साथ हल्की से मध्यम बारिश दर्ज होने की प्रबल संभावना है। इस बीच विभाग ने सिरोही, बाड़मेर और जालोर में अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

## ▶▶ तूफानी हवा करेगी बेहाल, नया अलर्ट जारी



### आंधी की चेतावनी

दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान के कुछ भागों में 5 से 7 मई के दौरान तीव्र मेघगर्जन और आंधी के साथ मध्यम से तेज बारिश होने की संभावना है। इस दौरान हवा की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा रह सकती है। 6-7 मई को बाड़मेर, जालोर और सिरोही में भारी बारिश हो सकती है। इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी चल सकती है।

### तापमान में बड़ी गिरावट

पिछले 24 घंटे में आंधी-बारिश के कारण तापमान में 2 से 10 डिग्री की बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। राज्य में कहीं-कहीं मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश भी हुई है। मौसम विभाग ने 4 से 7 मई के बीच जयपुर, अजमेर, भरतपुर, उदयपुर, बीकानेर और जोधपुर संभाग में बारिश होने की संभावना जताई है। बीते 24 घंटों में राज्य में कहीं भी उष्ण लहर दर्ज नहीं की गई है।

# बाजार में लगाए 200 परिंडे

**सांचौर।** सांचौर के सिवाड़ा में पटवारी कैलाश डाऊकिया ने पक्षियों की सुरक्षा के लिए अनूठी पहल की है।

गर्मी के मौसम में पक्षियों को पानी उपलब्ध कराने के लिए उन्होंने बाजार में 200 परिंडे लगवाए हैं। डऊकिया ने इस व्यवस्था को स्थायी बनाने अभिनव कदम उठाया है। उन्होंने बाजार के प्रत्येक दुकानदार को एक परिंडे की देखभाल की जिम्मेदारी सौंपी है। राजस्थान पटवार संघ के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष और कर्मचारी महासंघ के जिला मंत्री के रूप में कार्यरत डऊकिया विभिन्न सामाजिक संगठनों से भी जुड़े हुए हैं।



### ये रहे मौजूद

■ इस कार्यक्रम में विक्रम गोदारा, विकास सारण, अरविंद गोदारा, भगजी माली, शिवराज, महीपाल गोदारा, राणाराम, जगदीश बिश्नोई, विक्रम, डालूराम और वालाराम सहित कई लोग मौजूद थे।



# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत

**जीवाणा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ का भीनमाल से जोधपुर जाते समय भाजपा मंडल अध्यक्ष तुलसाराम चौधरी के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष राठौड़ का भाजपा मण्डल के अनेकों कार्यकर्ताओं द्वारा मण्डल कार्यालय पर साफा माला व दुपट्टा पहनाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं के आत्मीय स्वागत से प्रदेश अध्यक्ष खुश नजर आए। साथ ही भाजपा के वरिष्ठ नेता नाहरसिंह जोधा व जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित का भी स्वागत बहुमान किया गया। इस दौरान भाजपा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष तखतसिंह तालियाना , वरिष्ठ भाजपा नेता खेतसिंह धवेचा , खेतलावास सरपंच हाजाराम , दुदवा सरपंच प्रतिनिधि सांवलाराम , भाजपा एससी मोर्चा मण्डल अध्यक्ष मानाराम परमार , रामाराम आलवाड़ा , ताराचंद राजगुरु , पीराराम डाबली , छगनलाल सुथार , नेनाराम , डालूराम , डायालाल , तुलसाराम देवासी , मेराराम चौधरी , बदाराम आकवा , नरिंगाराम दुदवा , पदमाराम चौधरी , धर्माराम रिणवा , चन्दू लोहार , लीलाराम दहिवा , ओबसिंह , भट्टाराम गर्ग सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पहलगाम हमले के बाद जालोर पुलिस अलर्ट

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** पहलगाम हमले के बाद जालोर थाना क्षेत्र में आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की कवायद जारी है। संदिग्ध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस बाहरी राज्यों से आए लोगों का वेरिफिकेशन कर रही है। शुक्रवार को भीनमाल में बाहरी राज्यों के लोगों का पुलिस वेरिफिकेशन शुरू किया गया। गुरुवार-शुक्रवार दो दिन तक जालोर के ग्रेनाइट एसोसिएशन भवन में कैंप लगाकर 372 मजदूरों का वेरिफिकेशन किया गया। इस दौरान पहचान के लिए आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। दोनों दिन कैंप में बाहरी राज्यों से आए लोगों की कतार लगी रही। थानाधिकारी अरविंद सिंह ने बताया- यह कार्यवाही क्षेत्र में रह रहे बाहरी लोगों की जानकारी एकत्रित करने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए की जा रही है। वेरिफिकेशन की यह प्रक्रिया आगे भी लगातार जारी रहेगी और जो भी व्यक्ति संदिग्ध पाया जाएगा, उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई होगी।



## ▶▶ 2 दिन तक लगा कैंप
## ▶▶ बाहर से आए 372 लोगों के दस्तावेजों की जांच

### पुलिस की अपील को सराहा

■ पुलिस की इस पहल को स्थानीय लोगों की ओर से सराहा गया। लोगों ने कहा- त्र की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाया गया है।

# जालोर-चेन्नई के लिए अब सीधी ट्रेन

**जालोर।** जालोर में रेलवे के 96 साल के लंबे इतिहास में पहला मौका है, जब दक्षिण भारत में चेन्नई के लिए समदड़ी-भीलड़ी वाया जालोर सीधी ट्रेन चलेगी। साउथर्न रेलवे की ओर से जारी पत्र के हवाले के अनुसार वर्तमान में 02625 स्पेशल ट्रेन के रूप में चल रही ट्रेन के स्थान पर 20625/ 20626 ट्रेन चेन्नई सेंट्रल-भगत की कोठी रेल सेवा को 3 मई को चेन्नई सेंट्रल रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जालोर जिले के बड़ी संख्या में प्रवासी शिरकत करेंगे। यह ट्रेन सप्ताह में पांच दिन चलेगी। अब तक शादियों की सीजन में लगातार मांग को देखते हुए स्पेशल रेल सेवा के रूप में ही चेन्नई से संचालन किया जा रहा था।



# मनरेगा मजदूरों को एनर्जी पैकेट वितरित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** तपती दोपहरी धूप का मौसम मनरेगा की मजदूरी करने वाले महिला पुरुषों को धूप में कार्य करने थकान या कमजोरी महसूस नहीं हो एवं एंर्जी मिलती रहे इसको लेकर शिव सांई सेवा समिति के तत्वावधान मे चल अभियान के तहत भामाशाह सेठ आकाश कुमार अमीचंद रुपचंद जैन के सहयोग से मनरेगा मजदूरों को गलुकोज डी पैकेट वितरण किया।

इस दौरान उसके के बारे में बताया गया। इस मौके पर मनरेगा मजदूरों के बीच नशा मुक्ति को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। नशेबाजी की बुरी आदतों से तंबाकू का व्यसन बहुत बुरी तरह फैल गया है। यह दुव्र्यसन इतना सामान्य और व्यापक हो गया है कि लोगों के दैनिक जीवन का एक अंग बन बैठा है और इसे मित्रों, मेहमानों तथा अन्य समागतों के प्रति सिगरेट, बीडी आदि के रूप में आदर अभिव्यक्ति का एक अंग मान लिया गया है। इसे समाज के दुर्भाग्य के सिवाय और कुछ नहीं कहा जा सकता। शिव सांई सेवा समिति रानीवाड़ा समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार खण्डेलवाल ने कहा कि एक दिन था जब लोग अभ्यागतों का स्वागत- दूध,दही,शरबत,मक्खन, मलाई, शहद और इसी प्रकार के स्वादिष्ट तथा जीवन पूर्ण पदार्थ से किया करते थे. किंतु आज आते ही उनके सामने बीडी, सिगरेट, हुक्का, चिलम, तंबाकू गुटखा बढा.देते है। मनरेगा के मेट दिनेश कुमार राणा ने कहा की अन्जाने मे आंनद की अनुभूति होने का अहसास होता है वो ही नशीले पदार्थ कहलाते हैं।जिस देश का जीवन स्तर ऊंचा रहता है वो आगे बढ़ता है। नशे के कारण ही देश में गरीबी रेखा से नीचें जीवनयापन करने वाले जीते हैं। नशे से दूर रहने के तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। संगोष्ठी में मनरेगा के मजदूरों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लेते हुए केवाराम, करनाराम, हंसाराम बगदाराम, आसूराम, रुपीदेवी, सुआदेवी, वरजूदेवी, मेथी देवी, उगम देवी, वर्षा देवी, ललिता, जमना देवी, जसू, शारदा, दीवा देवी, मंजू, जोशना, पारुदेवी सहित कई महिलाओं ने नशीले पदार्थों से होने वाली हानि एवं जानलेवा बीमारियों का जिक्र करते हुए उससे बचाव के सुझाव देते हुए शिव सांई सेवा समिति एवं भामाशाह सेठ आकाश कुमार अमीचंद रुपचंद जैन का आभार प्रकट किया।

### ■ संगोष्ठी में नशा मुक्ति का संदेश




# 3 घंटे बिजली रहेगी बंद

## ▶▶ 11 केवी सिटी फीडर पर होगा रखरखाव कार्य
## ▶▶ डिस्कॉम ने किया शेड्यूल जारी




■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जालोर में आज मेंटेनेंस के चलते 3 घंटे बिजली सप्लाई बंद रहेगी। 33/11 के वी सब स्टेशन जालोर शहर से निकलने वाले 11 केवी भागली फीडर की गुजरने वाली लाइनों और खम्भों के आस-पास सीवरेज निर्माण कार्य चल रहा है। इसके चलते शनिवार को 3 घंटे बिजली सप्लाई रोकने का फैसला लिया गया है। नगर परिषद जालोर द्वारा भीनमाल बाइपास रोड पर आशापूर्णा कॉलोनी के पास नागर कोल्डड्रिंक्स के सामने वाली गली में सीवरेज लाइन का कार्य करने के कारण सुबह 9 बजे से 12 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

### यहां बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

■ रखरखाव कार्य के चलते आशापूर्णा कॉलोनी, रामदेव कॉलोनी, भीनमाल बाईपास, शांतिनगर बी ब्लॉक, नई ब्रह्मपुरी कॉलोनी, अंबेडकर कॉलोनी व केदारनाथ कॉलोनी की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी

ध्वजारोहण महोत्सव में उमड़ा सैलाब

# भजनों की धुनों से भक्तिमय हुआ वातावरण

**जसवंतपुरा।** कस्बे के जीतपुरा रोड पर स्थित जवाड़िया बेरे पर स्थित सोनगरा वीर मामाजी मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है, जहां शनिवार को बारहवां वार्षिकोत्सव और ध्वजारोहण महोत्सव बड़ी धूमधाम और धार्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर मंदिर प्रांगण में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। भोपाजी पारस भाई प्रजापत के नेतृत्व में लाभार्थी परिवार द्वारा शुभ मुहूर्त में मंदिर के शिखर पर पारंपरिक ढोल-नगाड़ों की गूंज के साथ विधिवत रूप से ध्वजा चढ़ाई गई। ध्वजारोहण के साथ ही मंदिर परिसर "सोनगरा वीर मामाजी की जय" के नारों से गूंज उठा। इस आध्यात्मिक वातावरण को और भी मनोहारी बना दिया महिलाओं द्वारा गाए गए मंगल गीतों ने, जिन्होंने पूरे आयोजन में पवित्रता और सौहार्द का रंग घोला। मंदिर को रंग-बिरंगी सजावट और आकर्षक रोशनी से भव्य रूप में सजाया गया था, जो दूर से ही श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहा था। ध्वजारोहण के पश्चात मंदिर परिसर में विशाल महाप्रसादी का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भक्ति भाव से प्रसाद ग्रहण किया। बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों—सभी में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। रात्रि में आयोजित भक्ति संध्या कार्यक्रम का आयोजन विशेष आकर्षण रहा। कालंद्री के प्रसिद्ध गायक मोहनदास वैष्णव एंड पार्टी ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। जैसे-जैसे रात बढ़ती गई, वातावरण में भक्ति की गहराई । यह आयोजन सिर्फ एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, संस्कृति और श्रद्धा का प्रतीक बन गया है ।



# सैन समाज की दूसरी रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता 25 से



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** जालोर जिले के भीनमाल शहर में सैन समाज की द्वितीय रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता 23 से 25 मई तक आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में संपूर्ण राजस्थान की 16 या अधिक टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर सैन समाज खेलकूद प्रतियोगिता कमेटी जालोर के वरिष्ठ जन और सदस्य लगे हुए हैं। यह प्रतियोगिता भीनमाल शहर के शिवराज/सुखराज नाहर स्टेडियम में खेली जाएगी। प्रतियोगिता रात्रि कालीन होने के कारण स्टेडियम को दूधिया रोशनी से सजाया जाएगा।

### स्थानीय समाज की होगी अहम भूमिका

भीनमाल शहर के सैन समाज के स्थानीय समाज बंधु इस प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए तन-मन-धन से लगे हुए हैं। उनका मानना है कि इस प्रतियोगिता को शानदार ढंग से सफलतापूर्वक संपन्न कराने से पूरे राज्य की सैन समाज में संदेश जाएगा कि भीनमाल शहर व पूरे जालौर जिले की सैन समाज सामाजिक कार्य में अव्वल है।

### मेहमानों के लिए अच्छी व्यवस्था

प्रतियोगिता में शामिल होने वाले बाहर के बाहर के मेहमानों और खिलाड़ियों के लिए स्टेडियम के समीप सैन समाज छात्रावास में रात्रि विश्राम और भोजन की व्यवस्था की जा रही है। जिसमें संपूर्ण राजस्थान की टीमें भाग लेंगी।

# मगाराम देवासी को दी श्रद्धांजलि



**भीनमाल।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ व राज्य मंत्री ओटाराम देवासी ने शनिवार को भाजपा प्रदेश मंत्री व भीनमाल नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष सांवलाराम देवासी के पिता मगाराम देवासी के निधन पर उनके निवास स्थान पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भाजपा नप्रदेश उपाध्यक्ष नाहरसिंह जोधा,भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित,पूर्व जिला अध्यक्ष राव श्रावण सिंह बोरली, पूर्व जिला प्रमुख वनेसिंह गोहिल, पूर्व विधायक पूराराम चौधरी,पूर्व राज्य मंत्री भूपेंद्र देवासी, भाजपा नगर अध्यक्ष प्रवीण एम दवे, पूर्व नगर अध्यक्ष भरत सिंह भोजानी व महेंद्र सोलंकी, टीकम सिंह राणावत, नरिंगाराम चौधरी, भाजपा नेता जोरावर सिंह राव, पुखराज चौधरी बागोटी, वरिष्ठ भाजपा नेता शेखर व्यास, युवा नेता भरत सिंह राव, सुरेश बंजारा, साजनराम विश्नोई,पूर्व पार्षद महेंद्र जीनगर,जयंतीलाल घांची व सुरेश एम बोहरा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। मदन राठौड़ व ओटाराम देवासी ने मगाराम जी देवासी के पुत्र वजाराम देवासी व सांवलाराम देवासी और पौत्र नरेश देवासी को ढांढस बंधाया।

# वीरमदेव कान्हड़देव चौहान पैनोरमा निर्माण कार्य का निरीक्षण

## ▶▶ राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने लिया जायजा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने शनिवार को जिला मुख्यालय पर पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक जालोर परिसर में वीरमदेव कान्हडदेव चौहान पैनोरमा के लिए आवंटित भूमि स्थल पर शुरू हुए निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने वीरमदेव कान्हडदेव पैनोरमा के संबंध में संबंधित फर्म को शीघ्र निर्माण कार्य गुणवता के साथ एवं समय पर पूर्ण करने के दिए निर्देश दिए। उन्होनें बताया कि जिला मुख्यालय पर लगभग चार करोड़ लागत से भव्य वीर वीरमदेव कान्हड़देव चौहान पैनोरमा का निर्माण किया जाएगा। पैनोरमा में वीरमदेव तथा कान्हड़देव के इतिहास एवं शौर्य की गाथा को दर्शाया जाएगा साथ ही जालोर के इतिहास को भी पैनोरमा के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। पैनोरमा में जालोर की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत की झलक भी देखने को मिलेगी। निरीक्षण के दौरान उन्होने बताया कि निर्माण कार्य प्रांरभ किया जा चूका है तथा नींव में पानी की समस्या के निदान के लिए जयपुर से आए विशेषज्ञ इंजिनियरों द्वारा अप्रूव्ड डिजाइन के अनुरूप निर्माण करवाया जाएगा। उन्होनें कहा कि स्कूली पाठ्यक्रम में वीर वीरमदेव के योगदान एवं मूल्यों को पढ़ाये जाने की आवश्यकता है जिससे आने वाली पीढ़ी उनके योगदान को याद रखें।



# पारस घांची ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा की ली सदस्यता

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** एवरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पार्षद प्रतिनिधि भीनमाल निवासी पारस घांची ने शनिवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़एमुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्गएसांसद लुंबाराम चौधरीए आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित व रानीवाड़ा के पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। घांची का भाजपा नेताओं द्वारा भाजपा का दुपट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल किया गया। निकटवर्ती बागरा गांव में शनिवार को आयोजित प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान पारस घांची ने भाजपा की राष्ट्रवादी सोच ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रवादी नीतियों व जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर कांग्रेस छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में घांची समाज के गणमान्य लोग मौजूद थे। ज्ञात रहे कि पारस घांची की पुत्र वधु भावना घांची भीनमाल नगरपालिका में कांग्रेस पार्टी से गत चुनावों में पार्षद चुनी गई थी।



चितलवाना में पर्यावरण के लिए अनूठी पहल

# 8000 लोगों को तांबे के लोटे से पिलाया पानी

## ▶▶ प्लास्टिक और नशे के प्रति किया जागरूक

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** सांचौर के चितलवाना में खिलेरियों और गोदारों की ढाणियों में आयोजित एक सामूहिक समारोह में पर्यावरण संरक्षण का अनूठा उदाहरण देखने को मिला। कोशिश पर्यावरण सेवक टीम सांचौरी-मालाणी ने इस कार्यक्रम को पर्यावरण के अनुकूल बनाने का बीड़ा उठाया। टीम ने समारोह में दो महत्वपूर्ण शर्तें रखीं। जिसमें पहली शर्त नशे पर पूर्ण प्रतिबंध और दूसरी सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करना। पर्यावरण सेवकों ने कार्यक्रम स्थल को जगह-जगह पर्यावरण जागरूकता के बैनर और तख्तियों से सजाया। उन्होंने लोगों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाया। समारोह में विशेष पर्यावरण स्टॉल लगाया गया। यहां मेहमानों को तांबे के लोटों में पानी परोसा गया। टीम ने लोगों को प्राचीन भारतीय संस्कृति के अनुरूप धातु और मिट्टी के बर्तनों के उपयोग के लिए प्रेरित किया। भोजनशाला में भी विशेष व्यवस्था की गई। करीब 3000 लोगों ने भोजन किया और एक कण भी जूठन नहीं छोड़ा। कुल मिलाकर, इस कार्यक्रम के माध्यम से लगभग 8000 लोगों तक पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति और जूठन मुक्त भोजन का संदेश पहुंचा। किशनाराम बांगड़वा, स्टेट अवार्डी शिक्षक जगदीश प्रसाद विश्नोई, धोलाराम कपासिया, डॉक्टर उदयराज खिलेरी समेत कई पर्यावरण सेवकों ने इस अभियान में योगदान दिया।




# श्रीयादेवी मन्दिर की वर्षगांठ

**रानीवाड़ा।** रानीवाड़ा शहर के बाईपास रोड पर स्थित श्रीयादे मन्दिर पर 24वीं वर्षगांठ का आज रविवार को आयोजन किया जाएगा। जिसमें हजारों की सख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। मंदिर में हर वर्ष की तरह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अध्यक्ष पहलाद कुमार भापडी ने बताया कि श्रीयादेवी मन्दिर कि वर्षगांठ आज रविवार को मनाई जाएगी जिसमे 10पटी राजस्थान,गुजरात सहित अन्य राज्यों से श्रद्धालु पहुंचेंगे जिसमें कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे रात्रि में भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा एवं ध्वजा भी चढाई जाएगी।

### ■ हजारो की संख्या में पहुचेगे श्रद्धालु

# शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरी : लखावत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकारसिंह लखावत ने कहा कि आज के युग में शिक्षा के साथ संस्कार बेहद जरुरी है। वे शनिवार को चारण समाज छात्रावास में आयोजित करणी माता मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा हमारे व्यक्तित्व का सम्पूर्ण विकास करती है। उन्होंने बालिका शिक्षा को बढावा देने व उन्हें उचित मंच प्रदान करने की बात कही। साथ ही उन्होंने हमारी परम्पराओं व रीति रिवाजों को सहेजने की भी बात कही। इस अवसर पर राजस्थान सरकार के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि जिले में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, ऐसे में उन्हें प्रोत्साहित करना समाज की जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने कहा कि आज की ये प्रतिभाएं आगे जाकर समाज सेवा करेगी। इस अवसर पर प्रतिभाओं को संबोधित करने हुए रानीवाडा के पूर्व विधायक नारायण सिंह देवल ने कहा कि ये आप अपनी प्रतिभा का उपयोग देशहित में करे ताकि हमारे राज्य व देश का नाम रोशन हो सके। आहोर विधायक छगन सिंह राजपुरोहित प्रतिभावान विद्यार्थियों को ईमानदारी के साथ में मेहनत करने की सीख दी। चारण समाज जालोर के जिलाध्यक्ष बद्रीदान नरपुरा के सभी का आभार जताया। इस अवसर पर हिंगलाजदान चारण, महीपाल सिंह दयालपुरा, भेरू सिंह फैदाणी, आवडदान धूलिया, नारायण सिंह मिंडावास, मनोहर सिंह जाजूसन ने भी संबोधित किया।





# नारियल पानी पीने के 10 फायदे गर्मी के लिए है अमृत



**सवाल**

*नारियल पानी में कौन-कौन से पोषक तत्व पाए जाते हैं?*

**जवाब**

*यूनाइटेड स्टेट्स डिपार्टमेंट ऑफ एग्रीकल्चर के मुताबिक, नारियल पानी में पोटेशियम, सोडियम, मैग्नीशियम, कैल्शियम, फास्फोरस, जिंक, मैंगनीज और कार्बोहाइड्रेट समेत कई न्यूट्रिएंट्स पाए जाते हैं, जो शरीर के लिए बेहद जरूरी हैं।*

## सवालः नारियल पानी हमें किस तरह गर्मी से बचाने में मददगार है?

**जवाबः** नारियल पानी गर्मी के लिए एक बेहतरीन सुपरड्रिंक है। तेज धूप में पसीने के कारण शरीर से सोडियम, पोटेशियम और मैग्नीशियम जैसे महत्वपूर्ण इलेक्ट्रोलाइट्स निकल जाते हैं। नारियल पानी इन इलेक्ट्रोलाइट्स का नेचुरल और रिच सोर्स है, जो शरीर के इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस को बनाए रखने में मदद करता है। नारियल पानी में लगभग 95 प्रतिशत पानी होता है, जो गर्मी में डिहाइड्रेशन से बचाने में कारगर है। इसमें नेचुरल शुगर होती है, जो इंस्टेंट एनर्जी देती है। इसकी तासीर ठंडी होती है, जो गर्मी में शरीर को अंदर से ठंडक प्रदान करती है और ताजगी महसूस कराती है। यह एक नेचुरल ड्रिंक है, जिसमें आर्टिफिशियल कलर, स्वाद या प्रिजर्वेटिव नहीं होते हैं, जो इसे गर्मी के लिए एक हेल्दी विकल्प बनाते हैं।

नारियल पानी गर्मी के मौसम में किसी वरदान से कम नहीं है। यह न केवल प्यास बुझाता है, बल्कि कई जरूरी पोषक तत्वों का पावरहाउस भी है। बीते कुछ वर्षों में नारियल पानी अपनी अनूठी मिठास और अमेजिंग हाइड्रेटिंग गुणों के कारण एक ट्रेंडी ड्रिंक बन गया है। यह तमाम मिनरल्स और इलेक्ट्रोलाइट्स से भरपूर है, जो हार्ट से लेकर किडनी तक, पूरे शरीर के लिए फायदेमंद है। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में पब्लिश एक स्टडी के मुताबिक, नारियल पानी शरीर को डिहाइड्रेशन से बचाता है। नारियल पानी में पोषक तत्वों का खजाना होता है। यह शरीर को अंदर से तो मजबूत बनाता ही है, साथ ही स्किन और बालों के लिए भी फायदेमंद है। इसमें एंटी बैक्टीरियल, एंटी फंगल, एंटीवायरल, एंटी डायबिटिक, एंटीऑक्सिडेंट और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं।

## सवाल- नारियल पानी हमारी सेहत के लिए कैसे फायदेमंद है?

जवाब- नारियल पानी में मौजूद पोटेशियम ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखने और हार्ट हेल्थ को दुरुस्त रखने में मददगार है। इसमें एंटीऑक्सिडेंट होते हैं, जो शरीर को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाने में मदद करते हैं। नारियल पानी शरीर के टॉक्सिन्स को बाहर निकालता है, जिससे किडनी स्टोन का खतरा कम होता है। यह पेट के लिए हल्का होता है और पाचन क्रिया को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है। इसमें मौजूद इलेक्ट्रोलाइट्स और कार्बोहाइड्रेट एक्सरसाइज के बाद शरीर को तेजी से रिकवर करने में मदद करते हैं।

## सवाल- एक दिन में कितना नारियल पानी पीना सुरक्षित है?

जवाब- यह व्यक्ति के स्वास्थ्य और शारीरिक क्षमता पर निर्भर करता है। आमतौर पर एक स्वस्थ व्यक्ति के लिए एक दिन में 1-2 गिलास नारियल पानी पीना सुरक्षित और फायदेमंद माना जाता है।

## सवाल- क्या कच्चा नारियल खाना भी सेहत के लिए अच्छा है ?

**जवाब**–कच्चा नारियल खाना भी सेहत के लिए फायदेमंद है। यह कई पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसमें ट्राइग्लिसराइड्स होते हैं, जो आसानी से पच जाते हैं और इंस्टेंट एनर्जी देते हैं। कच्चे नारियल में अच्छी मात्रा में फाइबर होता है, जो पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने और ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में मदद करता है। इसमें पानी की भी कुछ मात्रा होती है, जो शरीर को हाइड्रेट रखती है। हालांकि कच्चे नारियल में कैलोरी और फैट की मात्रा अधिक होती है, इसलिए सीमित मात्रा में ही इसका सेवन करें।

## सवाल- क्या ज्यादा नारियल पानी पीना नुकसानदायक हो सकता है?

**जवाब**– आमतौर पर नारियल पानी पीना सेहत के लिए फायदेमंद है, लेकिन इसे ज्यादा पीने से कुछ संभावित नुकसान हो सकते हैं। नारियल पानी में पोटेशियम की मात्रा अधिक होती है। ऐसे में जिन लोगों को किडनी से जुड़ी समस्या है, उन्हें अधिक मात्रा में नारियल पानी पीने से बचना चाहिए। कुछ लोगों को ज्यादा नारियल पानी पीने से पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। नारियल पानी में नेचुरल शुगर होती है। अधिक मात्रा में पीने से ब्लड शुगर लेवल बढ़ सकता है। वहीं कुछ लोगों को नारियल पानी से एलर्जी भी हो सकती है।

## सवाल- किन लोगों को नारियल पानी नहीं पीना चाहिए?

**जवाब**– वैसे तो नारियल पानी हर किसी के लिए सुरक्षित है। लेकिन कुछ लोगों को इसे पीने से बचना चाहिए। नारियल पानी में पोटेशियम की पर्याप्त मात्रा होती है, जो किडनी डिजीज से पीड़ित लोगों के लिए मुसीबत बन सकता है। वहीं जिन्हें नारियल पानी से एलर्जी होती है, उन्हें बिल्कुल भी इसे नहीं पीना चाहिए। इसके अलावा प्रेग्नेंट व ब्रेस्टफीड कराने वाली महिलाओं और जिनकी कोई दवा चल रही हो या जिनकी हाल ही में सर्जरी हुई हो, उन्हें नारियल पानी पीने से पहले डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। डायबिटिक लोग सीमित मात्रा में नारियल पानी पी सकते हैं। हालांकि उन्हें अपने ब्लड शुगर की मॉनिटरिंग करते रहना चाहिए।

# भीषण गर्मी में घर को रखें ठंडा

इस बार अप्रैल महीने में ही गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। आसमान से मानो आग बरस रही है। अगले कुछ दिनों में तापमान 42-45 तक पहुंचने की संभावना है। मौसम विभाग ने देश के कई राज्यों में हीट वेव की चेतावनी जारी कर रखी है। इंसान से लेकर जीव-जंतु तक हर कोई भीषण गर्मी से परेशान है। चिलचिलाती धूप में लोग घरों से निकलना अवॉइड कर रहे हैं। आलम ये है कि तेज धूप की वजह से घरों में भी राहत नहीं मिल रही है। ऐसे में लोग अपने कमरे को ठंडा रखने के लिए तरह-तरह के तरीके अपना कर रहे हैं। आज जरूरत की खबर में हम इस भीषण गर्मी में ज्यादा बजट बिगाड़े बिना कमरे को ठंडा रखने के आसान तरीकों के बारे में बात करेंगे।





## गर्मी में कमरे को ठंडा रखने के आसान उपाय

### ब्लैकआउट कर्टेन्स या ब्लाइंड्स का इस्तेमाल करें

*गर्मी के मौसम में सूरज की सीधी किरणें घर को बहुत गर्म कर देती हैं। ऐसे में ब्लैकआउट पर्दे और ब्लाइंड्स इन किरणों को घर में प्रवेश करने से रोकते हैं। इससे अंदर का तापमान सामान्य बना रहता है। ये मोटे कपड़े या विशेष सामग्रियों जैसे बांस, मेश और पीवीसी से बने होते हैं, जो प्रकाश को पूरी तरह से ब्लॉक कर देते हैं। कुछ लोग खिड़कियों पर लगे पर्दे पर बीच-बीच में पानी डालते हैं। इससे भी कमरे में ठंडक बनी रहती है।*



### छत पर चूने की पुताई कराएं

*चूना एक नेचुरल और सस्ता कूलेंट है। सफेद रंग होने के कारण यह सूर्य की किरणों को परावर्तित करता है। इससे छत गर्म नहीं होती और घर के अंदर का तापमान बाहर की अपेक्षा कम रहता है।*

### ग्रीन शेड नेट्स का इस्तेमाल करें

*शेड नेट्स एक प्रकार का जाल होता है, जिसे छत पर लगाया जाता है। यह सूर्य की किरणों को सीधे छत पर पड़ने से रोकता है, जिससे छत और घर के अंदर का तापमान सामान्य बना रहता है। ग्रीन शेड नेट्स कई डेंसिटी में आते हैं, जिसे आप अपनी जरूरत के अनुसार चुन सकते हैं।*

### छत पर वाटरप्रूफिंग कराएं

वाटरप्रूफिंग न केवल घर को नमी से बचाता है, बल्कि यह एक एक्स्ट्रा इन्सुलेशन लेयर के रूप में भी काम करता है। मोटी परत सूर्य की गर्मी को घर के अंदर प्रवेश करने से कुछ हद तक रोक सकती है, जिससे कमरे का तापमान बाहर की अपेक्षा कम रहता है।

### छत पर पानी का छिड़काव करें

शाम के समय छत पर पानी का छिड़काव करने से फर्श की गर्मी पानी के माध्यम से भाप बनकर निकल जाती है। इससे छत ठंडी हो जाती है। ठंडी छत रात भर कमरे को ठंडा रखने में मदद करती है।

### एग्जॉस्ट फैन लगवाएं

एग्जॉस्ट फैन कमरे के अंदर की गर्म हवा को बाहर निकालता है। कमरे को ठंडा रखने का एक आसान उपाय ये भी हो सकता है।

### इनडोर प्लांट्स लगाएं

कुछ इनडोर पौधे नेचुरल एयर कंडीशनर के रूप में काम करते हैं। वे हवा को शुद्ध करते हैं और नमी छोड़ते हैं, जिससे कमरे का तापमान थोड़ा कम हो सकता है और ताजगी बनी रहती है।

### कमरे में बाल्टियों में पानी भरकर रखें

कमरे में पानी से भरी बाल्टियां रखने से नमी बढ़ती है और तेज धूप व गर्मी में भी कमरे का तापमान सामान्य बना रहता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि पानी वाष्पित होकर नमी बनाता है, जो कमरे में हवा को ठंडा करती है।


### ज्यादा वॉट के बल्ब का इस्तेमाल न करें

ज्यादा वॉट के बल्ब टेम्परेचर को बढ़ाते हैं। इनकी जगह कम वॉट वाले एलईडी बल्ब का इस्तेमाल करें, जो कम गर्मी पैदा करते हैं और बिजली भी बचाते हैं। शाम के समय जब तापमान थोड़ा कम होने लगता है तो कमरे की लाइट को डिम (धीमा) रखने से गर्मी कम महसूस होती है।

### कमरे में ठंडे पानी से पोछा लगाएं

ठंडे पानी से पोंछा लगाने से फर्श ठंडी होती है और कमरे के तापमान को कम करने में मदद मिलती है। यह कमरे को ठंडा रखने का एक इंस्टेंट और आसान तरीका है।





### इन बातों का भी रखें ध्यान

गर्मी के मौसम में कमरे को डिक्लटर करने की जरूरत होती है। अगर रूम में स्पेस नहीं होगा, तब हवा पास नहीं होगी। इससे कमरा गर्म ही बना रहता है। इसके अलावा और भी कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

### रूफटॉप गार्डन

रूफटॉप गार्डन (छत पर बगीचा) एक बेहतरीन तरीका है, जिससे छत ठंडी रहती है। मिट्टी और पौधे सूर्य की गर्मी को अवशोषित करते हैं और ठंडक देते हैं। यह घर को ठंडा रखने का एक बेहतर तरीका है। हालांकि अब गर्मियां आ गई हैं तो ये तरीका तुरंत काम नहीं कर सकता है। इसकी तैयारी पहले से ही करनी चाहिए।

### हल्के तकिया-चादर का इस्तेमाल करें

हल्के रंग के कपड़े सूर्य की किरणों को अवशोषित करने की बजाय परावर्तित करते हैं। इसलिए गर्मी के मौसम में हल्के या सफेद रंग के पर्दे, तकिए के कवर और चादरों का इस्तेमाल करना बेहतर होता है।



### वर्टिकल गार्डन

वर्टिकल गार्डन बाहरी दीवारों पर पौधों को लगाने की एक तकनीक है। यह तकनीक न केवल घर को सुंदर बनाती है, बल्कि सूर्य की सीधी गर्मी को दीवारों तक पहुंचने से रोकती है। इससे कमरे के अंदर का तापमान कम रहता है।

- सुबह 5-8 और शाम 8-10 बजे तक खिड़कियां खोलकर रखें। साथ ही दोपहर में बंद रखें।
- खिड़की पर खस लगाएं। यह बाजार में आसानी से मिल जाते हैं। इससे कमरा ठंडा रहेगा। बस इस पर बीच-बीच में पानी डालने की जरूरत होती है।
- अगर कमरे में कालीन बिछा रखी है तो उसे हटा दें। इसकी वजह से कमरा ठंडा नहीं होगा।
- अगर कूलर इस्तेमाल करते हैं तो उसे छाया में रखें। कूलर के पानी में बर्फ डालने से कमरा तेजी से ठंडा होता है। ये उपाय काफी कारगर है।



नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

# पेयजल योजनाओं के कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर कराएं : जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल विभाग मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की अध्यक्षता में शनिवार को मिनी सचिवालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में जलदाय विभाग के अधिकारियों के साथ अलवर एवं खैरथल-तिजारा जिले की पेयजल व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इस दौरान पर्यावरण एवं वन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा उपस्थित रहे। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री चौधरी ने अलवर जिले की पेयजल व्यवस्था तथा परियोजनाओं व कार्यों की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि इनकी क्रियान्विति निर्धारित मापदंड के अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता के साथ तय समय में करवाना सुनिश्चित करें। साथ ही पेयजल संबंधी कार्यो की अधिकारी प्रो-एक्टिव रहकर कार्य के प्रारंभ से अंत तक नियमित एवं प्रभावी मॉनिटरिंग करें। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु में विभिन्न मदों में स्वीकृत हैंडपम्प और ट्यूबवेल के कार्य त्वरित गति से कराते हुए यथाशीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बजट घोषणा के तहत सिलीसेढ झील से शहर को पानी पहुंचाने की लगभग साढे 23 करोड़ राशि की योजना एवं 25 करोड़ की राशि से शहर की कॉलोनियों में जल प्रदाय की योजना को यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में स्थित प्राचीन जल स्त्रोतों को चिन्हित कर उनका जीर्णोद्धार कराने के प्रस्ताव तैयार कर भिजवाए, जिससे जल संरक्षण के साथ-साथ वर्षा जल को एकत्रित कर भूजल रिचार्ज हो सके। उन्होंने निर्देश दिए की भूजल स्तर सुधारने के लिए विभागीय कार्यों में जल संरक्षण संरचना निर्माण जैसे एनीकट इत्यादि के प्रस्ताव भी सम्मिलित हो, ताकि विभाग के ट्यूबवेल व हैडपंप सूखे नहीं उनमें जल रिचार्ज होता रहे। जलदाय मंत्री चौधरी ने जल जीवन मिशन योजना की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देश दिये कि जल जीवन मिशन के कार्य गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध रूप से करवाना सुनिश्चित करें। राज्य सरकार के स्तर के बिन्दुओं से अविलम्ब अवगत कराया जाए ताकि उनका यथाशीघ्र निराकरण कर कार्यों को मूर्त रूप दिया जा सके।

उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से कहा कि पेयजल योजनाओं के कार्यों का मौका निरीक्षण करें। इसमें आने वाली बाधाओं को स्थानीय प्रशासन व आमजन में सामंजस्य स्थापित कराकर योजनाओं को यथाशीघ्र अमलीजामा पहनाने में सहयोग प्रदान करें। कार्यों में लापरवाही व उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के बारे में अवगत करावे, उनके विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने निर्देशित किया कि जिले में पेयजल आपूर्ति के लिए दीर्घकालिक उपायों पर कार्य करने के साथ-साथ गर्मी के मौसम में अल्पकालिक उपायों के तहत स्वीकृत ट्यूबवेल एवं हेडपंप को चालू कराए तथा पेयजल प्रभावित क्षेत्रों में टैंकर से जल आपूर्ति की पर्याप्त व्यवस्था के साथ प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए की बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा पेयजल संबंधित अवगत कराए गए कार्यों के प्रस्ताव तैयार कर विभाग को यथाशीघ्र भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत पूर्ण कार्यों में क्षतिग्रस्त हुई सड़कों को दुरुस्त करवाने के निर्देश दिये। मंत्रीचौधरी ने अलवर-भरतपुर चंबल परियोजना की विस्तृत समीक्षा करते हुए परियोजना अधिकारी से डीपीआर निर्माण से लेकर टेंडर प्रक्रिया पूर्ण करने तक की कार्रवाई की वस्तु स्थिति जानकर प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए ताकि परियोजना से तय समय में आमजन को लाभान्वित करवाया जा सके। वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने राज्य सरकार द्वारा पेश किए गए बजट में अलवर की पेयजल समस्या के समाधान हेतु विभिन्न घोषणाओं को समयबद्ध रूप में धरातल पर क्रियान्विति कराने, शहर में संचालित 150 एमएम ट्यूबवेल मरम्मत के लिए उपकरण उपलब्ध कराने, लड्डू ख्वास की बगीची में तालाब निर्माण कार्य व जल संरक्षण हेतु भूरा सिद्ध मंदिर के आसपास के क्षेत्र के जल को संरक्षित करने के लिए एनीकट बनाने के लिए जलदाय मंत्री को अवगत कराया।

# सेवा, संवेदना और समर्पण से मनाया गहलोत का जन्मदिवस



**चूरू।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जन्मदिवस के पावन अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा सेवा और करुणा के विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा ज्योतिबा फुले जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। उनके सामाजिक न्याय, शिक्षा और समानता के सिद्धांतों को नमन करते हुए कार्यकर्ताओं ने उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया। इसके पश्चात आपणी पाठशाला में झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले निर्धन बच्चों को भोजन परोसा गया। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और आंखों में चमक, इस आयोजन की सबसे बड़ी सफलता रही। कार्यक्रमों की रूपरेखा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं विधानसभा से प्रत्याशी रफीक मंडेलिया के मार्गदर्शन में तय की गई, जिन्होंने कार्यकर्ताओं से जनसेवा को सर्वोच्च धर्म मानने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से चूरू निवर्तमान सभापति पायल सैनी, शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर, देहात ब्लॉक अध्यक्ष किशोर धांदू, ओबीसी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नारायण बालान, डूंगरमल सैनी, लाल चंद सैनी, बनवारी बालान, विनोद खटिक, इस्माइल भाटी, अनिल बालान, रामचन्द्र सुंडा, घनश्याम अलवरिया, अनीश खान, तौफीक खान, आबिद जाबसरिया, यूनुस ख़ान, शकुर शेख, विमल शर्मा, असलम मोयल, शमी उल्लाह, बाबू मंत्री, बाली बाई, जाफ़र खान, बजरंग बजाड़, गोपाल शर्मा, हेमंत सैनी, संजय भाटी, शाहिद ख़ान, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। सेवा, समर्पण और सामाजिक न्याय के मूल्यों पर चलना ही अशोक गहलोत की सच्ची प्रेरणा है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### पूर्व सीएम के जन्मदिन पर खेजड़ी बचाओ अभियान राजस्थान का आगाज



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** जिला सिविल राइट सोसायटी चुरु एवं हर खेत खेजड़ी तौरई अभियान के संयुक्त तत्वावधान में पूर्व मुख्य मंत्री अशोक गहलोत के जन्मदिन पर खेजड़ी बचाओ अभियान राजस्थान का आगाज किया। कार्यक्रम की शुरुआत महिलाओं द्वारा खेजड़ी के तिलक लगाकर कर मंगलाचार से पूजा अर्चना की। सार्वजनिक भूमि बिदाणा जोहड़ मुक्तिधाम में आयोजित कार्यक्रम में सौ ग्राम निला थोथा ओर एक किलो कली चूना के मिश्रण के अनुपात में पानी का घोल बनाकर हर खेजड़ी की जड़ जमीन से दो फुट ऊपर तक पोताई कर अभियान की शुरुआत की। कांग्रेस के जिला प्रवक्ता एडवोकेट रामेश्वर प्रजापति जिला अध्यक्ष सिवील राईट सोसायटी चूरु ने बताया कि खेजड़ी राजस्थान का सभी वृक्ष माना जाता है इसको राजस्थान की तुलसी भी कहा जाता है। ये पांच सात पीढ़ियों तक दिर्घायु तक परिवार का साथ निभाने वाली खेजड़ी का ही पौंधा है। इसकी सांगरिया ओषधिय सब्जी अधिकाधिक उपयोग की जाती है, इसकी छाल पूजा हवन में आहुति में काम आती है, इसका लुंगी पशु चारा में काम आती है ये वर्षा आधारित पेड़ होता है, इसके संरक्षण संवर्धन के लिए दिया से बचाने व खेजड़ी को निरोग रखने का ये अभियान चलाया है। कार्यक्रम में वैध गोविंद प्रसाद शर्मा, भगवानाराम जांगीड़, नागर प्रजापत, नोरतमल जांगीड़, ठाकुर मल मेघवाल, प्रहलाद प्रजापत, नरेश मीणा, भारत अजित प्रजापत आदि ने अग्रिम सहभागिता दी।

### बिना दहेज की शादी कर विकास बैरवाल ने दिया समाज सुधार का संदेश

**फुलेरा।** फुलेरा कस्बे के समीपवर्ती ग्राम रिणगी निवासी इंजीनियर विकास बैरवाल पुत्र नाथूलाल बैरवाल ने एक प्रेरणादायक कदम उठाते हुए इंदौर के नंदानगर निवासी अजय ढेबाणे की पुत्री तन्वी ढेबाणे से बिना दहेज विवाह कर समाज में सकारात्मक संदेश दिया है। यह विवाह न केवल एक पारिवारिक आयोजन था, बल्कि सामाजिक बदलाव का प्रतीक भी बना। दहेज जैसी सामाजिक बुराई को जड़ से मिटाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है। वर-वधु दोनों ने समाज के युवाओं को यह संदेश दिया कि दहेज एक अभिशाप है और इससे छुटकारा पाना समय की मांग है। समाज के प्रबुद्धजनों का मानना है कि इस प्रकार की पहलें तभी सफल हो सकती हैं जब समाज का शिक्षित और जागरूक वर्ग स्वयं आगे आए। इस विवाह के अवसर पर अनेक लोगों ने वर-वधु को आशीर्वाद दिया और उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। इस अनूठी पहल ने यह सिद्ध कर दिया कि यदि संकल्प हो तो समाज की जड़ में बैठी कुरीतियों को समाप्त किया जा सकता है।

### परिसिमीन को लेकर आमरण अनशन तीसरे दिन भी जारी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** तारानगर ग्राम पंचायत व पंचायत समिति परिसीमन विरोध में तारानगर क्षेत्र के गांव गाजुवास गड़ाना में ग्रामीणों का शनिवार को आमरण अनशन तीसरे दिन भी जारी रहा। इस अवसर पर पूर्व सरपंच सुरेंद्र सहारण ने कहा की आने वाली 4 मई रविवार को तारानगर विधायक नरेन्द्र बुड़ानिया व चूरू सासंद राहुल कस्वां आंदोलन के समर्थन में पहुंचकर आंदोलन को और मजबूत करेंगे। इस अवसर पर रामनिवास तिवाड़ी, सुरेंद्रसिंह राठौड़, रूपाराम सहारण, भानीराम सहारण, मदनलाल पांडिया, मुकेश पांडिया, रामजस सहारण, प्रताप नाई, मगनगिर गोस्वामी, रामावतार पांडिया, सोहनलाल प्रजापत, मुखराम सहारण, इमलाल, रामकरण, हेमगर गोस्वामी, मुरलीधर पांडिया, च्यानन, जीवनराम सोनी, रामस्वरूप, गोरुराम, हरजी, नेमजी गडाना, नरेश खारड़िया, बलवान सहित गांव के काफी लोग मौजूद रहे।

### सादुलपुर ग्राम पंचायत पुनर्गठन पर उपखंड अधिकारी से मुलाकात कर आपत्ति दर्ज कराई



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** ग्राम पंचायत पुनर्गठन के संबंध में एक प्रतिनिधिमंडल ने उप खंड अधिकारी से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल के नेता सुनील पूनिया ने बताया कि उन्होंने उपखंड अधिकारी से पिछली आपत्ति खारिज करने और नई आपत्ति दर्ज करने की मांग की।

**नई आपत्ति में रखी गई मांग :** प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि नई ग्राम पंचायत कामाण में जीराम बास को यथावत रखा जाए और खैरु बड़ी ग्राम पंचायत में खैरु छोटी एवं ढाणी खुडाणी को यथावत रखा जाए। प्रतिनिधिमंडल ने पिछली आपत्ति खारिज करने की मांग की और नई आपत्ति दर्ज की।

**प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे :** प्रतिनिधिमंडल में सुनील पूनिया के साथ अजीत बीरमाण, कुलदीप पूनिया ढाणी खुडाणी, सुबेसिंह मेघवाल ढाणी खुडाणी, विजेंद्र धानक, महेंद्र पूनिया ढाणी खुडाणी, मोहर सिंह ढाणी खुडाणी, विक्रम ढाणी खुडाणी, रतन पाल धानक, सतवीर सिंह पूनिया, तेजपाल मेघवाल ढाणी खुडाणी और सुरेश पूनिया शामिल थे।

**उपखंड अधिकारी ने दिया आश्वासन :** उप खंड अधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल की मांग पर विचार करने का आश्वासन दिया।

# खेल को खेल भावना से खेलें : सुनील कुमार



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** ढांढ़ण में द्वितिय राज. बटालियन एनसीसी के द्वितिय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में खेलकुद प्रतियागिता में वॉलीबाल, रस्साकस्सी, खो -खो व पीटी ड्रील आदि प्रतियोगिताओं में कैडेट्सों ने भाग लिया। इस अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता में कैम्प कमांडेंट ले कर्नल सुनील कुमार ने कहा कि कैडेट्स खेल को खेल की भावना से खेलें। खेल में हार जीत का महत्व न समझकर खिलाड़ी सिर्फ अपने खेल पर ध्यान देवे। जिससे खिलाड़ी के खेल में निखार आता है। खेल में भाग लेने से स्वास्थ्य व शारीरिक क्षमता में बढ़ोतरी होती है। इस अवसर पर सुबेदार मेजर प्रेम तमांग ने कैडेट्स को अपनी दक्षता व मनोबल से श्रेष्ठ कार्य करने की सीख दी। कैंप में जयपुर, सीकर आदि जिलों के कैडेट्स प्रशिक्षण ले रहे है। कैम्प में लेफ्टिनेट अरूण कुमार, लेफ्टिनेट बीएल मेहरा, लेफ्टिनेट अंजु कुमारी, केयर टेकर कृष्ण कुमार, राजेन्द्र कस्वा, सूबेदार रणधीर सिंह, सूबेदार मोहन, संजीव कुमार, हवलदार जाहिद हुसैन, हवलदार ओमप्रकाश व सहायक प्रशासनिक अधिकारी शांतिलाल रक्षक मुस्ताक आदि मौजूद रहे।

# भारत विकास परिषद् ने पक्षियों के लिए पानी के परिंडे लगाए

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**चूरू।** अत्यधिक गर्मी के इस मौसम में पक्षियों को राहत के उद्देश्य से हर वर्ष की भांति इस बार भी भारत विकास परिषद, चूरू के तत्वावधान में पक्षियों के लिए पानी के परिंडे लगाने का कार्य आज शनिवार को आदर्श गौ सेवा शिविर, गौशाला, पितर जी की ढाणी (घंटेल- सोमासी के मध्य, मेन रोड़ पर स्थित) में किया गया। भारत विकास परिषद् के सेवा कार्य के संयोजक देवेंद्र कुमार चंदेल ने बताया कि परिषद के मूलभूत उद्देश्यों में से एक सेवा के तहत उक्त गौ सेवा शिविर में परिषद् के सम्माननीय सदस्यों, दायित्व धारकों व शिविर के सेवकों कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर सक्रियता व उत्साह से 50 परींडे स्थापित कर पक्षियों की सेवा में किए जा रहे इस पुनीत कार्य में योगदान किया। परिषद् के प्रांतीयप्रतिनिधि आदरणीय निरंजन जी चोटिया ने इस सेवा कार्य की जानकारी दी। परिषद् के अध्यक्ष आदरणीय उमेश चन्द्र चौहान ने सभी को धन्यवाद दिया। इस सेवा कार्यक्रम में अग्रानुसार सम्मानित सदस्यों दायित्व धारकों कार्यकर्ताओं ने उपस्थिति दी श्री श्याम सुंदर पारीक मदन सिंह राठौड़, हुकमचन्द गोड, वैद्य बनवारीलाल शर्मा, विमल चंद भटनागर मोहन लाल शर्मा, पुनीत लाटा, पवन कुमार जांगिड़, रतन सिंह, नोरतन मीणा, विराट आदि उपस्थित रहे। कार्य का संचालन शाखा सचिव एडवोकेट संदीप शर्मा ने किया।

# शिक्षा से ही वंचित समाज को आगे लाया जा सकता है : भाटी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखंड क्षेत्र में शनिवार को सर एक्सीलेन्ट स्कूल इंग्लिश मीडियम सिद्धमुख का उद्घाटन समारोह में पधारे मुख्यातिथि के रूप में रहीम दास महाराज एवं आशीष शर्मा विप्र फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रमुख समाजसेवी आशीष शर्मा,शिक्षाविद् अनुपालसिंह भाटी एपीएस स्कूल के डायरेक्टर भाटी ने कहा वंचित समाज को शिक्षा से आगे लाया जा सकता है इस मौके पर पधारे अन्य विशिष्ट अतिथि, एडवोकेट हरदीप सुंदरियां, ओमप्रकाश किरोड़ीवाल ब लबीर जांगिड़, कृष्ण कस्वां एटीएम सर तारानगर से, बाबूलाल राजपुरोहित विनोद रतिवाल महेंद्र कामड महावीर जांगिड़ महेंद्र सहारण, सिधमुख तहसीलदार कालूराम ने इस मौके पर बच्चों ने बहुत सुंदर देशभक्ति गायन कर नृत्य किया संस्था के अध्यक्ष सुनील ढाका संस्था के प्रधानाध्यापक सुरेन्द्र कुमार रेजड़ी ने आए हुए सभी अतिथियों का माला दुपट्टा मोमेंटो देकर स्वागत किया। हरियाणा की लोक कलाकार रजनी जांगिड़, राजू शर्मा एंड पार्टी ने देशभक्ति भजन रागनी सुनाकर सब को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में आए अतिथियों ने कहा कि आज शिक्षा से ही देश की राष्ट्र की उन्नति हो सकती है। शिक्षा से अच्छे संस्कार मिलेगे और एक सुन्दर समाज होगा। कार्यक्रम की समापन की घोषणा शिक्षाविद् मोहरसिंह शिला ने अपना अनुभव बच्चो से साझा किया मंच संचालन अनुपालसिंह भाटी ने किया।

# दवा दुकानदारों द्वारा अनियमितता बरतने पर नौ दवा दुकानों के लाइसेंस निलम्बित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** जिले में दवा दुकानदारों द्वारा अनियमितता बरतने पर सहायक औषधि नियंत्रक, भरतपुर द्वारा 9 दवा दुकानों लाइसेंस निलंबित किए गए है। इन दुकानदारों द्वारा निरीक्षण पुस्तिका संधारित न करना, फार्मासिस्ट अथवा योग्य व्यक्ति का दुकान से अनुपस्थित रहना, नियमानुसार शेडयूल 14-1 एवं एनडीपीएस दवाओं का विक्रय रिकॉर्ड सही से ना रखना आदि अनियमितता शामिल है। औषधि नियंत्रण अधिकारी अनुभव शर्मा ने बताया कि जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देश पर दवा दुकानों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। जिनकी रिपोर्ट भी आवश्यक कार्यवाही हेतु सहायक औषधि नियंत्रक भरतपुर को प्रस्तुत की जा रही है। इसी क्रम में दुकानों पर अनियमितता पाये जाने पर सहायक औषधि नियंत्रक भरतपुर द्वारा दुकानों के लाइसेंस को निलम्बित किया गया है। डीसीओ शर्मा ने बताया कि वीरेन्द्र मेडीकल एण्ड जनरल स्टोर बाड़ी रोड बसेडी,15 दिन के लिए, शिव मेडीकल स्टोर बसेडी रोड सैपऊ 10 दिन, हर्षिता मेडीकल स्टोर गुरूद्वारा रोड धौलपुर 07 दिन, श्री श्याम मेडीकल स्टोर अग्रवाल कोलोनी सरमथुरा 12 दिन, एस.आर. मेडीकल स्टोर राजाखेडा 05 दिन, ओशो मेडीकल स्टोर बसेडी 15 दिन भावना मेडीकल स्टोर धौलपुर 3 दिन, परमार फार्मा एण्ड जनरल स्टोर सैपऊ 05 दिन, महावीर जी फार्मा एण्ड जनरल स्टोर सैपऊ 05 दिन लिए लाइसेंस निलंबित किए गए है। उन्होंने बताया कि इस अवधि के दौरान निलंबित दुकानदार अपनी दुकान पर कोई व्यवसाय नहीं कर सकते, व्यवसाय करते हुए पाये जाने पर दुकान का लाईसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी। साथ ही औषधि नियंत्रण अधिकारी धौलपुर द्वारा रोटेशन के आधार पर जिले में एक दो दवा दुकानों को इमरजेंसी में जिला अस्पताल के पास खुली रखने के निर्देश जिला केमिस्ट ऐसोसिएशन को दिये है। रात्रि में खुलने वाली दुकानों के नंबर अस्पताल प्रशासन को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि दवा विक्रेताओं की रैण्डम चैकिंग प्रतिमाह की जाती है एवं अनियमितता की रिपोर्ट कार्यवाही हेतु सहायक औषधि नियंत्रक को भेजी जाती है। भविष्य में भी एनडीपीएस दवा एवं एस सी एच-1-C दवाओं के दुरुपयोग करने वाले दुकानदारों के विरूद्ध कार्यवाही जारी रहेगी।


# सुगम व्यापर सुनिश्चित करने उद्योगों के समस्या निवारण करने समन्वय करें सभी विभाग : जिला कलेक्टर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**धौलपुर।** उद्यमियों को सुगम व्यापार का माहौल सुनिश्चित करने एवं विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र, एकल खिडकी जिला सशक्त समिति एवं जिला निर्यात संवर्द्धन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में नीतिगत प्रोत्साहनों पर उद्यमियों को सुगम माहौल सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि उद्योगों की वृद्धि को सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न विभागों द्वारा निर्धारित समयावधि में अनापत्ति प्रमाण पत्र/अनुमोदन/अनुदानों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। उद्यमियों को सुगमता प्रदान करने हेतु सभी सम्बंधित विभाग आपस में समन्वय करते हुए समस्याओं का समय पर समाधान सुनिश्चित करें। जिले में निवेशकों को आने वाली समस्या के समाधान हेतु विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र समिति में जिला कलक्टर ने जेवीवीएनएल को निर्देश प्रदान किये कि निवेशकों को समयबद्ध तरीके से नये कनेक्शन प्रदान किये जाये। उन्होंने रीको, सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगर परिषद एवं संबंधित सभी विभागों को निवेशकों की सभी समस्याओं का निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि, पदाधिकारी और उद्यमी भी साथ मिल कर जिले में सुगम व्यापार की संभावनाओं में सहयोग करें। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक मितुल गोयल ने उद्योगपतियों से संबंधित विभिन्न मामलों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बैठक में क्षेत्रीय प्रबंधक रीको धौलपुर पिंतेश मीना, अधीक्षण अभियंता जेवीवीएनएल, उद्योगपति उपस्थित रहे।

# नामांकन वृद्धि के लिए घर-घर दस्तक दे रहे राजकीय शिक्षक



**सादुलपुर।** उपखण्ड क्षेत्र में नामांकन वृद्धि के लिए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खैरु बड़ी के संस्था प्रधान संजय श्योराण की अगुवाई में नामांकन व नव प्रवेश के लिए घर-घर अभियान में बीराण एव हरियाणा के निकटवर्ती गांव सुधिवास मे बच्चों एवं अभिभावकों से संपर्क किया प्राध्यापक चरण सिंह पुनियां ने कहा कि शिक्षा के बिना मनुष्य का जीवन अधूरा है इसलिए हमें अपने आसपास के क्षेत्र के लोगों को शिक्षा के बारे में जागरूक करना चाहिए। व्याख्याता छोगाराम ने राजकीय विद्यालय में राज्य सरकार की ओर से मिलने वाली सुविधाएं छात्रवृत्ति नि शुल्क पुस्तकें एवं पालनहार की जानकारी से अवगत कराया। वरिष्ठ अध्यापक सुरेंद्र लेकरा ने भी शिक्षा के प्रति अभिभावकों से अपने विचार प्रकट की। इस अवसर पर संस्था प्रधान संजय श्योराण, प्राध्यापक चरण सिंह पुनिया, व्याख्याता छोगाराम, वरिष्ठ अध्यापक विनोद जडिया, वरिष्ठ अध्यापक सुरेंद्र सिंह लेकरा, शिक्षक धर्मेंद्र पूनिया, वरिष्ठ अध्यापक योगेश कुमार, शिक्षक रोशन खान, शारीरिक शिक्षक राजपाल सिंह धायल आदि मौजूद रहे।

# आज पांच सेंटरों पर सीसीटीवी की निगरानी में होगी नीट यूजी परीक्षा

## एडीएम डॉ.सापेला एवं एएसपी धानिया रहेंगे नोडल अधिकारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2025 रविवार को होगी। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित इस परीक्षा में इस बार 1433 छात्र.छात्राएं हिस्सा लेंगे। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। परीक्षा में धांधली रोकने के लिए सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम के किए है। जिले में 5 केंद्रों पर इस परीक्षा का आयोजन होगा। इसके सफल आयोजन को लेकर शनिवार को राजकीय कला महाविद्यालय में अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ दिनेश राय सापेला की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।



**1433 विद्यार्थी होंगे शामिल**

प्रशासन नोडल अधिकारी एडीएम डॉ सापेला तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रभुदयाल धानिया नोडल अधिकारी पुलिस ने परीक्षार्थियों की बैठक व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, नियंत्रण कक्ष, पेयजल व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लेकर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने, सफल एवं शांतिपूर्ण तथा निष्पक्ष आयोजन के लिए निर्देश प्रदान किए। एनटीए सिटी कॉर्डिनेटर ओमप्रकाश जाखड़ द्वारा परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी से बचने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती और केंद्रों पर चैकिंग समेत अन्य परीक्षाओं की सम्पूर्ण जानकारी दी। बैठक में कॉलेज प्राचार्य अजय शर्मा, शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक अजय माथुर सहित सभी परीक्षा केंद्रों के केंद्रधीक्षक व पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

**व्यवस्थाएं चाक चौबंद**

नीट परीक्षा को शांतिपूर्ण कराने के लिए प्रशासन अलर्ट है। व्यवस्थाएं चाक चौबंद की गई। विद्यार्थी भी बेहतर माहौल में परीक्षा देंगे। परीक्षा में शुचिता बनाए रखने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

**डॉ दिनेशरॉय सापेला**
**एडीएम सिरोही**

## वाहन स्वामियों के मोबाइल नंबर अपडेट करने के लिए विशेष अभियान शुरू

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** परिवहन विभाग की ओर से पंजीकृत सभी वाहनों के स्वामियों के मोबाइल नंबर अपडेट करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला परिवहन अधिकारी आरपी वैष्णव ने बताया कि वाहन मालिक अपने वाहन की आरसी आइडी एवं मोबाइल नम्बर के साथ परिवहन कार्यालय में उपस्थिति होकर अपना आवेदन प्रस्तुत कर वाहन में मोबाइल नम्बर अपडेट करवा सकता है या सीटीजन पोर्टल पर भी वाहन स्वामियों के लिए ओप्शन है कि वे अपना आधार से जुड़ा मोबाइल नम्बर वाहन पोर्टल पर अपडेट कर सकते है।

# बायोडीजल के नाम पर अवैध डीजल बिक्री, नहीं हो रही कार्रवाई

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**शिवगंज।** वेरा रामपुरा के पास एक माह पहले सीएमओ से मिली शिकायत के आधार पर रसद विभाग ने जिस बायो डीजल पंप की जांच की थी, वहां प्रथमदृष्टया जांच के दौरान बायो डीजल की आड़ में अवैध रूप से डीजल पंप के संचालन का संदेह जताने के बावजूद अग्रिम कार्रवाई नहीं हुई। रसद विभाग पंप की सीजिंग कार्रवाई से कतरा रहा है। जानकारी के अनुसार वेरा रामपुरा के समीप एक फ्यूल स्टेशन पम्प पर लंबे समय से बायो डीजल पंप की आड़ में अवैध रूप से डीजल पंप का संचालन करने की शिकायत थी। शिकायत के बावजूद विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हो रही थी। तब इसकी शिकायत सीएमओ में होने के बाद वहां से जांच के निर्देश मिले। 1 अप्रेल को रसद विभाग की टीम ने पुलिस के साथ पहुंचकर जांच की।



**जांच में मिले डीजल बेचने के सबूत, की गई फौरी कार्रवाई**

प्रवर्तन अधिकारी विनोद कुमार परमार के साथ मौके पर पहुंची टीम ने पंप पर मौजूद कार्मिकों से पंप से संबंधित कागजात मांगे तो वह टीम को उपलब्ध नहीं करवाए गए। मौके पर पंप संचालक भी नहीं मिला। विभाग ने जांच के दौरान जो नमूने लिए, उनकी डेसिटी भी डीजल के बराबर पाई गई।

**डीजल बेचने की जताई आशंका**

जांच के दौरान प्रवर्तन अधिकारी ने अवैध रूप से डीजल बेचने की आशंका जताई थी। जांच के समय भूमिगत टैंक में दस हजार लीटर पेट्रोलियम पदार्थ मौजूद था। जिसे विभाग ने जब्त कर उसके नमूने भी लिए थे।

**टैंक सीज किया, पंप नहीं**

जांच के बाद विभाग ने कार्रवाई के नाम पर वह टैंक जिसमें पेट्रोलियम पदार्थ था उसे सीज कर दिया, मगर पंप को सीज नहीं किया गया। इस कार्रवाई को एक माह हो गया, लेकिन विभाग ने अग्रिम कार्रवाई को लेकर चुप्पी साध रखी है। इसमें राजनीतिक दबाव की भी चर्चा है।

**कार्रवाई जारी है**

जांच के दौरान मौके पर मालिक नहीं मिला, कागज भी नहीं थे। संदेह के आधार पर टैंक सीज किया गया था। उसके बाद में अवकाश पर चला गया था। इस वजह से पंप सीज नहीं हो पाया। अब जल्द ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**विनोद परमार**
प्रवर्तन अधिकारी-रसद विभाग सिरोही

# एवीएम में परीक्षा परिणाम घोषित, विद्यार्थियों का किया सम्मान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक सिरोही का वार्षिक परीक्षा परिणाम शुक्रवार को जारी किया। परिणाम में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गय। शिक्षक कालूराम ने सभी का परिचय करवाया। प्रधानाचार्य राजेश त्रिवेदी ने बताया कि विद्या मंदिर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। उन्होने बताया कि विद्यालय में शिक्षण के साथ छात्र के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाती है । उन्होने कहा कि जिले में 40 से अधिक आदर्श विद्या मंदिर में सोलह हजार से अधिक विद्यार्थी शिक्षण प्राप्त करते है। कार्यक्र में मुख्य अतिथि अधिवक्ता देवेन्द्र डांगी, समाजसेवी संजय कुमार वर्मा, डिस्कॉम के अधिशाषी अभियंता इन्द्रदान धारण, गरिमा चारण, मीनल चौहान, रामेश्वरी विश्नोई, डा. भवानी वैष्णव, ऋतिक परिहार, उत्तम पटेल उपस्थत थे। परीक्षा परिणाम परीक्षा प्रभारी कालूराम ने घोषित किया।

# हर्षोल्लास से मनाया यूनियन का 78वां स्थापना दिवस

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जेकेपुरम।** जेके लक्ष्मी के मुख्य द्वार पर शनिवार को इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस (इंटक) यूनियन का आज 78 वां स्थापना दिवस ध्वजारोहण कर हर्षोल्लास से मनाया। राष्ट्रीय संगठन मंत्री इंद्रसिंह देवड़ा के नेतृत्व में इंटक का झंडा फहराया गया। राष्ट्रीय संगठन मंत्री देवड़ा सभी कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस शुभकामनाएं दी और मजदूर वह कर्मचारियों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए इंटक यूनियन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि इटक की स्थापना 3 मई 1947 सरदार वल्लभभाई पटेल ने की थी। इंटक यूनियन के कार्यकर्ता रामाराम, हरियाराम,



ऋषिराजसिंह, गोविंद, उत्तमसिंह, सरवन, अभयसिंह, भीमसिंह, नरेंद्रसिंह, उम्मेदसिंह, भंवरसिंह, विनोद, रुपाराम, लक्ष्मण, देसाराम, चेलाराम, कालूराम, मीठालाल, विनेश, भंवरलाल, मोहनलाल, आनंदसिंह, महावीरसिंह, प्रभुसिंह, मंगाराम, कृष्णपालसिंह, दशरथसिंह, पूराराम, भाणाराम, कन्हैयालाल, नेतीराम, भंवर एवं सुरेश सहित सभी इंटक कार्यकर्ता मौजूद थे

## शिविर में की 43 मरीजों की जांच




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** जनजातीय स्वास्थ्य एवं अनुसंधान केंद्र टेली मेडिसिन सेंटर की ओर से शनिवार को मोरथला में डॉ. सचिन रेडियोलोगिस्ट डॉ. हर्षिता ने ग्रामीणों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में 43 मरीजों के स्वास्थ्य जांच की। चिकित्सीय दल ने लोगों को मौसमी बीमारियां एवं आयरन युक्त आहार स्वच्छता तथा दैनिक दांतो की साफ सफाई के बारे में जानकारी दी। एसटीएचआर टीम से रमेश कुमार, महेंद्र भाटी, गमाराम, करनाराम तथा व स्वास्थ्यकर्मी सविता देवी एवं अनीता देवी का सहयोग रहा।

## यज्ञ के साथ नवीन सत्र का शुभारंभ



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** गोविन्दानन्द आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक में शनिवार को नवीन सत्र का शुभारंभ यज्ञ से किया। महाराजश्री के सानिध्य मे विद्या मंदिर के अभिभावकों और शिक्षकों ने यज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चार से पवित्र आहुतियां व मिां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर नवीन शिक्षा सत्र 2025-26 का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य दीपसिंह हर्षवाडा ने बताया कि गर्मी के मौसम के साथ ही एकाएक बढ़े तापमान को लेकर विद्या मंदिर में अध्ययनरत बालक-बालिकाओं से गर्मी से बचाव करने और घरों से धूप के समय बाहर नहीं निकलने की सलाह दी गई है। प्राथमिक भाग प्रभारी ललित रावल व विद्या मंदिर के आचार्यगण उपस्थित हुए ।

# चारे के लिए गोशाला में भेंट किए एक लाख इक्कीस हजार रुपए

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सरुपगंज।** रोहिड़ा रोड स्थित काशी विश्वनाथ गोशाला में शनिवार को भामाशाह की ओर से एक लाख इक्कीस हजार रुपए चारे के लिए भेंट किया गया। रोहिड़ा के नवीन कुमार पुत्र सीताराम रावल के गृह प्रवेश दौरान सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया। जिसके निमित्त गौशाला में एक लाख इक्कीस हजार रुपए चारे के लिए भेंट किए। पाठ का वाचन श्री मारुती सुंदरकांड पाठ मंडल सरूपगंज द्वारा किया गया। सुंदरकांड मंडल के लक्ष्मणसिंह गुजराल, गोशाला के अध्यक्ष लालदास महाराज, रेवानाथ महाराज अजारी,नवीन रावल, विपुल रावल, रमेश रावल, भरत रावल, शिव नटराजन, कमलेश, मनीष, भरत, श्रवणसिंह, श्रवण अग्रवाल, बादल मोहरेशा, पवन जोशी, हितेश प्रजापत सहित श्रोता मौजूद रहे।



# जीणमाता के 28वें भक्ति महोत्सव में उमड़े श्रद्धालु

**शोभायात्रा, चुनरी महोत्सव का आयोजन**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोसालिया।** खंडेलवाल समाज के नाटाणी कायथवाल गोत्र की कुलदेवी जीण माता मन्दिर का 28 वां भक्ति महोत्सव उमंग व उल्लास के साथ मनाया। कस्बे के मुख्य मार्गों से शोभायात्रा निकाली गई। खंडेलवाल जीण माता सेवा समिति पोसालिया ट्रस्ट मंडल के महामंत्री लोकेश खंडेलवाल ने बताया कि शुक्रवार को भजन संध्या के साथ दो दिवसीय मेले का शुभारंभ हुआ। रात्रि भजन संध्या में मिलो उत्सव के लाभार्थी परिवार मूलचंद फूलचंद नाटाणी परिवार की ओर से सम्मान स्वागत किया गया। मंदिर व्यवस्था के वार्षिक चढ़ावे भी बोले गए। भजन गायक अंकुश गहलोत एवं गायिका नीता नायक ने देर रात्रि तक एक से बढ़कर एक मैया को रिझाते हुए सुंदर रचनाएं पेश की। युवक युवतियों ने भजनों पर नृत्य कर अपनी भावनाओं का



इजहार किया। शनिवार को गाजे बाजों के साथ कुलदेवी जीण भवानी की शोभायात्रा निकाली गई। इस मौके पर चुनरी महोत्सव में 108 मीटर लंबी भक्तों ने माता के दरबार में चुनरी चढ़ाकर जयकारे लगाए। विजय अभिजीत मुहूर्त में मंदिर पर वार्षिक ध्वजा चढ़ाई गई। महोत्सव के दौरान बड़ी संख्या में आसपास के गांवों सहित प्रवासी परिवारों ने भाग लिया। ट्रस्ट के अध्यक्ष गुलाबचंद नाटाणी, उपाध्यक्ष मुल्तानमल, कांतिलाल, कोषाध्यक्ष ललित कायथवाल, सहमंत्री नंदकिशोर नाटाणी, बलवंत कुमार, केसरीमल, भभूतमल, श्यामसुंदर, किरण कुमार, ललित कुमार, रमेश कुमार, मांगीलाल, विनोद कुमार सहित बड़ी संख्या में खंडेलवाल समाज के स्त्री पुरुष व बच्चे मौजूद रहे।

## सांस्कृतिक सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** श्रीमती चन्द्रावल गुप्ता महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में समाजोपयोगी उत्पादक कार्य के तहत पाठ्य सहगामी गतिविधियों के साप्ताहिक कार्यक्रम के द्वितीय दिन रचनात्मक प्रतियोगिता में रंगोली रंगो से तथा खेल प्रतियोगिता सम्पन्न करवाई गई। मुख्य ट्रस्टी हरीश गुप्ता, प्राचार्या डॉ. अलका जैन आदि मौजूद थे।

## होटल से देसी शराब बरामद

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** आबकारी पुलिस ने विशेष अभियान के तहत एक कार्रवाई कर देसी शराब एवं बीयर जब्त की। आबकारी विभाग के अनुसारसहायक आबकारी अधिकारी बरासत अली एवं सिरोही आबकारी थाना के प्रहराधिकारी लेखराज की संयुक्त गश्त के दौरान आशापुरा होटल पर आकस्मिक दबिश देकर तेलपुर निवासी ईश्वरसिंह पुत्र हरीसिंह के कब्जेशुदा एक प्लास्टिक कट्टे में 20 पव्वे देशी मदिरा सादा व 2 बीयर बोतल बरामद हुई।

## अम्बेमाता मंदिर का मनाया प्रतिष्ठा महोत्सव



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**शिवगंज।** पोयना गांव में अम्बेमाता मंदिर का प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया गया। समारोह में पूर्व विधायक संयम लोढ़ा ने कहा कि इंसान को उसके कर्म के आधार पर स्वर्ग ओर नरक की अनुभूति इसी जन्म में होती हैं। आप जैसा कर्म करोगे उसी आधार पर आपको उसका फल भी मिलेगा। कार्यक्रम में सुमेरपुर के पूर्व प्रधान हरिशंकर मेवाड़ा ने भी शिरकत की। लोढ़ा ने गांव के भामाशाहों के सहयोग से मां शक्ति के मंदिर निर्माण के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। सुमेरपुर के पूर्व प्रधान मेवाड़ा ने भी संबोधित किया।

## हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

**कालन्द्री।** मेरमंडवाड़ा के रतनगढ़ में हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक संयम लोढ़ा ने कहा कि हनुमानजी को 8 सिद्वियां प्राप्त थी, उनका अंश हमे भी प्राप्त हो ऐसी मंगल कामना है। पवित्र मन में भगवान का निवास होता है। किसी को गुरु न मिले तो हनुमानजी को गुरु मान लें। वर्तमान समय में बच्चों को गीता पढ़ानी चाहिए। संत जीवनगिरी, बालक गिरी, कपील गिरी, रामलाल माली, मोहन माली, सरपंच गुमानसिंह देवड़ा, किशोरसिंह, ईश्वर पुरोहित, पुनीत अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## शिकायत पर हुई कार्रवाई, यूआइटी ने हटवाया अतिक्रमण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** तलहटी स्थित दानवाव विद्यालय के पास किए अतिक्रमण को यूआईटी ने हटवा लिया है। अतिक्रमण को लेकर भाजपा के पूर्व जिला मीडिया प्रभारी सतीश अग्रवाल ने शिकायत की थी। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए नगर सुधार न्यास आबू की टीम ने मौके पर जेसीबी लगाकर कॉलोनी विकासकर्ता द्वारा बेरिकेडिंग कर टीन शेड लगाकर किए गए अवैध कब्जे एवं अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया है एवं इसी प्रकरण में नियम विरुध बिना आंतरिक विकास कार्य के जारी किए गए आरक्षित पट्टों की जांच भी प्रारंभ कर दी है ।



# आरसेटी में दिया प्लंबर एंड सैनेटरी वर्क का प्रशिक्षण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** आरसेटी की ओर से प्लंबर एंड सैनेटरी वर्क के 30 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का समापन शुक्रवार को किया गया। जिसमें सिरोही जिले के अलग अलग गांवों से बेरोजगार युवाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने प्लंबर कार्य एवं वाटर फिटिंग का काम सीखा। मूल्याकन प्रमाणन अधिकारी गोपाल सिंह राठौड ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र व टूल-कीट प्रदान



किए । आरसेटी निदेशक कैलाश गहलोत ने बताया कि आरसेटी द्वारा 64 प्रकार के स्वरोजगार आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किये जाते है। आरसेटी से अनुदेशक पपीयाराम मीणा, प्रवीण कुमार, भंवरलाल, कैलाश माली व देवराज उपस्थित थे।

## महात्मा गांधी विद्यालय में प्रवेश के लिए मांगे आवेदन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रेवदर।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए विभागीय निर्देशानुसार कक्षा प्री-प्राईमरी से कक्षा 8वीं तक अंग्रेजी माध्यम में प्रवेश के लिए 7 मई से 15 जून 2025 तक ऑनलाइन आवेदन (शाला दर्पण / क्यू आर कोड के माध्यम से) स्वीकार किए जाएंगे। प्रधानाचार्य ओमजी लाल शर्मा ने बताया कि 16 जून को आवेदनों की सूची एवं कक्षावार रिक्तियों की सूचना नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाएगी। 17 को लॉटरी निकाली जाएगी। 18 को लॉटरी के माध्यम से चयनित विद्यार्थियों की सूची विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाएगी और 19 से प्रवेश कार्य शुरू किया जाएगा।

## राजमाता मंदिर का 25वां वार्षिकोत्सव मनाया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**शिवगंज।** राजमाता सेवा समिति की ओर से माता मंदिर का 25वां वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। महोत्सव को लेकर शोभायात्रा निकाली जो गौशाला से अग्रसेन मार्ग गोल बिल्डिंग होते हुए अंबाजी मंदिर और राजमाता मंदिर पर पहुंचे। रविंद्रसिंह, अभिमन्युसिंह, करणसिंह, कानसिंह गहलोत, छगन सुथार, महेंद्र देवड़ा, मीठालाल माली, विनोद तुसावड़ा, मांगीलाल प्रजापत, हिम्मत माली, ललित राव भगवानसिंह, वागाराम, विक्रमसिंह, विक्रमसिंह एम, दिनेश ओझा, मनीष माली, प्रवीण माली, सतीश माली, प्रीतम, कैलाश, बद्री, हरिसिंह सिसोदिया, लक्ष्मणदत्त, नरपत माली, गौरव एवं समस्त राजमाता नवयुवक मंडल के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# आज नीट यूजी का एग्जाम, तीन घंटे पहले से शुरू होगी एंट्री, आधे घंटे पहले गेट बंद

## इस बार सभी परीक्षा केंद्र सरकारी स्कूल और कॉलेजों में, जिले के 18 परीक्षा केंद्रों पर बैठ सकेंगे 5736 विद्यार्थी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** रविवार को एनटीए की ओर से होने वाले नीट यूजी के एग्जाम की तैयारियां पूरी कर ली गई है। झुंझुनूं जिले में परीक्षा को लेकर 18 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। पहले प्राइवेट स्कूलों में भी परीक्षा केंद्र बनाए जाते थे। लेकिन इस बार एनटीए से मिली गाइडलाइन के अनुसार सिर्फ सरकारी स्कूल और कॉलेजों में ही सेंटर बनाए गए है। जिसके चलते ना केवल झुंझुनूं जिला मुख्यालय, बल्कि आबूसर, आबूसर का बास, इंडाली, उदावास, हेतमसर, चिड़ावा, मुकुंदगढ़ और नवलगढ़ में भी सेंटर बनाए गए है। इन सेंटरों पर कुल 5736 परीक्षार्थी परीक्षा दे सकेंगे। हर 12 परीक्षार्थियों पर एक वीक्षक लगाया गया है। लगभग हर सेंटर में एक कक्ष में 24 परीक्षार्थियों की बैठने की व्यवस्था की गई है। जिसके लिहाज से हर कक्ष में दो वीक्षक होंगे। वहीं परीक्षार्थी किसी भी इलेक्ट्रॉनिक्स डिवाइस, खासकर ब्लूटूथ और मोबाइल आदि से नकल ना कर सके। इसके लिए सभी परीक्षा केंद्रों में दो कक्षों के बीच एक जैमर लगाया गया। साथ ही परीक्षा केंद्रों के कक्षों को सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रखा गया। सीसीटीवी कैमरों के अलावा वीडियोग्राफी भी होगी। जिसमें हर परीक्षार्थी का चेहरा रिकॉर्ड किया जाएगा। एडीएम डॉ. अजर्य आर्य तथा परीक्षा समन्वयक महेंद्र सिंह ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश परीक्षा शुरू होने से तीन घंटे पहले, यानि कि 11 बजे शुरू कर दिया जाएगा। यह प्रवेश दोपहर डेढ बजे तक दिया जाएगा। इसके बाद परीक्ष केंद्र के दरवाजे बंद कर दिए जाएंगे। परीक्षा केंद्र में प्रवेश के वक्त परीक्षार्थियों की बायोमेट्रिक मशीनों से पहचान और उपस्थिति होगी। दोपहर दो से शाम पांच बजे तक परीक्षा होगी। सभी परीक्षा केंद्रों के लिए एक—एक ड्यूटी मजिस्ट्रेट लगाया गया है। जो आएएस या फिर तहसीलदार स्तर का अधिकारी है। उड़न दस्ते आदि भी तय कर दिए गए है। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से और पारदर्शिता के साथ निपटे इसके लिए ट्रेनिंग के जरिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है। केंद्रों पर बिजली व पानी की समुचित व्यवस्था की गई है। वहीं मेडिकल टीमें भी अलर्ट मोड पर रहेगी।

**डीआईजी द्वारा परीक्षा में नियोजित जाब्ते को किया गया ब्रीफ :** इसी क्रम में रिजर्व पुलिस लाइन में डीआईजी शरद चौधरी द्वारा राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट यूजी- 2025 के दौरान जिले में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियोजित किए जाने वाले अधिकारियों व कार्मिकों को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से ब्रीफ किया गया। इस दौरान एएसपी मुख्यालय देवेंद्रसिंह राजावत भी मौजूद रहे। डीआईजी चौधरी ने बताया कि परीक्षा के सुचारू एवं निष्पक्ष संचालन को सुनिश्चित करने के लिए रिजर्व पुलिस लाइन में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जिले के थाना व कार्यालय के लगे जाब्ते को ब्रीफ किया गया। उन्होंने कहा कि परीक्षा के लिए जिले में व्यापक सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के इंतजाम किए गए हैं। जिले के कुल 18 परीक्षा केंद्रों पर प्रत्येक पर एक उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी को नियोजित किया जाकर परीक्षा केंद्र का नोडल अधिकारी व पुलिस टीम लीडर नियुक्त किया गया है। परीक्षा केंद्रों के आस-पास, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन व भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर फिक्स पिकेट्स लगाए गए है। जिला मुख्यालय पर व पड़ौस के स्थित कुल 12 परीक्षा केंद्रों पर पुलिस मोबाइल पार्टियां लगाई गई हैं। परीक्षा के दौरान सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए गए। सभी पुलिसकर्मियों को परीक्षा केंद्रों पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने, किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने तथा परीक्षा की गोपनीयता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। ब्रीफिंग के दौरान सभी पुलिसकर्मियों को परीक्षा केंद्रों पर सतर्कता बरतने, अनुशासन बनाए रखने तथा किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी तथा नकल करवाने या कराने के प्रयासों पर सख्त कार्रवाई होगी। अफवाह फैलाने या भ्रामक सूचनाएं प्रसारित करने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। आमजन से भी अपील की जाती है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# पूर्व सीएम गहलोत का जन्मदिन केक काटकर और परिंडे बांधकर मनाया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बगड़।** कांग्रेस के वरिष्ठ गांधीवादी नेता पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के 74वें जन्मदिवस पर दिव्यज्योति लाइब्रेरी प्रांगण में केक काटकर पक्षियों के लिए चुग्गे के लिए दाना पीने के पानी के लिए कई जगह परिंडे बांधकर जन्मदिवस मनाया गया। पूर्व पार्षद लाइब्रेरी प्रबंधक श्यामलाल सैनी की अगुवाई में हुए इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के 74वें जन्मदिन पर सरिता चौधरी ने केक काटकर मुख्यमंत्री के स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की जाकर पक्षियों के लिए दाना पानी के लिए परिंडे बांधे गए। पूर्व पार्षद सैनी ने इस अवसर पर गहलोत के सादा जीवन उच्च विचार से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए कहा कि पहलगाम हमले के बाद गहलोत ने कार्यकर्ताओं को पहले ही आग्रह कर दिया गया कि उनके जन्मदिन पर तीन मई को कोई बड़े आयोजन नहीं किए जाए। ये उनकी देश के प्रति गहरी संवेदनशीलता को दर्शाता है। इस अवसर पर नीरज जाखड़, विशाल बुंदेला, अजीत झाझड़िया, गौरव खांडा, अंकित कृष्णियां, कृष्ण सैनी, सूरज कटेवा, चंद्रकांता सैनी, ममता सैनी, जिया कटेवा, सोनू सैन, शीतल कुमावत, मनीष सैनी, मोनिका कटेवा, सौरभ दिनोदिया, विकास मीणा, अंकित स्वामी, विक्रम झाझड़िया, वीरूसिंह, शुभम सैनी, संदीप भांबू, सरिता डूडी, सुमन सैनी, गरिमा डूडी, हिमानी सैन, राकेश, किरण जांगिड़, नवदीप कटेवा, निशा सैनी, संदीम बुंदेला, वर्षा सैनी, चेतना भांबू, अनुष्का सैनी सहित दर्जनों लाइब्रेरियन उपस्थित थे।

# कुचामन रोड बस स्टैंड की दशा सुधरी, यातायात पुलिस हुई मुस्तैद



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** कुचामन यातायात पुलिसकर्मियों की मुस्तैदी से कुचामन पुराना रोडवेज बस स्टैंड की यातायात व्यवस्था पटरी पर आ गई है। जहां पुराना रोडवेज बस स्टैंड प्रशासन की अनदेखी का शिकार हो रखा था। वहीं आज बस स्टैंड यातायात कर्मियों की सजगता से काफी खुला खुला नजर आने लगा है, पुलिस प्रशासन द्वारा अवैध ठेले हटाने, बीच सड़क पर खड़े छोटे वाहनों को हटाने और बड़े वाहन बसों को समयानुसार चलने के लिए पाबंद करने से बस स्टैंड पर लगने वाले जाम से निजात मिल गई ओर कुचामन की यातायात व्यवस्था भी पटरी पर आने लगी हैं। ट्रैफिक इंचार्ज नवाब खान के नेतृत्व में यातायातकर्मी पूरे दिन यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए बसों के ड्राइवरों को पाबंद करते रहे।

**नगरपरिषद ने भी हटाया अतिक्रमण :** कुचामन नगर परिषद भी अतिक्रमणकार्यों के खिलाफ सख्त कार्रवाई में लगा हुआ है, परिषद का अतिक्रमण निरोधक दस्ता भी लगातार दो दिनो से अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। नगर परिषद कर्मचारी बीच सड़क पर खड़े अवैध ठेलो को ट्रालियों में भरकर ले जा रहे हैं और दुकानदारों को पाबंद किया जा रहा है कि बीच सड़क पर कुर्सियां,तख्ते आदि रख कर रोड़ जाम ना करे, अन्यथा उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जयपुर, अजमेर, डीडवाना, दांता की ओर जाने वाली बसे पुराने रोडवेज बस स्टैंड पर 5 मिनट से ज्यादा ठहराव नहीं करेगी। मकराना और रेल्वे स्टेशन जानी वाली बसे अपने समयानुसार 15 मिनट से ज्यादा ठहराव नहीं करेगी, अन्यथा उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# नगरपालिका परिसर में मधुमक्खियों के हमले का डर



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चिड़ावा।** हाल ही में मंड्रेला बाईपास पर एक चलती गाड़ी पर हुए मधुमक्खियों के हमले जैसी पीड़ा चिड़ावा नगरपालिका परिसर में मौजूद लोगों को कभी भी भुगतनी पड़ सकती है। ज्ञातव्य है कि मंड्रेला बाईपास पर उधर से गुजर रही एक चलती गाड़ी पर मधुमक्खियों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया। जिससे गाड़ी में सवार एक ही परिवार के चार सदस्य घायल हो गए। उक्त सभी घायलों का चिड़ावा के उप जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया गया। मंड्रेला बाईपास पर उधर से गुजर रही गाड़ी पर हुए मधुमक्खियों के उक्त हमले से चिंतित सामाजिक चिंतक महेश कुमार शर्मा आजाद ने आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि मधुमक्खियों द्वारा इस प्रकार का हमला कभी भी चिड़ावा नगरपालिका में उपस्थित लोगों को भी भोगना पड़ सकता है। आजाद ने बताया कि चिड़ावा नगरपालिका के बगल में बनी जलदाय विभाग की प्रथम जल टंकी पर भी इन दिनों घोड़ा मधुमक्खियों के कई छत्ते लटक रहे हैं। विदित हो कि मंड्रेला बाईपास पर हुए मधुमक्खियों के उक्त हमले के बाद चिड़ावा थाना के कॉंस्टेबल राजेन्द्र शर्मा और हैड कांस्टेबल मंजू ने घटनास्थल का मुआयना करने के बाद अस्पताल पहुंचकर पीड़ितों से बात कर पूरी जानकारी जुटाई थी।

# एमडी लिटिल फ्लॉवर में छात्र-छात्राओं ने पक्षियों के दाना-पानी के लिए लगाए परिंडे



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चिड़ावा।** एमडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के तत्वावधान में एमडी लिटिल फ्लॉवर के द्वारा बढती हुई गर्मी को देखते हुए विद्यालय परिसर में छात्र—छात्राओं ने पक्षियों के दाने-पानी की व्यवस्था हेतु विद्यालय चेयरमैन सुनील डांगी, डायरेक्टर समित डांगी व प्रधानाचार्य अंकित शर्मा की देखरेख में विद्यालय परिसर में अपने हाथों से बने 300 से अधिक परिंडे लगाए। इस अवसर पर विद्यालय चेयरमैन सुनील डांगी ने कहा कि मूक प्राणियों की सेवा करना ही सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है तथा साथ ही उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपने घर की छत पर भी एक-एक परिंडा लगाने का संकल्प दिलाया। डायरेक्टर समित डांगी ने भी विद्यालय के छात्र—छात्राओं को परिंडे लगाने और पक्षियों की रक्षा करने का महत्व समझाते हुए कहा कि इसे जिम्मेदारी नहीं बल्कि संस्कार के रुप में अपनाना चाहिए। प्रधानाचार्य अंकित शर्मा ने कहा कि गर्मी में पक्षियों के लिए दाना और पानी जीवनदायी सिद्ध हो सकते है। उन्होंने सभी स्टाफ सदस्यों और छात्र—छात्राओं से अपील की कि सभी अपने-अपने घरों में भी परिंडे लगाए। ताकि कोई भी पक्षी प्यास और भूख से दम न तोड़े। इस दौरान उदित योगी, दीपाली शर्मा, सरिता रोहिला, निधि शर्मा, सुनील श्योराण, मनीषा योगी, पायल गोयल, मनीष शर्मा, रजनीकांत, अमितांश, ज्योति, अंजना, आरती जांगिड़, अनिता जांगिड़, सीमा शर्मा, पायल, बबिता लाटा, मंजीत, प्रेरणा, मनोज, निर्मला शर्मा, कोमल, रोमिल निगम, नीरज, मंजू, भूपेंद्र शर्मा आदि स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

# कुचामन विकास महिला मंच ने पुलिस थाने में लगाए पक्षियों के लिए परिण्डे



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए समाज सेवा व जीव सेवा को समर्पित कुचामन विकास समिति की महिला इकाई महिला मंच ने एक अनुकरणीय पहल करते हुए कुचामन पुलिस थाना परिसर में बेजुबान पक्षियों के लिए परिण्डे एवं जल के कुंड स्थापित करवाए हैं। यह सेवा कार्य महिला मंच की अध्यक्ष बरखा जैन के नेतृत्व में शकुंतला मांधणिया के सौजन्य से सम्पन्न हुआ।

इस मौके पर कार्यक्रम की शुरुआत शकुंतला मांधणिया के स्वागत से हुई, जिन्हें महिला मंच की ओर से बरखा जैन ने माला पहनाकर सम्मानित किया। वहीं पुलिस थानाधिकारी सतपाल ने बाबूलाल मांधणिया का दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया। पुलिस अधिकारियों के सहयोग से थाना परिसर में पानी के कुंड और धान से भरे परिण्डे लगाए गए, ताकि गर्मी में प्यासे और भूखे पक्षियों को राहत मिल सके। महिला मंच की सचिव ज्योति अग्रवाल ने इस दौरान कहा कि 'जल ही जीवन है। मानव, पशु, पक्षी, पर्यावरण, वायु और जल-सब एक-दूसरे के पूरक हैं। यदि मनुष्यता को बचाना है तो हमें पशु-पक्षियों और प्रकृति की रक्षा करनी होगी।' कार्यक्रम में रही महिलाओं की भागीदारी इस प्रेरणादायक सेवा कार्य में महिला मंच की अनेक सदस्यों ने भाग लिया, जिनमें शामिल थीं। बरखा जैन, ज्योति अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, किरण अग्रवाल, विनीता अग्रवाल, मधु अग्रवाल, श्रीदेवी दीक्षित, उमा गौड़, जिम्मी पाटौदी, हेमा गट्टानी, कृष्णा मंत्री, आशा झंवर, शकुंतला मांधनीय, सरिता काबरा, उमा खटोड़, और निर्मला गौड़। इसके अतिरिक्त थाना प्रभारी सतपाल, सरोज, सोहनी, पूरण, देवीलाल, मंजू आदि पुलिस स्टाफ भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में थानाधिकारी सतपाल ने कुचामन विकास महिला मंच की सराहना करते हुए कहा कि 'इस प्रकार का जीव सेवा कार्य वास्तव में सराहनीय है और इससे समाज में सकारात्मक संदेश जाता है।'

# गुढ़ागौड़जी में पेयजल की समस्या को लेकर महिलाओं ने जताया आक्रोश

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**गुढ़ागौड़जी।** कस्बे में पेयजल संकट के खिलाफ ऋषिपुरा मोहल्ले की महिलाएं सड़कों पर उतरीं और सुबह सुबह पंप हाउस पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। महिलाओं ने बताया कि पिछले दो महीने से पानी की एक बूंद तक उनके घर तक नहीं पहुंची है और लगातार बाहर से टैंकर मंगवा कर पानी की पूर्ति की जा रही है। किशन गोरसिया ने बताया कि जल की पूर्ति पूरे गांव में भी हो रही हैं। कई बार शिकायत करने पर कोई सुनवाई नहीं हो रही। जलदाय विभाग इतना सुस्त है कि शिकायत लेकर जाते हैं तो मौके पर कोई अधिकारी नहीं मिलता और शिकायत दर्ज नहीं होती। महिलाओं ने सुबह-सुबह पंप हाउस पहुंचकर पानी को खोलने से रोका। उसी वक्त वहां तैनात कर्मचारियों ने जलदाय विभाग के उच्च अधिकारियों से फोन पर बात की और यह आश्वासन दिया कि एक-दो दिन में इस समस्या से निपटारा कर लिया जाएगा।

# न्यूज ब्रीफ

## लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट सेवा ट्रस्ट ने मदद के लिए बढ़ाए हाथ



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** कुचामन के नजदीक गांव खाखड़की के वाल्मीकि परिवार की कमला की मृत्यु के बाद उसकी 20 दिनों की नवजात सहित 9 बेटियां बेसहारा हो गई। इन बच्चियों के पिता एवं दादा के बीमार रहने की वजह से इस परिवार को मदद की जरूरत है संबंधी सूचना जब कुचामन सिटी की सामाजिक संस्था लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट सेवा ट्रस्ट को मिली, तो संस्था ने क्लब के निदेशक लॉयन चन्द्रकुमार वर्मा के सौजन्य से मदद के लिए हाथ बढ़ाए। ट्रस्ट के अध्यक्ष लॉयन राम काबरा एवं पूर्व पार्षद गौरीशंकर शर्मा ने खाखड़की पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी एवं सहयोग के रूप में एक महीने की खाद्य सामग्री प्रदान की। लॉयन राम काबरा ने बताया संकट के समय इंसान ही इंसान के काम आता है और यही मानवता है। इसी को महसूस करते हुए क्लब द्वारा वर्मा परिवार के सौजन्य से वाल्मीकि परिवार को हर माह 6 महीने तक खाद्य सामग्री का सहयोग किया जाएगा तथा इन बच्चियों की शिक्षा से सम्बंधित आवश्यकताओं में भी मदद करने के हर संभव प्रयास किए जाएंगे। रामेश्वरलाल वाल्मीकि, बोदूराम वाल्मीकि, प्रभुराम बुगालिया सहित ग्रामीणों ने वर्मा परिवार एवं लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट सेवा ट्रस्ट का आभार जताया।

## पर्यटकों को एलआईसी झुंझुनूं ने दी श्रद्धांजलि




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** एलआईसी टीम अप्रतिम द्वारा विकास अधिकारी दीक्षांत झाझड़िया के प्रेरणा से जीवन रक्षा ब्लड सेंटर पर स्वैच्छिक रक्तदान का आयोजन कर पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी गई। उन्होंने बताया कि रक्तदान करके आप मरीजों के ईलाज में सहयोग कर सकते है। क्योंकि इससे बड़ा पुण्य का कोई कार्य नहीं है। इस स्वैच्छिक रक्तदान में विकास अधिकारी दीक्षांत झाझड़िया, संदीप कौशिक, शाखा प्रबंधक ललित मीणा, राजेश पूनियां, मोहित कुमार, कृष्ण मुरारी, लोकेंद्र पिलानिया, करीना चौधरी, अनिल नेहरा, सोनू कुमारी एवं समस्त एलआईसी टीम अप्रतिम ने भाग लिया।

## डेढ़ लाख रुपए वापस लौटाकर दिया ईमानदारी का परिचय



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** राजस्थान रोडवेज के झुंझुनूं डिपो के परिचालक तरूण बागोरिया व ऊर्फ तनू ने ईमानदार का परिचय देते हुए एक यात्री के डेढ़ लाख रूपए वापिस लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया है। दरअसल ये पैसे यात्री बस में भूल गया था। ईमानदारी का परिचय देते हुए तरूण ने यात्री को ढूंढकर उनको कार्यालय में मुख्य प्रबंधक गणेश शर्मा, प्रबंधक यातायात महेश, सहायक यातायात निरीक्षक भावी व प्रभारी विजेंद्र चौधरी की उपस्थिति में लौटाए।

## कांता सैनी का असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर 29वीं रैंक से चयन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**चिड़ावा।** कस्बे के वार्ड नंबर तीन निवासी मिठाई विक्रेता शंकरलाल सैनी व द्रोपदी सैनी की लाडली बिटिया कांता सैनी ने हाल ही में असिस्टेंट प्रोफेसर राजनीतिक विज्ञान के पद पर चयन प्राप्त कर एक नया मुकाम हासिल किया है। कांता ने अपनी सफलता का राज पूरी लगन के साथ कड़ी मेहनत को बताया है व खुशी जाहिर की है। उसने बताया कि सफलता का कोई शॉर्ट कट नहीं होता। कांता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, पति, भाई-बहन, शिक्षकों व मित्रों को दिया है। बता दे कांता की शिक्षा डालमिया बालिका स्कूल चिड़ावा से हुई है। कांता की शादी भाजयुमो के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक सैनी भादरा के छोटे भाई आनंद सैनी से हुई है। जो हाल जयपुर में प्रोपर्टी व बिल्डर का काम करते हैं। कांता संतोष कुमार सैनी जिला उपाध्यक्ष भाजपा ओबीसी मोर्चा की छोटी बहन है। कांता का प्रथम चयन सैकंड ग्रेड 2012 में हुया था। शिक्षा को अपना लक्ष्य बना निरंतर प्रयास से 2017 में फर्स्ट ग्रेड राजनीति विज्ञान में चयनित हुई। वर्तमान सीनियर सैकंडरी स्कूल दादिया सांगानेर जयपुर में पोस्टेड है और अब हाल आरपीएससी द्वारा घोषित कॉलेज असिस्टेंट प्रोफेसर राजनीति विज्ञान में 29वीं रैंक प्राप्त कर अपना ही नहीं पूरे परिवार, समाज व मित्र सभी को गौरवान्वित किया है। यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्ट शैक्षणिक क्षमता का परिणाम है। कांता की यह सफलता अन्य प्रतिभागियों के लिए भी प्रेरणादायक है।

## भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए लगाए परिंडे

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** महावीर इंटरनेशनल सनराइज द्वारा वीरा प्रमिला शर्मा एवं वीर रंजन शर्मा के सौजन्य से नंदी गौशाला परिसर झुंझुनूं में भीषण गर्मी को देखते हुए पानी के 25 परिंडे लगाए एवं गौमाताओं को हरी सब्जियां खिलाई गई। अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान ने बताया कि परिंडे लगाने के साथ साथ पानी डालने की भी समुचित व्यवस्था की जाती है। ताकि बेजुबान पक्षी पानी नियमित पी सके। कार्यक्रम में संस्था संरक्षक डॉ. एसएन शुक्ला, डॉ. नरेंद्रसिंह नरूका, जयप्रकाश शर्मा, देवेंद्र कुमार गौड़, प्रदीप कुमार शुक्ला, लाला टेलर एवं काफी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# शिक्षा का व्यवहारिक ज्ञान देते है विद्या भारती विद्यालय : कुमावत

## आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक का वार्षिकोत्सव

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक के वार्षिकोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि मंत्री जोराराम कुमावत, मुख्य वक्ता जोधपुर प्रांतकार्यवाह खीमाराम एवं समाजसेवी व भामाशाह मुपुब मेहता की ओर से सरस्वती पूजन के साथ किया गया। मुख्य वक्ता ने कहा कि विद्या भारती शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका में आज सबसे आगे है। शिक्षा के साथ संस्कार का जीवन में अधिक महत्व है। संस्कार के बिना शिक्षा का कोई महत्व नहीं है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की संक्षिप्त जानकारी एवं समाज विकास की भूमिका में पंच परिवर्तन का विषय भी सबके सामने रखा। मुख्य अतिथि कुमावत ने कहा कि अगर अपनों को शिक्षा का व्यवहारिक ज्ञान अगर कोई देता है तो वे विद्या भारती विद्यालय है। वर्तमान परीक्षा परिणाम में भी सर्वाधिक राष्ट्रीय स्तर पर अगर किसी ने गौरान्वित किया है तो वे विद्या भारती के विद्यार्थी है। सनातन धर्म को श्रेष्ठ बताते हुए बताया कि भारत ने विश्व स्तर पर जो अपना वर्चस्व कायम किया है उसके पीछे भी विद्या भारती द्वारा दी गई शिक्षा का व्यापक विस्तार है। भारतीय शिक्षा कैसी व किस प्रकार से प्राचीनकाल से समाज को गढने का कार्य करती है। इस संदर्भ उन्होंने रामायण के उदाहरण के माध्यम से भी बताया। कार्यं म में अरूण से एकादशी तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न



प्रकार की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। संस्कृति ज्ञान व अन्य श्रेष्ठ कार्य के लिए अभिभावक, प्रबुद्धजन, आचार्य-आचार्या व विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## पुराना नाडा में फैले कचरे का किया निस्तारण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** शहीद भगतसिंह



सेवा समिति की ओर से शनिवार को सफाई अभियान अध्यक्ष अमृत परिहार के नेतृत्व में चलाया गया। समिति के नरेश व कुलदीप सिंह ने बताया कि नगर में जाखा माता मंदिर परगना में पुराना नाडा में फैले कचरे को एकत्रित कर निस्तारण किया गया। नाडे की सफाई कर भरने की तैयारी की गई। इस कार्य में लालाराम, सुरेश मारू, कैलाश सोलंकी, जबरसिंह परमार, अशोक भाटी, सुरेश मारू, अशोक, मालाराम पुजारी, रिंकेश महाराज आदि ने सहयोग प्रदान किया।

## चारभुजा मंदिर पर ध्वजारोहण आज, निकलेगी शोभायात्रा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** कस्बे में रविवार को कुमावत समाज की ओर से चारभुजा मंदिर पर विधिवत पूजा-अर्चना के साथ ध्वजारोहण किया जाएगा। ध्वजारोहण से पूर्व शोभायात्रा निकाली जाएगी जो केरली वास स्थित सोहनलाल पुत्र केसाराम कुमावत के निवास स्थान से आरंभ होकर बेंड-बाजे और गाजे-बाजे के साथ चारभुजा मंदिर पहुंचेगी। मंदिर में भगवान चारभुजानाथ की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना के पश्चात ध्वजा चढ़ाई जाएगी। इस अवसर पर भगवान को छप्पन भोग का विशेष चढ़ावा अर्पित किया जाएगा। ध्वजा के मुख्य लाभार्थी सोहनलाल कुमावत, मूलाराम कुमावत, प्रेम कुमावत, दिलीप कुमावत व सांखला परिवार होंगे। छप्पन भोग का चढ़ावा उदाराम पुत्र चमनाराम कुमावत द्वारा लिया गया। आयोजन को लेकर समाजजनों में खासा उत्साह है।

## पालिका ने शुरू किया सिंहप्रस्थ तालाब में पानी पहुंचाने का कार्य

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** इस भीषण गर्मी में नगर के तखतगढ़ रोड स्थित सिंहप्रस्थ तालाब में पानी की कमी से मछलियों के जीवन पर मंडराते खतरे को भांपते हुए स्थानीय प्रशासन भी तालाब में पानी डलवाने के लिए आगे आ गया है।

एसडीएम कालुराम कुम्हार एवं इओ नरपतसिंह राजपुरोहित के निर्देश पर एसआइ यशवंत परिहार ने पाइप डलवाकर पानी पहुंचाने का कार्य शुरू कराया। परिहार ने बताया कि नगर पालिका द्वारा निजी कुएं से 500 फीट पाइप लाइन लगाकर सिंहप्रस्थ तालाब में पानी पहुंचाने का कार्य शुरू किया है जो नियमित रूप से गर्मियों तक चालू रहेगा। यह पानी तखतगढ़ रोड के उस पार निजी कुंए से पाइप लाइन के जरिए रोड के नीचे डाले गए बड़े पाइप में छोड़कर पहुंचाया जा रहा है। साथ ही सिंहप्रस्थ तालाब परिसर में पालिका के दो ट्यूबवेल के जरिये 24 घंटे तालाब में पानी डलवाने का कार्य जारी हैं। जिनसे भी निरंतर पानी तालाब में जा रहा है।



## जवाई में दिखा शिकारी बाज ओस्प्रे का रोमांचक अंदाज

### ये समुद्री बाज 5 से 10 सैकंड में तैरती मछलियों का करता है शिकार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** जवाई बांध के दूरस्थ केचमेंट क्षेत्र में ओस्प्रे पक्षी का रोमांचक व्यवहार देखा जा सकता है। यहां मछलीमार बाज पानी में तैरती मछलियों पर तेजी से झपट्टा मारता है। अपने मजबूत पंजों से शिकार को उठाकर ले जाता है। ये अपने शिकार और उसके अनूठे तरीके के बारे में जाने जाते हैं। शिकार करते वक्त उनका लक्ष्य ऐसा रहता है कि पानी या फिर समुद्र में तैरती मछली का महज 5 से 10 सैकंड में शिकार कर लेते हैं। इसे मछलीमार, मछारियां और मछमंगा के नाम से भी जाना जाता है। नेपाल में इसे मछाव्रंग, बंगाल में कुरारी, तेलगु में कोरोमन गाड्डा और मलयालम में तालिपारून्डा कहते हैं। अभी यहां पर इनकी संख्या 8 से 9 के करीब है।



फोटो : लक्ष्मण पारंगी

### अप्रैल से जून के बीच यूरोप के देशों में प्रवास कर जाते

ये बाज सर्दियों में पूरे भारत के बड़े जलभराव क्षेत्रों में प्रवास करते हैं। जवाई में भोजन की प्रचुरता के कारण ये बाज अगली बारिश तक ठहर सकते हैं। अधिकांश बाज अप्रैल से जून के बीच यूरोप के देशों में प्रवास कर जाते हैं। जवाई में सर्दियों के दौरान इनका प्रवास रहता है। कुछ बाज पूरे साल यहीं रह जाते हैं। विज्ञान में इसे पांडियन हेलियेटस के नाम से वर्गीकृत किया गया है। भारत में कुछ स्थानों को छोड़कर ये बाज यूरोप में ही प्रजनन के लिए प्रवास करते हैं।

## श्रद्धा और वैदिक परंपरा के साथ मनाया यज्ञ दिवस

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** देव दरबार परिसर में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय यज्ञ दिवस के अवसर पर आस्था वैदिक संस्थान के तत्वावधान में विशेष यज्ञ का आयोजन किया गया। आयोजन में संस्था के सदस्यों सहित स्थानीय नागरिकों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ भाग लिया। यज्ञ कार्यं म के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार और अग्निहोत्र की विधियां संपन्न की गई। उपस्थित सदस्य परंपरागत वेशभूषा में यज्ञ में आहुति देते नजर आए। कार्यं म के प्रमुख वक्ता एवं पतंजलि युवा भारत के प्रदेश प्रभारी नरेंद्र आस्था ने यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यज्ञ करने से वायुमंडल की शुद्धि होती है, पर्यावरण प्रदूषण में कमी आती है और अनेक प्रकार के रोगाणुओं का नाश होता है। आयोजन में विशेष रूप से भारत स्वाभिमान तहसील प्रभारी वेदप्रकाश आर्य, आस्था वैदिक संस्थान निदेशक कमलेश परिहार, जीत माली, लक्ष्मणसिंह राजपुरोहित, अक्षर परिहार, खुशी



देवासी, मनोहरसिंह देवड़ा, कोमल माली आदि सदस्यों ने यज्ञ की विभिन्न गतिविधियों में सिं य सहभागिता निभाई। यज्ञ स्थल को पारंपरिक सजावट और भगवती प्रतिमा से सुशोभित किया गया था। जिससे वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया। अंत में सभी प्रतिभागियों को यज्ञ का महत्व समझाते हुए साहित्य वितरित किया गया।

## सड़क हादसे में पूर्व उप सरपंच की मौत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** मिरगेश्वर में एक सड़क दुर्घटना में सादड़ा निवासी लाटाड़ा के पूर्व उप सरपंच महिपालसिंह की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार सादड़ा निवासी महिपालसिंह पुत्र गोविंदसिंह घरेलू काम से सेवाड़ी गए थे। वापसी में वाहन नहीं मिलने पर वे पैदल लुणावा की ओर लौट रहे थे। मीरगेश्वर और सेवाड़ी के बीच नदी पुलिया के पास बरगद के निकट एक जीप ने महिपालसिंह को टक्कर मार दी। जिससे महिपालसिंह की मौके पर ही मौत हो गई। जीप अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। लक्ष्मणसिंह पुत्र शैतानसिंह ने जीप चालक की पहचान सादड़ा निवासी विक्रमसिंह राजपूत के रूप में की। लक्ष्मणसिंह और अन्य लोग घायल जीप चालक और मृतक महिपालसिंह को सेवाड़ी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने महिपालसिंह को मृत घोषित किया। मृतक के भाई भैरूसिंह ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

## सस्ता बिक रहा पनीर और घी, नकली होने का संदेह गहराया



फाइल:फोटो

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांडेराव।** कस्बे सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्र में पनीर और घी बनाने काम जोरों पर है। घी व पनीर को सस्ते में बेचे जाने से इनके नकली होने को लेकर संदेह बना हुआ है। अभी तीन दिन पूर्व फोरलेन हाइवे पर बिरामी पुल के नीचे रानी की ओर से आई बोलेरो केंपर में लाए गए मावे के 22 कट्टे निजी ट्रैवल्स बस में चढ़ाए गए थे। जिसे मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने बस को रुकवा कर जब्त किया था। मावे के नकली होने के संदेह पर फुड अधिकारी को मौके पर बुलवा कर सभी कट्टों से सैंपल लिए गए। जिसकी जांच रिपोर्ट आने पर वस्तुस्थिति का पता चलेगा। लेकिन, इतना तय है कि कस्बे व आसपास गांवों में मावा, पनीर व घी बनाने का कार्य जोरों पर है। चूंकि यह उत्पाद सस्ते में बेचे जा रहे है इस लिए हर कोई इनके नकली, मिलावटी होने पर संदेह जता रहा है। लोगों को मानना है कि क्षेत्र में नकली घी, पनीर व मावा बनाने का कार्य हो रहा है जिसे विभिन्न क्षेत्रों में आपूर्ति किया जाता है। दुकानों पर यह उत्पाद काफी सस्ते में बेचा जा रहा है जिससे इनके नकली होने की आशंका बलवती बनी हुई है। वैसे भी जिला प्रशासन एवं चिकित्सा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कार्रवाई करते हुए नकली पनीर व घी बनाने की अलग अलग फैक्ट्रियों कर पूर्व में कार्रवाई की जा चुकी है। लेकिन, कुछ कार्रवाई के बाद फिर से मामला ढील पड़ने से ऐसे नकली उत्पाद बनाने वालों के हौंसलें बुलंद है। प्रशासन का शिकंजा बाजार में छोटे-छोटे काउंटर्स से बिक रहे इन मिलावटी खाद्य सामग्रियों की जांच पर अभी तक नहीं कस सका है। बाजार में खाद्य सामग्री पर निरंतर जांच पड़ताल की आवश्यकता है।

**पुलिस ने निजी ट्रेवल बस की छत से हाल ही में पकड़ा था 22 कट्टे संदिग्ध मावा**



## विधायक ने किया विकास कार्यों का उदघाटन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** समीपवर्ती कोटबालियान में विधायक पुष्पेंद्रसिंह राणावत ने विभिन्न विकास कार्यों का उदघाटन किया।

इस मौके पर राणावत पुनाडिया में खेल मैदान और पुस्तकालय का निर्माण कार्य भी शुरू किया गया। कोटबालियान में गोचर लालराई रोड पर खीमावत ट्रस्ट के सहयोग से वृक्षारोपण कार्य का शुभारंभ हुआ। इसके साथ ही कुमार बिल्डर पूना भामाशाह परिवार द्वारा खेल मैदान की चारदीवारी और फेंसिंग का काम भी शुरू करवाया दिया गया। कार्यं म में प्रधान पानेरीदेवी, जिला उप प्रमुख जगदीश चौधरी, प्रशासक हंजाबाई देवासी का सान्निध्य रहा। पस सदस्य भंवरलाल बावल, आनंदकंवर, जगमोहन , ग्राम विकास अधिकारी रामचंद्र यादव, पूर्व सरपंच रतनसिंह पूनाडिया, सेवानिवृत्त



तहसीलदार वेनाराम, भाजपा मंडल अध्यक्ष सांकलाराम देवासी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## खीमज माता मंदिर में लगाई धोक, भजनों पर झूमे श्रोता

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**खिंवाड़ा।** दिवेर-नयागांव मार्ग पर दिवेर नाल स्थित सोलंकी वंश की कुलदेवी खीमज माता मंदिर प्रांगण में खीमज माता मेला कमेटी व मंदिर विकास समिति के तत्वावधान में आयोजित खीमज माता के मेले में शनिवार को श्रद्धालु उमड़ पड़े। श्रद्धालुओं ने खीमज माता के दरबार में धोक लगाकर अमन-चैन की कामना की। शुभ मुहूर्त में वणदार निवासी उत्तमचंद जैन परिवार की ओर से ढोल ढमाकों व जयकारों के बीच मंदिर शिखर पर ध्वजा चढ़ाई गई। मंदिर विकास समिति की ओर से महाप्रसादी का आयोजन किया गया। एक शाम खीमज माता के नाम भजन संध्या में गायक दुर्गेश मारवाड़ी ने गणपति व गुरु वंदना के बाद एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष भंवरसिंह जोजावर, मेला कमेटी के मानवेन्द्रसिंह बागोल, गणेश चौधरी, किशोरकुमार, जयंतीलाल, भगवतसिंह बागोल, अजीतसिंह, गोपसिंह, महेंद्रसिंह बासोर, मनोहरसिंह पनोता, गणपतसिंह मगरतलाव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।






**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** मिशन रक्षा फाउंडेशन के सदस्यों और भामाशाहों के सहयोग से ग्रीष्मकालीन गो ग्रास सेवा अभियान के तहत रेबारियों की ढाणी से गोवंश को हरा चारा खिलाया गया। संस्था और भामाशाहों के संयुक्त प्रयास से वर्ष 2015 से लगातार यह सेवा कार्य किया जा रहा है। बरसात आने तक प्रतिदिन गायों को हरा चारा और पानी दिया जाएगा। इस मौके पर साकलाराम देवासी, मादाराम देवासी, समाजसेवी लाखाराम देवासी, हरीराम देवासी, जेठाराम देवासी, फगाराम, मूलाराम देवासी, नगाराम, फूलाराम देवासी सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

## जयकारों के बीच हुई माताजी व भैरूजी की मूर्ति स्थापना

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** निकटवर्ती गुड़ा जाटान में आयोजित चार दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतिम दिन शनिवार को शुभ मुहूर्त में संतों के सान्निध्य में मंत्रोच्चार, जयकारों के बीच धूमधाम तनोट माता व भैरुनाथज की मूर्ति की स्थापना मन्दिर में की गई। ग्रामीणों की जयकारों से मन्दिर प्रांगण गूंज उठा। इससे पूर्व शु' वार को हुई भजन संध्या



में भजन महावीर सांखला व सोनू सिसोदिया ने शानदार भजन प्रस्तुत कर सभी को भक्ति रस से सरोबार कर दिया। नृत्यकारों ने भी शानदार नृत्य प्रस्तुत किया। भजन संध्या में विभिन्न चढ़ावों के बलए बोलियां बोली गई। संतों व अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। शनिवार सुबह मन्दिर में तोरण पूजन व मोबन स्थापना की गई। दोपहर में संतों की उपस्थिति में धूमधाम से मंत्रोच्चार के बीच मन्दिर में तनोट माता व भैरुनाथ की मूर्ति की विधिवत स्थापना की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने आराध्य की पूजा अर्चना के साथ दर्शन लाभ लिया। इस दौरान मोनाराम भाटी अध्यक्ष क्षत्रिय घांची समाज एवं तनोट व भैरूजी मन्दिर समिति, सुरेश भाटी उपाध्यक्ष, मोहनलाल भोपाजी, वि' मसिंह इंदा सदस्य पंचायत समिति सहित गणमान्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# केकेआर पर भी बाहर होने का खतरा



**कोलकाता।** गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) रविवार को जब राजस्थान रॉयल्स का सामना करेगा तो उसका लक्ष्य जीत हासिल करके प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद को जीवंत रखना होगा। केकेआर को लीग स्टेज में चार और मैच खेलने हैं और प्लेऑफ के लिए उसका समीकरण सीधा है। चारों मैच जीत कर 17 अंक तक पहुंचना। इससे वह अंतिम चार में पहुंचने के लिए अगर मगर से बच जाएगा। कागजों पर यह आंकड़ा भले ही सीधा नजर आता है लेकिन वास्तविकता में यह काफी मुश्किल है।

## प्लेऑफ का समीकरण बिगाड़ सकता है आरआर



### चेन्नई से होगा सामना

केकेआर को इन चार मैच में से दो मैच घरेलू मैदान पर खेलने हैं। वह रविवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलने के बाद बुधवार को चेन्नई सुपर किंग्स का सामना करेगा। इसके अलावा उसे 10 मई को सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (17 मई) के खिलाफ उनके मैदान पर मैच खेलने हैं।

### फॉर्म में बेंगलुरु

सनराइजर्स की टीम अपना उत्साह खो चुकी है लेकिन बेंगलुरु की टीम शानदार फॉर्म में चल रही है। केकेआर को अभी अपना ध्यान घरेलू मैदान पर होने वाले दो मैच पर केंद्रित करना होगा। राजस्थान और चेन्नई की टीम प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी हैं। ऐसे में वे बिना किसी दबाव के मैदान पर उतरेंगी।

### तो केकेआर की बढ़ेगी मुश्किलें

कोलकाता अगर यहां से कोई मैच हारता है तो उनकी गाड़ी 15 अंकों पर ही अटक जाएगी, इसके बाद उन्हें दूसरी टीमों के रिजल्ट पर निर्भर रहना होगा। केकेआर की बड़ी चिंता घरेलू मैदान पर उनका खराब प्रदर्शन है। ईडन गार्डन्स कभी उनका गढ़ हुआ करता था, लेकिन इस बार उसने अभी तक पांच मैचों में से केवल एक जीत हासिल की है जबकि पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछला मैच बारिश के कारण पूरा नहीं हो पाया था और दोनों टीमों को एक-एक अंक मिला था।

### केकेआर के स्पिनर नाकाम

केकेआर के स्पिनर यहां की असमान उछाल से सामंजस्य से बिठाने में नाकाम रहे हैं जबकि उसके बल्लेबाज भी अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उसकी बल्लेबाजी में आक्रामकता की कमी दिख रही है जिसके दम पर उसकी टीम ने पिछले साल खिताब जीता था। पिछले सत्र में सुर्खियां बटोरने वाले फिनिशर रिंकू सिंह आठ पारियों में सिर्फ 169 रन बना पाए हैं जबकि सलामी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक ने सात पारियों में 137.50 के स्ट्राइक रेट से 143 रन बनाए हैं। उनके प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है।

### रहाणे के भरोसे केकेआर

- केकेआर को सबसे ज्यादा निराश वेंकटेश अय्यर ने किया है जिन्हें इस फ्रेंचाइजी ने 23.75 करोड रुपए में खरीद कर उप कप्तान नियुक्त किया था। वेंकटेश ने 10 मैचों में केवल 142 रन बनाए हैं। कप्तान अजिंक्य रहाणे इस सत्र में केकेआर के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज रहे हैं, लेकिन वह फील्डिंग के दौरान हाथ में लगी चोट से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा, "मैं ठीक हूं। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहा हूं और उम्मीद है कि मैं रविवार को मैच खेलूंगा।"

### राजस्थान का निराशाजनक प्रदर्शन

- राजस्थान रॉयल्स का अभी तक निराशाजनक प्रदर्शन रहा है। उसकी टीम ने अपने पिछले सात मैचों में केवल एक जीत हासिल की है जिससे उसकी नीलामी के दौरान अपनाई गई रणनीति की खामियां भी उजागर हो गई हैं। आईपीएल की नई सनसनी 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ने 35 गेंद पर शतक लगाकर अपनी तरफ खींचा था लेकिन उनसे हर समय इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद नहीं की जा सकती है।

# टॉप की तगड़ी लड़ाई

## प्लेऑफ की रेस दिलचस्प, सीएसके और आरआर के बाद अगला कौन



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 की लीग स्टेज में 19 मुकाबले अब बाकी रहते है। अब प्लेऑफ की रेस दिलचस्प हो गई है। सीएसके और राजस्थान का सफर समाप्त हो चुका है। अब 8 टीमों के बीच टॉप-4 में पहुंचने की जंग जारी है। शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद बनाम गुजरात टाइटंस के बीच खेले गए मैच में हैदराबाद को 38 रन से हार का सामना करना पड़ा। हार के बाद हैदराबाद की टीम लगभग आईपीएल से बाहर हो गई है।

### मुंबई इंडियंस

**कितने मैच बाकी-3 (बनाम गुजरात टाइटंस, बनाम पंजाब किंग्स, बनाम दिल्ली कैपिटल्स)**

- मुंबई की टीम मौजूदा समय में अंक तालिका पर नंबर-1 पर मौजूद है। मुंबई की टीम को अब बाकी बचे हुए मैच में से कम से कम दो मैच जीतने होंगे। अभी उसके पास 14 अंक है और वह 11 में से 7 मैच में जीत हासिल कर चुकी है।

### गुजरात टाइटंस

**कितने मैच बाकी- 4 मैच ( बनाम मुंबई, बनाम दिल्ली, बनाम लखनऊ, बनाम सीएसके)**

- गुजरात टाइटंस की टीम ने अंक तालिका में दूसरा स्थान पर है। गुजरात अपने बाकी बचे मैच में जीत हासिल कर 20 अंक हासिल करना चाहेगी। अगर गुजरात की बाकी बचे 4 मैच में जीत जाती है तो वह नंबर-1 और 22 अंक हासिल कर लेगी।

### आरसीबी

**कितने मैच बचे- 4 मैच (बनाम सीएसके, बनाम लखनऊ, बनाम हैदराबाद, बनाम कोलकाता)**

- आरसीबी को अपने लीग स्टेज में अभी 4 मैच खेलने है, जिसमें से तीन मैच उसे होम ग्राउंड में खेलने है। आरसीबी की टीम को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए कम से कम दो मैच जीतने होंगे, ताकि उसका अंक 18 हो जाए।

### पंजाब किंग्स

**कितने मैच बाकी- 4 मैच (बनाम लखनऊ, बनाम दिल्ली, बनाम मुंबई, बनाम राजस्थान)**

- पंजाब को अभी 4 मैच खेलने है, जिसमें उनका सामना लखनऊ, दिल्ली कैपिटल्स, मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स से होना है। पंजाब को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए अपने बाकी मैच में से दो मैच कम से कम जीतने होंगे।

### दिल्ली कैपिटल्स

**कितने मैच बाकी- 4 ( बनाम हैदराबाद, बनाम पंजाब, बनाम गुजरात, बनाम मुंबई)**

- दिल्ली कैपिटल्स की टीम का आगामी मैचों में टॉप-4 की टीमों से सामना है। दिल्ली की टीम को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए कम से कम तीन मैच में जीत हासिल करनी होगी। वहीं 20 अंक के लिए उसे अपने बचे हुए चारों मैच में जीत दर्ज करनी होगी।



**एशिया कप पर संकट के बादल**

## पाकिस्तान को एशिया कप का हिस्सा बनते नहीं देख सकता : गावस्कर

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते राजनीतिक तनाव के बीच एशियाई क्रिकेट परिषद भंग हो सकती है। बता दें कि भारत इस साल एशिया कप के लिए श्रीलंका के साथ सह-मेजबान है। हालांकि अभी एशिया कप के आयोजन की तारीखों और वेन्यू की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन हाल ही में एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण इस साल एशिया कप नहीं होगा। वहीं, दूसरी ओर सुनील गावस्कर ने भी पाकिस्तान को लेकर बयान दिया है और कहा कि "यदि एशिया कप का आयोजन हो तो पाकिस्तान को इससे बाहर कर देना चाहिए"।



सुनील गावस्कर ने माना कि आतंकी हमले के बाद वह पाकिस्तान को एशिया कप में हिस्सा लेते नहीं देख सकते। भारत और श्रीलंका इस साल के अंत में टूर्नामेंट की मेजबानी करने वाले थे।

**पूर्व ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर का दावा**

## बुमराह दूसरा 'सर डॉन ब्रैडमैन'



**नई दिल्ली।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई एडम गिलक्रिस्ट ने सचिन तेंदुलकर और कोहली को नहीं बल्कि गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को गेंदबाजी का 'सर डॉन ब्रैडमैन' करार दे दिया है। गिलक्रिस्ट ने दावा किया कि वह 2024-25 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बुमराह को देखकर दंग रह गए और उन्हें अब तक का सबसे महान तेज गेंदबाज मानते हैं। गिलक्रिस्ट ने कहा, "बुमराह शायद अब तक के सबसे अच्छे गेंदबाज रहे हैं। जब आप आंकड़ों और अलग-अलग परिस्थितियों को देखते हैं, जिसमें उसने अपने कंफर्ट से बाहर जाकर अपने कौशल का प्रदर्शन किया है तो मुझे लगता है कि सर डॉन ब्रैडमैन ने भी वैसे कारनामा अपने करियर में किया।

# सुदर्शन ने तेंदुलकर का तोड़ा रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** गुजरात टाइटंस के ओपनर साई सुदर्शन ने शुक्रवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस (जीटी) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के बीच खेले गए मैच के दौरान इतिहास रचा। मैच में हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बैटिंग करते हुए साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल ने शानदार शुरुआत टीम को दिलाई। स्टार ओपनिंग जोड़ी ने सिर्फ 41 गेंदों में 87 रनों की साझेदारी की। सुदर्शन पावरप्ले के बादजीशान अंसारी की गेंद पर आउट हुए।

- **आईपीएल में 1500 रन और टी20 क्रिकेट में 2000 रन किए पूरे**

### सचिन तेंदुलकर को छोड़ा पीछे

अपनी पारी के दौरान, सुदर्शन ने कई उपलब्धियां हासिल की और ऑरेंज कैप हासिल करके रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया। सुदर्शन ने मैच में टी20 क्रिकेट में अपने 2000 रन पूरे किए और सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ा। सुदर्शन ने आईपीएल में 1500 रन और टी20 क्रिकेट में 2000 रन पूरे किए। दोनों ही उपलब्धियों के जरिए उन्होंने रिकॉर्ड बनाए। सुदर्शन आईपीएल इतिहास में सबसे तेज 1500 रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं और उन्होंने शॉन मार्श का लंबे समय से चला आ रहा रिकॉर्ड तोड़ डाला।

# मनोरंजन



## अवनीत कौर की फोटो को कोहली ने किया लाइक!

बी-टाउन की एक्ट्रेस अवनीत कौर, जिनकी तस्वीर को भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने गलती से लाइक कर दिया था, सोशल मीडिया और सोप ओपेरा में सालों से फेमस हैं। जब से वह एक बच्ची थीं, अवनीत कौर भारतीय टेलीविजन के लिए काम कर रही हैं और हाल ही में कान्स फिल्म फेस्टिवल 2024 में भी नजर आईं। 23 वर्षीय एक्ट्रेस ने 2010 में एक परफॉर्मिंग आर्ट्स रियलिटी शो, 'डांस इंडिया डांस लिटिल मास्टर्स' के जरिए टेलीविजन पर शुरुआत की थी। इसके कुछ समय बाद अवनीत कौर ने 2012 में 'मेरी मां' से एक्टिंग की शुरुआत की और तब से वह एक सनसनी बनी हुई हैं। उनके बाकी प्रोजेक्ट्स, जिनसे उन्होंने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया, वे हैं 'सावित्री एक प्रेम कहानी' (2013) और 'एक मुट्ठी आसमान' (2013)। अवनीत 2018 में सिद्धार्थ निगम के साथ 'अलादीन - नाम तो सुना होगा' में सुल्ताना यास्मीन बनकर छा गईं। अवनीत कौर ने फिल्म इंडस्ट्री में भी काम किया, जहां उन्होंने 2023 में नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ 'टिकू वेड्स शेरू' में अभिनय किया। इसके अलावा, अवनीत 2024 में सनी सिंह के साथ एक रोमांटिक-कॉमेडी ड्रामा 'लव की अरेंज मैरिज' में दिखाई दीं। अवनीत कौर ने शांतनु माहेश्वरी के साथ फिल्म 'लव इन वियतनाम' भी की। इससे पहले अवनीत कौर, शुभमन गिल के साथ अपनी डेटिंग की अटकलों के लिए वायरल हुई थीं, जब उन्होंने दुबई में आयोजित आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत की कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं। अब विराट कोहली ने अवनीत कौर की तस्वीर को लाइक किया।

## कानूनी पचड़े में फंसे एजाज

### शो में अश्लील कंटेंट दिखाने का आरोप



एजाज खान के नये शो हाउस अरेस्ट पर खूब बवाल मचा हुआ है। शो पर अश्लीलता दिखाने का आरोप लगा है। सोशल मीडिया पर इसकी कुछ क्लिप वायरल हुई थी जिसके बाद हंगामा मच गया। शो को बंद करने की मांग की। हंगामे के बीच शो को उल्लू ऐप से हटा दिया गया है। लेकिन एजाज खान की मुश्किलें कम नहीं हुई हैं। उनके खिलाफ अब केस दर्ज किया गया है। बता दें कि मुंबई पुलिस ने शुक्रवार को एजाज खान के साथ ही निर्माता राजकुमार पांडे सहित कई के खिलाफ उल्लू ऐप पर स्ट्रीम होने वाले उनके वेब शो "हाउस अरेस्ट" में अश्लील कंटेंट दिखाने के आरोप में केस दर्ज किया। रिपोर्ट के मुताबित अंबोली पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया, "राइटविंग कार्यकर्ता गौतम रावरिया की शिकायत के आधार पर पुलिस ने अभिनेता एजाज खान, 'हाउस अरेस्ट' वेब शो के निर्माता राजकुमार पांडे और उल्लू ऐप के अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।"

## पंचायत 4 का टीजर रिलीज

प्राइम वीडियो ने वेब सीरीज पंचायत सीजन 4 की पहली झलक पेश की। यह खास टीजर वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) के उद्घाटन समारोह में लॉन्च किया गया, जिसने दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह और उत्सुकता जगा दी है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा आयोजित वेव्स एक एनुअल इवेंट है, जो मनोरंजन जगत में क्रिएटिविटी और इनोवेशन का जश्न मनाता है। इस समिट में अलग-अलग क्षेत्रों से कलाकारों, क्रिएटर्स और इंडस्ट्री प्रोफेशनल्स को एक साथ लाया जाता है, जिससे कला और मनोरंजन की दुनिया को एक नया मंच मिलता है।

'द मेकिंग ऑफ पंचायत: ग्रासरूट स्टोरीटेलिंग' पर एक दिलचस्प पैनल डिस्कशन ने दर्शकों को शो की रचनात्मक यात्रा के पीछे की झलक दी। इस बातचीत के दौरान यह बताया गया कि कैसे पंचायत जैसी सीरीज ने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई। चर्चा के अंत में सीजन 4 का फर्स्ट लुक टीजर खास तौर पर लॉन्च किया गया। चर्चा में पंचायत के लीड कलाकार जितेंद्र कुमार, रघुबीर यादव और सुनीता राजवार के साथ डायरेक्टर दीपक कुमार मिश्रा और लेखक चंदन कुमार मौजूद रहे। बातचीत को प्राइम वीडियो इंडिया के कंटेंट लाइसेंसिंग डायरेक्टर मनीष मेंघानी ने होस्ट किया। इस दौरान सभी ने बताया कि कैसे गांव की सादगी, असली भावनाएं और जमीन से जुड़ी कहानियां पंचायत को खास बनाती हैं।

प्राइम वीडियो इंडिया के कंटेंट लाइसेंसिंग डायरेक्टर मनीष मेंघानी ने कहा, 'हमें खुशी है कि हमें वेव्स जैसे खास इवेंट में 'पंचायत' के नए सीजन का फर्स्ट लुक टीजर दिखाने और पूरी टीम के साथ एक शानदार पैनल डिस्कशन करने का मौका मिला। वेव्स जैसे इवेंट भारतीय एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की असली और दमदार आवाजों को सेलिब्रेट करते हैं। हमेशा से प्राइम वीडियो में हमें यह विश्वास रहा है कि अपनी कहानियां जो जड़ों से जुड़ी सच्चाई से बताई जाती हैं।

**लौट आई फुलेरा की खट्टी-मीठी पॉलिटिक्स**






**'अमिताभ -शाहरुख की जरूरत नहीं'**

## अपना स्टार एआई से बनाऊंगा : शेखर कपूर

दिग्गज फिल्ममेकर शेखर कपूर ने कहा है कि उन्हें अपनी फिल्मों के लिए अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान जैसे एक्टर्स की जरूरत नहीं है क्योंकि वह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग करके अपना खुद का किरदार और स्टार बनाएंगे। उन्होंने कहा कि आगे चलकर 'एआई इंसानों जैसे और भी सितारे बनाएगा।' शेखर कपूर ने बताया कि कैसे एआई सिर्फ़ एक्टर ही नहीं बल्कि स्टार्स भी बना सकता है। उन्होंने कहा, 'एक्टर सिर्फ एक्टर ही रहेंगे, क्योंकि एआईआगे चलकर स्टार्स बनाएगा। एआई ज्यादातर इंसानों जैसे स्टार्स बनाएगा। और मैं एआई का इस्तेमाल करके एक स्टार बना सकता हूं और उसका कॉपीराइट मेरे पास होगा। और बहुत जल्द ही एआई फ़िल्मों के कई विचार सामने आएंगे, जिनमें एक लड़की या लड़का या पुरुष या महिला होगी जिसे मैंने एआई का इस्तेमाल करके बनाया है और वह मेरा कॉपीराइट होगा।' शेखर ने बताया कि उन्हें क्यों लगता है कि फ़िल्म बनाने के लिए उन्हें अमिताभ या शाहरुख़ ख़ान की ज़रूरत नहीं है। उन्होंने कहा, 'अब यह ज़्यादा से ज़्यादा हो रहा है। आप जो बहुत से प्रभावशाली लोग देखते हैं, वे इंसान नहीं हैं। उन्हें एआई ने बनाया है। तो हम ऐसी फ़िल्में क्यों नहीं बना सकते जिनमें ऐसे एक्टर हों, ऐसे किरदार हों जो एआई पर बने होने के कारण स्टार बन गए हों? मुझे अमिताभ बच्चन की ज़रूरत नहीं है। मैं अपना किरदार खुद बना लूंगा। मुझे शाहरुख़ ख़ान की ज़रूरत नहीं है, मैं अपना किरदार खुद बना लूंगा।

## ब्लैक ड्रेस में चित्रांगदा का कहर



एक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह अपने फैशनेबल अंदाज के लिए जानी जाती हैं। उनका ग्लैमरस अंदाज लोगों को काफी अट्रैक्ट करता है। चित्रांगदा बाजार, गैसलाइट, देसी बॉयज और जोकर जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। उनका स्टाइल और देसी अंदाज हमेशा ही वायरल रहता है। एक्ट्रेस ने हाल ही में कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं जिसमें वो ब्लैक कलर की स्ट्रेपलेस डीपनेक ड्रेस में नजर आ रही हैं। वेलोर फैब्रिक से बनी स्ट्रैपलेस ब्लैक ड्रेस में कोर्सेट स्टाइल स्वीटहार्ट नेकलाइन है, जिसमें एक बोल्ड लो प्लंजिंग डिज़ाइन बना हुआ है, जिसे सिल्वर मेटैलिक पाइप-स्टाइल थ्रेड से जोड़ा गया है। इस परिधान की नेकलाइन एक स्ट्रिंग से सजी हुई है और ड्रेस का कपड़ा मखमली सा है। इस बॉडी हगिंग एंकल-लेंथ ड्रेस में एक्ट्रेस के बॉडी कर्व्स काफी साफी नजर आ रहे थे। इससे पहले चित्रांगदा सिंह ने थाई-हाई स्लिट वाली ब्लैक ड्रेस में लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा और फैंस के दिलों को जीत लिया। चित्रांगदा ने प्रिंसेस पॉली बुटीक लेबल और एक गहरी वी-नेकलाइन के साथ एक स्लीवलेस ब्लैक आउटफिट पहना था। स्टेटमेंट आउटफिट में एक हाई-लो हेमलाइन और एक थाई-हाई स्लिट थी जो उसके टोंड पैरों को शानदार लुक दे रही थी। इतना ही नहीं, उसके ओओटीडी में फ्लोरल एप्लिक से सजी एक सिंगल-शोल्डर केप भी शामिल थी। चित्रांगदा ने अपने लुक को न्यूड हील्स, टाई-अप-स्टाइल स्वारोवस्की थ्रेड क्लोजर और डायमंड-एनक्रस्टेड डैंगलर इयररिंग्स के साथ पूरा किया। मेकअप के लिए, अभिनेत्री ने ब्रोंज्ड लुक अपनाया, जिसे स्मोकी, सिल्वर-ग्रे आंखों, गालों पर बेरी-टोन्ड ब्लश और न्यूड ब्राउन लिप ग्लॉस ने उनके पावर-ड्रेसिंग मोमेंट को परफेक्ट फिनिश दिया। बता दें कि चित्रांगदा सिंह आने वाले समय में फिल्म हाउसफुल 5 में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ अक्षय कुमार और अन्य 18 एक्टर्स नजर आएंगे। फिल्म में कुल 5 हीरोइनें हैं।

यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा

# राजस्थान के चयनित अभ्यर्थियों का मुख्यमंत्री ने किया सम्मान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा में राजस्थान के चयनित अभ्यर्थियों का सम्मान कर बधाई दी और विश्वास व्यक्त किया है कि वे सभीअमृत काल के योद्धा के रूप मेंप्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में अपना योगदान देंगे तथा उत्कृष्ट लोक सेवा के माध्यम से हमेशा राजस्थान का नाम देशभर में रोशन करेंगे। शर्मा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने पिछले वर्ष से चयनित प्रतिभाओं के सम्मान की पहल की है। देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक माने जाने वाली यह परीक्षा पास करके प्रदेश के युवाओं ने अपने माता-पिता के साथ ही क्षेत्र और पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा किइस सफलता के बाद जीवन में बेहतर कार्य करते हुए परिजनों की खुशी के भाव को जीवन में आगे भी बनाएं रखें।





▸▸ राष्ट्र निर्माण में लोक सेवक की अहम भूमिका : भजनलाल शर्मा

▸▸ प्रदेश की प्रतिभाओं से राजस्थान का देश में नाम होगा रोशन

▸▸ युवा-अधिकारियों से विनम्रता व धैर्य को अपनाने का आह्वान

### मेहनत से मिलती सफलता

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 'कर्ता के आगे हारे करतार' उक्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि किसी भी कार्य में सफलता पाने के लिए कठिन परिश्रम करना पड़ता है तथा दृढ़ संकल्प के साथ की गई मेहनत सेसफलता अवश्य मिलती है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता के बाद भी चयनित युवाओं के जीवन में नए परिश्रम का दौर शुरू होगा। क्योंकि राष्ट्र निर्माण और गरीब कल्याण में लोक सेवक की महत्वपूर्ण भूमिका होती हैं।

### देशभर में बढ़ाएं प्रदेश का गौरव

▪ शर्मा ने कहा कि लोक सेवक प्रशासन के कर्णधार हैं तथा लोक सेवा का महत्व हमारे समाज और राष्ट्र के लिए असीमित है। इसलिए लोक सेवकों का नवाचारी होना महत्वपूर्ण है, ताकि आम लोगों को बेहतर नागरिक-केंद्रित सेवाएं प्रदान की जा सकें। हमारे प्रदेश की मिट्टी ने हमेशा से वीरों, विद्वानों और कर्मठ लोगों को जन्म दिया है और अब वे सभी भी अपनी सेवा के माध्यम से गौरवमयी मिट्टी की खुशबू को फैलाएं औरकर्मभूमि के साथ ही जन्मभूमि से जुड़े रहें।

### लोक सेवक के रूप में करें समाज सेवा

▪ समारोह में मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सिविल सेवा में चयनित प्रतिभाओं के सम्मान की इस पहल से प्रदेश के होनहारों को प्रेरणा मिल रही है। उन्होंने कहा कि लोकसेवक के रूप में देश और समाज की सेवा का सौभाग्य चुनिंदा लोगों को ही मिल पाता है। महानिदेशक पुलिस ने कहा कि अपने सेवाकाल में हमेशा गरीब कल्याण को प्राथमिकता दें और अपनी सफलता में माता-पिता और परिजनों के योगदान को कभी नहीं भूलें।

### दृष्टिबाधित मनु गर्ग को 91वां स्थान

▪ समारोह में जयपुर निवासी दृष्टिबाधित मनु गर्ग ने मुख्यमंत्री से संवाद करते हुए बताया कि उन्होंने दृष्टिबाधित होने के बावजूद सिविल सेवा परीक्षा में देशभर में 91वां स्थान हासिल किया है। उन्होंने अपनी इस सफलता का मूल मंत्र अपनी माताजी के संकल्प को बताया। वहीं जोधपुर निवासी त्रिलोक सिंह ने देशभर में 20वां स्थान हासिल किया एवं भारतीय सेना में सेवा दे चुके अपने पिता को अपना प्रेरणास्त्रोत बताया।

## शरद गुट के कई नेता अजित गुट में शामिल

**जलगांव।** महाराष्ट्र में शरद पवार की एनसीपी को एक और बड़ा झटका लगा है। पार्टी के कई बड़े नेता शनिवार को अजित पवार के गुट में शामिल हो गए हैं, जिसका बीजेपी विरोध कर रही है। उत्तर महाराष्ट्र के जलगांव और धुले जिले के प्रमुख राजनीतिक नेताओं ने मुंबई में एनसीपी अजित पवार गुट जॉइन कर लिया। इस गुट में शामिल होने वालों में पूर्व मंत्री डॉ सतीश पाटिल, पूर्व मंत्री गुलाबराव देवकर, पूर्व विधायक दिलीप वाघ, पूर्व विधायक दिलीप सोनवणे और पूर्व विधायक कैलाश पाटिल शामिल हैं। इस घटना पर शिवसेना के मंत्री गुलाबराव पाटिल ने टिप्पणी करते हुए कहा कि गुलाबराव देवकर ने पिछले साल विधानसभा चुनाव में उनके खिलाफ चुनाव लड़ा था, इसलिए, यह फैसला (अजित पवार द्वारा उन्हें पार्टी में शामिल करने का फैसला) उचित नहीं है।



# राजस्थान के 28 जिलों में बारिश के आसार

▸▸ तूफानी हवाओं का अलर्ट जारी

**जयपुर।** राजस्थान में मई की चिलचिलाती गर्मी के बीच मौसम ने अचानक करवट ली है। प्रदेश के 28 जिलों में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। 3 मई को सुबह से ही कई इलाकों में बादल छाए रहे, वहीं दोपहर बाद धूल भरी तेज आंधी के साथ बारिश का सिलसिला शुरू हो गया। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि यह मौसमी बदलाव 6 मई तक यूं ही बना रह सकता है। यानी फिलहाल गर्मी से थोड़ी राहत जरूर मिलेगी, लेकिन आंधी-तूफान के खतरे को भी हल्के में नहीं लिया जा सकता। जयपुर, जोधपुर, अजमेर, कोटा, बीकानेर, उदयपुर, भरतपुर समेत कुल 28 जिलों में तेज हवाएं चलने और बारिश की संभावना जताई गई है। कई जगहों पर 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से धूलभरी आंधी चली, जिससे दृश्यता में भारी गिरावट देखी गई। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ और दक्षिणी हवाओं की सक्रियता के कारण यह बदलाव देखने को मिल रहा है। जैसलमेर और बाड़मेर जैसे मरुस्थलीय जिलों में भी हल्की बारिश दर्ज की गई।



### आसमान से राहत, जमीन पर चिंता

मई की शुरुआत में ही मौसम का यह बदला मिजाज जहां गर्मी से जूझ रहे आम नागरिकों के लिए एक सुकून भरी हवा लेकर आया है, वहीं आंधी-तूफान ने परेशानियां भी बढ़ा दी हैं। अगले कुछ दिनों तक राजस्थान की हवा में नमी तो बनी रहेगी, लेकिन बिजली चमक और तेज़ हवाएं भी साथ चलेंगी।

## हिंदू लड़की को ले भागा तीन बच्चों का बाप


**धनबाद।** पुटकी का रहने वाला तीन बच्चों का पिता आरिफ हुसैन बरामुड़ी की एक युवती को लेकर फरार हो गया है। इस क्रम में वह लड़की को शादी करने के लिए निबंधन कार्यालय भी पहुंचा था, लेकिन लड़की के स्वजनों के वहां पहुंच जाने के कारण वह वहां से भी भाग गया। मामले को लेकर लड़की की मां ने धनबाद थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी कराई है। मां ने बताया है कि शुक्रवार को आरोपित आरिफ हुसैन उर्फ आरिफ खान उनके पुत्री को लेकर फरार हो गया। पुत्री के पास 50 हजार रुपए नगद और करीब दो लाख रुपए के जेवर भी हैं। मां ने पुलिस से तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया है। पीड़ित मां ने बताया कि आरिफ नेटवर्किंग का काम करता है। नेटवर्किंग से जोड़ने को लेकर उसका घर पर आना जाना था।

## नीट की परीक्षा आज

**जयपुर।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी नीट यूजी की परीक्षा देशभर के 522 शहरों में 4 मई 2025 को आयोजित करेगी। नीट यूजी में करीब 23 लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे। यह परीक्षा 13 भाषाओं में आयोजित की जाएगी। देश के मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस, बीडीएस और अन्य यूजी कोर्सो में प्रवेश के लिए अनिवार्य है। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश के लिए निर्धारित ड्रेस कोड और दिशानिर्देशों का भी सख्ती से पालन करना होगा। नियमों की अनदेखी करने पर प्रवेश से वंचित किया जा सकता है। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर सुबह 11 बजे से प्रवेश मिलना शुरू हो जाएगा। परीक्षा केंद्र पर दोपहर 1 बजकर 30 मिनट के बाद किसी भी हाल में प्रवेश नहीं मिलेगा। फ्रिस्किंग, बायोमेट्रिक और दस्तावेजों की जांच सुबह 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक की जाएगी। परीक्षा हॉल में बैठने का समय दोपहर 1:15 बजे है। प्रश्न पत्र का वितरण दोपहर 1:45 बजे किया जाएगा। परीक्षा नियंत्रक 1:50 से 2 बजे तक अभ्यर्थियों को सभी जरूरी दिशा-निर्देश से अवगत कराएंगे। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शुरू होगा और शाम 5 बजे समाप्त होगी। पुरुष अभ्यर्थियों के लिए ड्रेस कोड में हल्के रंग की आधी बाजू की शर्ट, टी-शर्ट (बिना जेब, डिजाइन या बड़े बटन के सामान्य पैंट या ट्राउजर, साधारण चप्पल या सैंडल) जबकि महिलाओं के लिए ड्रेस कोड में हल्के रंग में सादी कुर्ती, बिना कढ़ाई या लेस के टॉप, सलवार या साधारण पैंट, साधारण चप्पल या लो-हील सैंडल पहनकर जाने की अनुमति है। पुरुष- फुल स्लीव शर्ट या डिजाइनर कपड़े, जूते, स्नीकर्स या बूट्स, घड़ी, कंगन, चैन, चश्मा, कैप आदि पहनकर जाने पर पाबंदी है।

▸ अभ्यर्थियों को ड्रेस कोड और जरूरी दिशा निर्देश जारी

# शिर्डी साईं मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी





### पुलिस की तैनाती बढ़ाई

ईमेल द्वारा मिली धमकी के बाद शिर्डी साईं मंदिर की सुरक्षा को और मजबूत कर दिया गया है। मंदिर परिसर और आस-पास के इलाकों में पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है। मंदिर में आने वाले भक्तों की गहन जांच की जा रही है और हर आने-जाने वाले पर नजर रखी जा रही है। CCTV कैमरों की मदद से पूरे क्षेत्र पर निगरानी रखी जा रही है। जिला प्रशासन ने भी मंदिर ट्रस्ट और पुलिस से लगातार संपर्क बनाए हुए है और हालात पर नजर रखी जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह किसी की शरारत भी हो सकती है, लेकिन फिर भी इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता।

**अहमदनगर।** शिर्डी का साईं बाबा मंदिर को एक अज्ञात व्यक्ति ने बम से उड़ाने की धमकी दी है। इससे सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं और जांच तेजी से जारी है। शिर्डी में स्थित साईं बाबा का मंदिर देश के सबसे प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों में से एक है, जहां हर दिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। लेकिन हाल ही में एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। शिर्डी साईं संस्थान को एक अज्ञात व्यक्ति ने ईमेल भेजकर मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी दी है। इस खबर के सामने आते ही प्रशासन और पुलिस में हड़कंप मच गया। मंदिर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और जांच एजेंसियां अलर्ट पर हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। यह धमकी एक ईमेल के माध्यम से शिर्डी साईं बाबा संस्थान को भेजी गई। मेल में लिखा गया था कि मंदिर परिसर को जल्द ही बम से उड़ा दिया जाएगा। जैसे ही ट्रस्ट को यह मेल मिला, उन्होंने तुरंत पुलिस को इसकी जानकारी दी। इस घटना से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। शिर्डी साईं संस्थान के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें यह धमकी भरा मेल आज मिला। मेल में धमकी देने वाले ने अपने नाम और पहचान को छुपाया है। संस्थान ने इस मेल को गंभीरता से लेते हुए शिर्डी पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू करते हुए साइबर सेल को जानकारी दी। साइबर एक्सपर्ट्स अब मेल की जांच कर रहे हैं कि यह कहां से और किसने भेजा।

# लिव-इन में रह रहे प्रेमी जोड़े के शव बरामद

## हत्या या आत्महत्या के बीच उलझी गुत्थी

**हनुमानगढ़।** राजस्थान के हनुमानगढ़ में लिव इन में रहने वाले कपल की लाश मिलने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। घटना जिले के ढाबा गांव की है। शुरुआती जांच से ऐसा लगता है कि राजू ने आत्महत्या की है, लेकिन यह अभी स्पष्ट नहीं है कि उसने सुमन की हत्या करने के बाद खुद को फांसी लगाई या दोनों ने आत्महत्या का फैसला मिलकर किया। यह मामला जिले के ढाबा गांव का है, जहां पुलिस को शनिवार सुबह सूचना मिली कि एक घर में दो लोगों के शव पड़े हुए हैं। पुलिस ने बताया कि 45 साल के राजू को कमरे में फंदे से लटका हुआ पाया गया, जबकि 35 साल की महिला सुमन जमीन पर मृत पाई गई। पुलिस फिलहाल यह स्पष्ट नहीं कर पाई है कि यह आत्महत्या का मामला है या फिर हत्या कर उसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई है। पुलिस ने बताया, 'शुरुआती जांच से ऐसा लगता है कि राजू ने आत्महत्या की है, लेकिन यह अभी स्पष्ट नहीं है कि



उसने सुमन की हत्या करने के बाद खुद को फांसी लगाई या दोनों ने आत्महत्या का फैसला मिलकर किया। यह भी आशंका है कि सुमन ने जहर खाया हो।' घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पूरे घर की तलाशी ली। घटनास्थल से किसी प्रकार का सुसाइड नोट नहीं मिला है, जिससे यह तय नहीं हो पा रहा है कि दोनों की मृत्यु किन परिस्थितियों में हुई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दोनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया गया है और रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की सटीक जानकारी मिल सकेगी।

## पेड़ से लटका मिला लड़की का शव

**नई दिल्ली।** दिल्ली से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां के जापानी पार्क में एक लड़की का शव पेड़ से लटका हुआ मिला है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, सुबह 6:45 बजे प्रशांत विहार पुलिस स्टेशन में सूचना मिली कि जापानी पार्क में एक अज्ञात किशोरी पेड़ से लटकी हुई मिली है। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और पाया कि किशोरी दुपट्टे से पेड़ से लटकी हुई थी। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। क्राइम ब्रांच और एफएसएल की टीमों को मौके पर बुलाया गया है। मृतक की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। आगे की जांच जारी है। ये जानकारी दिल्ली पुलिस के हवाले से सामने आई है।

सीबीएसई का बड़ा फैसला

# री-इवैल्यूएशन से पहले मिलेगी उत्तर पुस्तिका की फोटोकॉपी!

अश्वनी कुमार चौधरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की तरफ से बेहद जल्द ही 10वीं और 12वीं क्लास का रिजल्ट जारी कर दिया जाएगा। नतीजों को लेकर लाखों स्टूडेंट्स इंतजार में हैं। इन छात्रों का इंतजार अब कभी भी खत्म हो सकता है। लेकिन बोर्ड ने रिजल्ट जारी करने की तारीख से पहले एक बड़ा फैसला लिया है। दरअसल, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के बाद होने वाली पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया है। यह बदलाव छात्रों को अधिक पारदर्शिता और आत्मनिर्भरता देने के उद्देश्य से किया गया है। अब छात्र





सबसे पहले अपनी जांची गई उत्तर पुस्तिकाओं की फोटोकॉपी देख पाएंगे और उसके बाद ही वे अंकों के सत्यापन या री-इवैल्यूएशन के लिए आवेदन कर सकेंगे। नई प्रणाली के तहत, छात्र सबसे पहले सीबीएसई से अपनी मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की फोटोकॉपी प्राप्त करेंगे। इसके बाद वे यह देख सकेंगे कि किस उत्तर के लिए कितने अंक मिले हैं।

# 547 करोड़ रुपए की ड्रग्स जब्त, 15 गिरफ्तार

**अमृतसर।** एनसीबी की अमृतसर जोनल यूनिट ने 4 राज्यों में 4 महीने तक चले ऑपरेशन के जरिए ड्रग डायवर्जन कार्टेल को खत्म किया। 547 करोड़ रुपए की ड्रग्स जब्त की और 15 लोगों को गिरफ्तार किया। अमित शाह ने कहा कि यह पीएम मोदी के नशामुक्त भारत बनाने के विजन की दिशा में एक बड़ा कदम है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत निर्ममता के साथ ड्रग कार्टेल को खत्म कर रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर एक पोस्ट में अमित शाह ने कहा कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की अमृतसर जोनल यूनिट ने 4 राज्यों में 4 महीने तक चले ऑपरेशन के जरिए ड्रग डायवर्जन कार्टेल को खत्म किया। 547 करोड़ रुपए की ड्रग्स जब्त की और 15 लोगों को गिरफ्तार किया। शाह ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नशामुक्त भारत बनाने के विजन की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने इसके लिए एनसीबी की टीम को बधाई दी। पीएम मोदी नेतृत्व में मादक पदार्थों के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम के रूप में एनसीबी ने हिमाचल प्रदेश और दिल्ली में एक वितरक से 1.36 करोड़ साइकोट्रॉपिक टैबलेट जब्त किए हैं। एनसीबी ने उत्तराखंड के हरिद्वार में एक निर्माता से 11,693 CBCS बोतलें और 2.9 किलो ट्रामाडोल पाउडर भी जब्त किया है। जब्त दवाओं का कुल मूल्य लगभग 547 करोड़ रुपए है।







▸▸ अमित शाह ने एनसीबी को दी बधाई

वायुसेना ने रचा कीर्तिमान

# गंगा एक्सप्रेसवे पर लड़ाकू विमानों की नाइट लैंडिंग



▸▸ देश में पहली बार दिखा ऐसा नजारा

▸▸ हरक्यूलिस विमानों ने चूमी हवाई पट्टी

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर के जलालाबाद में वायुसेना ने शुक्रवार को गंगा एक्सप्रेसवे पर दिन में अपनी शक्ति प्रदर्शन किया। रात में एक्सप्रेसवे पर लड़ाकू विमानों की लैंडिंग कराकर नया कीर्तिमान रच दिया। देश में पहली बार किसी एक्सप्रेसवे पर लड़ाकू विमानों की नाइट लैंडिंग हुई है। पाकिस्तान से तनाव के बीच भारतीय वायुसेना ने शुक्रवार को गंगा एक्सप्रेसवे पर अपना पराक्रम दिखाया। आसमान का सीना चीरते हुए राफेल, सुखोई-30, जगुआर, मिग-29 और सुपर हरक्यूलिस विमानों ने गंगा एक्सप्रेसवे पर जलालाबाद के पीरू गांव के पास बनी हवाई पट्टी को चूमा। इसी के साथ भारतीय वायुसेना के इतिहास में गौरव का एक और अध्याय जुड़ गया। अब भारत भी एक्सप्रेसवे पर लड़ाकू विमानों की नाइट लैंडिंग कराने वाले देशों के क्लब में शामिल हो गया है। पूर्वाह्न 11:30 बजे प्रस्तावित एयर शो खराब मौसम के कारण करीब एक घंटे विलंब से शुरू हुआ। तालियों की गड़गड़ाहट के बीच लड़ाकू विमानों की गर्जना ने वहां मौजूद लोगों के दिलों में रोमांच पैदा कर दिया। बरेली के त्रिशूल एयरबेस से उड़ान भरने के बाद वायुसेना के विमान और हेलिकॉप्टर गंगा एक्सप्रेसवे की हवाई पट्टी पर टच एंड गो करते रहे। एमआई-17 वी-5 हेलिकॉप्टर से जवानों ने रस्सी के सहारे नीचे उतरने का अभ्यास किया।

### हजारों लोगों ने देखा वायुसेना का शौर्य

▪ दोपहर 12:40 बजे शुरू हुआ एयर शो करीब 2:30 बजे तक चला। शुरुआत सैन्य परिवहन विमान एएन-32 की लैंडिंग से हुई। इसके बाद सी-130 जे हरक्यूलिस विमान नीचे उतरा। जगुआर, सुखोई-30 एमकेआई, मिग-29, राफेल के दो-दो विमान गर्जना करते हुए गुजरे।

### वाहनों का आवागमन रहा पूर्णत : प्रतिबंधित

▪ रात दस बजे तक विभिन्न लड़ाकू विमान एक्सप्रेसवे पर लैंडिंग और टेकऑफ करते रहे। इस दौरान शाम सात से रात दस बजे तक कटरा-जलालाबाद हाईवे को वाहनों के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया।

### आपात स्थिति में मददगार बनेगा एक्सप्रेस-वे

▪ देश में पहली बार किसी एक्सप्रेसवे की हवाई पट्टी पर रात में लड़ाकू विमान उतरे। युद्ध की स्थिति में अगर दुश्मन देश बमबारी कर एयरबेस की हवाई पट्टी को नष्ट कर दे तो विकल्प के रूप में एक्सप्रेसवे की हवाई पट्टी का इस्तेमाल किया जा सके। आपात स्थिति में तत्काल सैन्य कार्रवाई के लिए भी इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा।

# अहमदाबाद में 'मिनी बांग्लादेश' बसाने वाला बांसवाड़ा से गिरफ्तार

▸▸ स्थानीय पुलिस रही बेखबर

▸▸ दो सौ बांग्लादेशी चिह्नित





जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बांसवाड़ा।** अहमदाबाद पुलिस उपायुक्त अजीत राजियान के अनुसार, क्राइम ब्रांच को लल्ला पठान के बांसवाड़ा के मोटी झेर गांव में छिपे होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने गांव पहुंचकर उसे गिरफ्तार किया है। गुजरात क्राइम ब्रांच पुलिस ने अहमदाबाद के चंडोला तालाब क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हुए अवैध निर्माण, 20 हजार रुपए लेकर फर्जी आधार कार्ड और रेंट एग्रीमेंट बनाकर बांग्लादेशियों को पनाह देने वाले मुख्य आरोपी लल्ला पठान उर्फ लल्ला बिहारी को बांसवाड़ा के सल्लोपाट थाना क्षेत्र के मोटी झेर गांव से गिरफ्तार किया है। हालांकि, इस गिरफ्तारी से बांसवाड़ा पुलिस पूरी तरह बेखबर रही। अहमदाबाद पुलिस उपायुक्त अजीत राजियान के अनुसार, क्राइम ब्रांच को लल्ला पठान के बांसवाड़ा के मोटी झेर गांव में छिपे होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मोटी झेर गांव पहुंचकर उसे गिरफ्तार किया है। अब तक क्राइम ब्रांच इस मामले में 200 बांग्लादेशियों को चिह्नित कर उन्हें वापस भेजने की प्रक्रिया कर चुकी है।

### चार पत्नियां और नौ बच्चों का परिवार

पुलिस के अनुसार, लल्ला पठान के घरों से 9 लाख रुपए नकद, 250 ग्राम सोना, पैसे गिनने की मशीन, कई फर्जी दस्तावेज और लेटरहेड बरामद किए गए हैं। उसके पास चार मकान और चार गाड़ियां हैं। लल्ला की चार पत्नियां और नौ बच्चे हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, लल्ला पर पहले से ही दो अन्य आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### तालाब पाटकर बनाए सात हजार झोपड़े

शुरुआती जांच में पता चला है कि उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले का रहने वाला लल्ला पठान चंडोला तालाब की करीब 3 लाख स्क्वेयर मीटर जमीन पर मिट्टी डालकर 7 हजार अवैध झोपड़ियां और मकान बना चुका था। इनमें से 4 हजार अवैध निर्माण अब तक गिराए जा चुके हैं।

### बीस हजार रुपए में बनाकर देता था फर्जी कागजात

आरोपी बांग्लादेशियों को ये अवैध मकान किराए पर देकर उन्हें पनाह देता था। वह प्रति व्यक्ति 20 हजार रुपए लेकर उन्हें फर्जी आधार कार्ड और रेंट एग्रीमेंट बनवाकर पहचान दिलाता था। पानी के लिए रोजाना 20 रुपए और पार्किंग के लिए 125 रुपए वसूलता था।

### काले धधों से कमाई अकूत संपत्ति

▪ पूछताछ में लल्ला ने बताया कि अहमदाबाद में चंडोला के अलावा चौकीदार बाबा की दरगाह, शाहआलम, अहमदाबाद शहर, नूर अहमद सोसायटी और दाणीलिमडा में भी उसके मकान हैं। उसने अपने काले धंधों से कमाई गई संपत्ति को छिपाने के लिए सात बैंक खाते खुलवा रखे थे। उसकी दो बेटियां मेडिकल की शिक्षा ले रही हैं।

## अजमेर में छह बांग्लादेशी गिरफ्तार



**जयपुर।** राजस्थान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सख्त निर्देश के बाद पुलिस का जोरदार ऐक्शन हुआ है। पुलिस की ओर से अजमेर में चलाए गए सत्यापन अभियान में छह बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि यह भी बांग्लादेशी नागरिक अवैध तरीके से राजस्थान के अजमेर में रह रहे थे। विदित हो कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद दूसरे देशों से इंडिया में अवैध तरीके से रहने वाले नागरिकों के खिलाफ सत्यापन अभियान चलाया है। रिपोर्ट के अनुसार, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सख्त निर्देश पर पुलिस प्रदेशभर में सत्यापन अभियान चला रही है। अजमेर में 2,000 से अधिक संदिग्धों को शनिवार को हिरासत में लेकर उनके दस्तावेजों की जांच की गई।